आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹103903/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹126900/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹138523/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
anand Jewels
Pandri, Raipur

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 17 अप्रैल 2026

आधी आबादी के 'हक' पर संसद में जंग

ये तीन विधेयक पेश

- संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026
- परिसीमन विधेयक, 2026
- संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026

CBC 22201/13/0013/2627
भारत सरकार
अब नेतृत्व की बारी है,
नारी शक्ति वंदन
की ज़िम्मेदारी है
#NariShaktiVandan
देश की बेटियों को
लोकसभा और
राज्य विधानसभाओं में
33% आरक्षण की गारंटी
32+ करोड़ महिलाएं
जन धन खातों से सशक्त
10+ करोड़ महिलाएं
90+ लाख स्वयं सहायता समूहों से
जुड़कर हो रहीं आत्मनिर्भर

संसद में बहस के बीच देश में लागू हुआ महिला आरक्षण कानून

मोदी की गारंटी- किसी राज्य के साथ नहीं होगा भेदभाव, प्रियंका बोलीं- बहकावे में न आएं

केंद्र सरकार ने साल 2029 तक महिला आरक्षण को लागू करने और लोकसभा में सीटों की संख्या 543 से बढ़ाकर 850 करने के लिए तीन विधेयकों को गुरुवार को लोकसभा में पेश किया। संसद में विपक्ष के विरोध के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि महिला को मिलने वाले अधिकार का जिस-जिस ने विरोध किया, महिलाओं ने उन्हें माफ नहीं किया। बिलों पर शुक्रवार शाम 4 बजे वोटिंग की जाएगी। इस बीच, सरकार ने गुरुवार को ही नोटिफिकेशन जारी कर महिला आरक्षण कानून-2023 को लागू कर दिया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने 'संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026' और 'परिसीमन विधेयक, 2026' पेश किए, वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026' पेश किया। 'संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026' पेश करने के प्रस्ताव के पक्ष में 251 वोट और विरोध में 185 वोट पड़े। इससे पहले कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, द्रमुक और अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने विधेयकों को 'असंवैधानिक' करार ▶▶|शेष पेज 7 पर

- महिला आरक्षण समेत तीन बिल लोकसभा में पेश, आज शाम 4 बजे वोटिंग

महिला आरक्षण समेत तीन बिल लोकसभा में पेश, आज शाम 4 बजे वोटिंग

सरकार ने जारी की अधिसूचना

इधर, लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था करने वाला महिला आरक्षण अधिनियम 2023 गुरुवार से लागू हो गया। केंद्रीय विधि मंत्रालय द्वारा जारी एक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। हालांकि, यह तुरंत पता नहीं चल पाया है कि संसद में इस कानून में संशोधन करने ▶▶|शेष पेज 7 पर

प्रियंका ने कहा- महिलाओं का राजनीतिक इस्तेमाल कर रहे पीएम

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर महिला आरक्षण संबंधी संविधान संशोधन को सत्ता बनाए रखने के लिए बहाने के तौर पर उपयोग करने और महिलाओं का राजनीतिक इस्तेमाल करने का आरोप लगाया।

राहुल ने पूछा, 850 सीटों का गणित

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित परिसीमन और लोकसभा सीटों को 850 तक बढ़ाने की योजना पर तीखा हमला बोला है। राहुल ने इस पूरी प्रक्रिया को सत्ता हथियाने की कोशिश और हिस्सा चोरी करार दिया। उनका आरोप है कि यह कदम महिला सशक्तिकरण के नाम पर असल में ओबीसी, दलित और आदिवासी समुदायों के राजनीतिक अधिकारों को छीनने की एक बड़ी साजिश है। पीएम चुनावी क्षेत्रों के पुनर्निर्धारण और गेरीमैंडरिंग के जरिए राजनीतिक लाभ उठाना चाहते हैं।

शाह ने समझाया कैसे आया 850 का आंकड़ा

अमित शाह ने कहा, सरकार जातीय जनगणना नहीं कराना चाहती। यह भी झूठ है। जनगणना दो हिस्सों में होती है पहले मकानों को इंगित किया जाता है। फिर रहवासियों से पूछा जाता है। अभी मकानों की कोई जातीय व्यवस्था नहीं है, इसलिए नहीं होती। 850 का आंकड़ा कहां से आया, मैं समझाता हूं। मानों 100 सीटें हैं जिसमें 33% आरक्षण देना है तो उसमें 50 सीटें बढ़ाते है तो सीटें 150 होती हैं। 850 राउंड ऑफ फिगर है। बिल जो सदन के सामने और कर्नाटक 28 सीटें हैं, यानि 5.15 प्रतिशत हो जाएगी।

आज फिर वहीं मुद्दा देशभर में गरमाया है

छत्तीसगढ़ में 28 साल पहले थिंक टैंक ने उठाई थी महिला आरक्षण की आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि तत्काल

इस समय देश की सियासत में महिला आरक्षण का मुद्दा जबरदस्त गरमाया है, लेकिन ये बात भी कम चौंकाने वाली नहीं है कि अब से 28 साल पहले यानि राज्य गठन के दो साल पहले राज्य के प्रबुद्ध जनों के थिंक टैंक ने लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में महिला आरक्षण की मांग रखी थी। इन लोगों ने तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, समेत सोनिया गांधी, उमा भारती और राबड़ी देवी के समक्ष भी यही मुद्दा उठाया था। इस थिंक टैंक से जुड़े सुंदरलाल शर्मा विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति अवधराम चंद्राकर का कहना है कि 28 साल पहले उठाई गई मांग आज भी प्रासंगिक है। एसटी,एससी के साथ ओबीसी महिलाओं को भी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण मिलना ही चाहिए। ▶▶|शेष पेज 7 पर

तब की आशंकाएं आज भी प्रासंगिक

ज्ञापन में यह भी उल्लेख था कि यदि आरक्षण में संतुलन नहीं रखा गया, तो सत्ता का केंद्रीकरण एक विशेष वर्ग में हो सकता है और इससे भ्रष्टाचार व असमानता बढ़ने की आशंका रहेगी। आज, जब महिला आरक्षण को लेकर नई बहस चल रही है, वही सवाल फिर उठ रहे हैं—क्या आरक्षण में सभी वर्गों की महिलाओं को समान अवसर मिलेगा?नया कानून, पुरानी बहसहाल के वर्षों में महिला आरक्षण को लेकर संसद में कानून ▶▶|शेष पेज 7 पर

पत्नी का भरण-पोषण करना पति का कर्तव्य

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट को कहा कि पति का अपनी पत्नी का भरण-पोषण करने का दायित्व एक प्राथमिक और निरंतर कर्तव्य है। इसे इस तरह से निभाया जाना चाहिए जिससे पत्नी गरिमापूर्ण जीवन जी सके। कोर्ट ने ये टिप्पणियां एक महिला के गुजारा भत्ता की राशि को 15,000 रुपए प्रतिमाह से बढ़ाकर 25,000 रुपए प्रतिमाह करते हुए कीं। मामले के अनुसार, महिला का विवाह सात मई, 2023 को नयी दिल्ली में हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार हुआ था। महिला के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच संबंध सौहार्द्रपूर्ण नहीं रहे।

बॉयलर विस्फोट में वेदांता के 19 पर केस, जांच में खुल रही लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर चाम्पा

सक्ती जिले के सिंघीतराई स्थित वेदांता पावर प्लांट के बॉयलर हादसे के मामले में पुलिस ने वेदांता प्रबंधन से जुड़े 19 लोगों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है। इस हादसे में 20 लोगों की मौत हो चुकी है,वहीं 16 लोग घायल हैं, जिनमें से आधे से अधिक की स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है।

गौरतलब है कि मंगलवार 14 अप्रैल को डभरा ब्लॉक के सिंघीतराई स्थित वेदांता थर्मल पावर प्लांट में बॉयलर फटने की घटना हुई थी। इस भीषण हादसे में तीन दर्जन से ▶▶|शेष पेज 7 पर

उद्योग मंत्री पहुंचे वेदांता

बायलर ब्लास्ट के बाद उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने 16 अप्रैल को सक्ती जिले के डभरा ब्लॉक के ग्राम सिंघीतराई स्थित वेदांता पावर प्लांट पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। प्रशासन और प्लांट प्रबंधन के अधिकारियों के साथ उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने मृत श्रमिकों के प्रति श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। मंत्री देवांगन ने सिंघीतराई में ही कलेक्टर अमृत विकास तोपनो, पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर ▶▶|शेष पेज 7 पर

कांग्रेस की जांच टीम ने प्लांट पहुंच कर लिया जायजा

हादसे में 20 मजदूरों की मौत के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जांच टीम बनाई गई है। कांग्रेस का जांच दल 16 अप्रैल को प्लांट पहुंचा। जांच दल के संयोजक पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के साथ ही नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत, प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज और कई विधायक प्लांट पहुंचे। घटनास्थल का निरीक्षण कर टीम ने स्थिति ▶▶|शेष पेज 7 पर

SIKSHA 'O' ANUSANDHAN
SAAT-2026
Empowering students for a brighter future
B.TECH PROGRAMMES IN EMERGING COMPUTING
Computer Science and Engineering (AI and ML)
Computer Science and Engineering (Cyber Security)
Computer Science and Engineering (Data Science)
Computer Science and Engineering (Internet of Things)
APPROVAL & RECOGNITIONS
Approved by UGC and AICTE
Re-accredited by NAAC with A++ Grade
Granted with Category-1 Graded Autonomy by UGC
NBA Accredited Programmes
NIRF INDIA RANKINGS 2025
15th Best in University Category
22nd Best in Engineering Category
INTERNATIONAL RANKINGS 2026
Ranked in QS World Rankings 2026
Ranked in Times World Rankings 2026
To apply for admission through SAAT, Please visit: www.soa.ac.in

यात्रियों को कार ने टक्कर मारी, तीन की मौत

हापुड़। उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले में एक बस स्टैंड पर इंतजार कर रहे लोग एक तेज रफ्तार कार की चपेट में आ गए, जिससे उनमें से तीन की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। यह घटना हाफिजपुर थाना क्षेत्र के मुर्शदपुर गांव के पास हुई, जहां कुछ लोग सड़क किनारे एक भोजनालय के पास बस के इंतजार में खड़े थे। ब्रजनाथपुर गांव निवासी मुसाब अली की पत्नी सितारा (52) और सुभाष की पत्नी सरोज शर्मा (60) की मौके पर ही मौत हो गई।

14 लाख का नकली घी जब्त, दो गिरफ्तार

सूरत। गुजरात के सूरत में एक फैक्टरी पर छापेमारी के दौरान 14 लाख रुपए मूल्य का लगभग 2029 किलोग्राम नकली घी जब्त किया गया। 'सूरत स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप' द्वारा की गई छापेमारी में भरत पोलारा (48) और अमीन वधवानिया (45) को गिरफ्तार किया गया। 14,19,960 रुपए का मिलावटी घी, मशीनरी, कच्चा माल, मोबाइल फोन और 21,61,570 रुपए की नकदी जब्त की गई है। आरोपियों ने किराना दुकानों, राजमार्ग के किनारे स्थित होटलों/ढाबों और आसपास के जिलों में नकली घी को कम कीमतों पर बेचा था।

10 ANNIVERSARY
सोने का सच्चा भाव
कल भी, आज भी और कल भी
मार्केट रेट = ₹142600/-
22 kt. कैरेट
Corporate Rate as per their website Date 16/04/2026 - Time 08:21 PM
आनंद का सच्चा भाव = ₹126900/-
22 kt. कैरेट
आपका फायदा ही फायदा = ₹15700/-
22 kt. कैरेट
22 kt. कैरेट (91.60%) BIS HUID Hallmark Jewellery
anand Jewels
Pandri, Raipur

इस बार की लड़ाई हो गई है दिलचस्प, भाजपा से मिल रही टीएमसी को कड़ी टक्कर

कोलकाता-11 जिसका, बंगाल की सत्ता की चाबी उसी के हाथ

बंगाल की राजधानी कोलकाता की 11 विधानसभा सीटों का रुख ही पूरे राज्य की सत्ता का भविष्य तय करने जा रहा है। इतिहास की विरासत और वर्तमान की सीधी टक्कर में सिटी ऑफ जॉय इस समय बंगाल का सबसे बड़ा रणक्षेत्र बन गया है। फुटबॉल और क्रिकेट के दीवाने इस शहर में 11 की संख्या का अपना एक रोमांच है। जैसे मैदान पर 11 खिलाड़ी हार-जीत का फैसला करते हैं, ठीक वैसे ही कोलकाता की 11 सीटें तय करेंगी कि नबन्ना यानी सचिवालय पर किसका परचम लहराएगा। फिलहाल सभी सीटों पर तृणमूल का कब्जा है।

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

शहर में घुसते ही हवा का रुख कुछ बदला-बदला नजर आ रहा है। कमल भी जोर दिखा रहा है। मुकाबला सीधा है।..तृणमूल की दो पत्तियां बनाम भाजपा का कमल। लोगों का मानना है कि मौजूदा में माहौल में कुछ सीटों पर कमल का खिलना तय है। कांग्रेस और वामपंथ के लिए यहां कोई गुंजाइश नजर नहीं आती। बंगाल में अगर परिवर्तन की सुनामी आती है, तो उसका केंद्र कोलकाता ही होगा। अगर ममता हवा का रुख थामने में कामयाब रहीं, तो भाजपा के लिए सत्ता तक पहुंचना कठिन हो जाएगा। कोलकाता की गलियों में इस बार चुनावी सरगर्मी का मिजाज बदला हुआ है। दमदम हवाई अड्डे से शहर में दाखिल होते ही राजनीति की चर्चाएं तीखी हो जाती हैं। टैक्सी चालक सूरज मंडल के शब्दों में कहें तो लड़ाई इस बार बराबर की है। भाजपा ने घेराबंदी मजबूत की है, तो दीदी ने भी अपनी पूरी ताकत झोंक दी है।

पिछले रुझान बताते हैं कि कोलकाता उत्तर में दरक रहा है तृणमूल का किला

आरजी कर की घटना को लेकर आक्रोश

कोलकाता में आरजी कर मेडिकल कॉलेज जैसी घटनाओं ने जनता के सब्र का बांध तोड़ दिया है। सड़कों पर उतरा जनसैलाब और विशेषकर महिलाओं की स्वतःस्फूर्त भागीदारी यह बताती है कि यह केवल राजनीतिक विरोध नहीं, बल्कि एक सामाजिक उबाल है। भ्रष्टाचार और विकास की सुस्त रफ्तार जैसे मुद्दे अब घर-घर की चर्चा बन चुके हैं। आमतौर पर चुनावी चर्चाओं से दूर रहने वाले कोलकाता में ऐसी टिप्पणियां चौंकाती हैं और परिवर्तन की आहट का संकेत देती हैं। न्यू टाउन के भद्रलोक इलाकों में जाने पर भी यही असंतोष सुनाई देता है। सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त दिगंत बनर्जी भ्रष्टाचार और आरजी कर अस्पताल जैसी हालिया दुखद घटनाओं का उल्लेख करते हुए मानते हैं कि इस बार सत्ता विरोधी लहर का झटका कोलकाता में भी महसूस होगा।

छलांग लंबी, मगर फासला बरकरार

भाजपा के पिछले प्रदर्शन ने राजनीति के पंडितों को हैरान किया है, लेकिन मंजिल तक पहुंचने के लिए उसे अभी पहाड़ चढ़ना बाकी है। 2016 में मात्र 3 सीटों वाली भाजपा 2021 में 77 तक पहुंची। 148 के जादुई आंकड़े के लिए उसे अपनी मौजूदा ताकत को लगभग दोगुना करना होगा। तृणमूल और भाजपा के बीच लगभग 10 प्रतिशत मतों का वह अंतर है, जो पिछले चुनाव में हार-जीत की सबसे बड़ी दीवार बना था।

टीएमसी की पकड़ हो रही है कमजोर

पिछले लोकसभा चुनाव के रुझान बताते हैं कि कोलकाता उत्तर में तृणमूल का किला दरक रहा है। उत्तर कोलकाता : जोरासांको (7,401 अंतर), श्यामपुकुर (8,401 अंतर) और काशीपुर-बेलगछिया (7,268 अंतर) जैसी सीटों पर मार्जिन इतना कम है कि भाजपा यहां कभी भी पासा पलट सकती है। दक्षिण कोलकाता : यहां तृणमूल की पकड़ अब भी फौलादी नजर आती है। बालीगंज, कसबा और पोर्ट जैसी सीटों पर 40 हजार से 60 हजार तक की बढ़त भाजपा के लिए एक कठिन चुनौती है।

सत्ता का फाइनल राउंड

बंगाल की सत्ता का संघर्ष अब पूरे राज्य से सिमटकर कोलकाता की इन 11 सीटों पर केंद्रित हो गया है। भवानीपुर जैसे हाई-प्रोफाइल गढ़ में भाजपा की घेराबंदी और उत्तर कोलकाता की सीटों पर तृणमूल की रक्षात्मक मुद्रा ने मुकाबले को बेहद रोमांचक बना दिया है। संदेश साफ है कि जिसके पास कोलकाता-11 उसी के हाथ में बंगाल की सत्ता की चाबी होगी।

तमिलनाडु चुनाव : टीवीके का घोषणा पत्र जारी

महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये हर परिवार को 6 मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर

एजेंसी ▸▸ चेन्नई

फिल्म स्टार व टीवीके प्रमुख विजय ने तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार को अपना घोषणा पत्र जारी किया। इसमें उन्होंने महिलाओं, किसानों और सरकारी कर्मचारियों के लिए कई बड़े वादे किए। टीवीके प्रमुख विजय ने घोषणा की है कि 60 साल से कम उम्र की महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके साथ ही हर परिवार को साल में 6 मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर देने का भी वादा किया गया है। गरीब परिवारों की महिलाओं की शादी के लिए पार्टी ने 8 ग्राम सोना और अच्छी क्वालिटी की सिल्क साड़ी देने की भी बात कही है। इस योजना का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को सहारा देना बताया गया है। 23 अप्रैल को होने वाले चुनाव को ध्यान में रखते हुए पार्टी ने बेहतर शिक्षा व्यवस्था देने का भी वादा किया है। साथ ही 'पट्टा नियमितीकरण' और हर घर तक 100 प्रतिशत पाइप से पीने का पानी पहुंचाने की बात कही गई है।

किसानों के लिए भी वादे

घोषणा पत्र में सरकारी कर्मचारियों के लिए भी बड़े वादे किए गए हैं। विजय ने कहा है कि पुरानी पेंशन योजना को लागू करने पर विचार किया जाएगा। इसके अलावा ठेके पर काम कर रहे कर्मचारियों, जिनमें नर्सें भी शामिल हैं, उन्हें नियमित करने का भरोसा दिया गया है। किसानों के लिए भी राहत का ऐलान किया गया है। पार्टी ने कहा है कि 5 एकड़ से कम जमीन वाले किसानों के कृषि सहकारी फसल ऋण को पूरी तरह माफ किया जाएगा। इन सभी वादों के जरिए टीवीके प्रमुख विजय ने चुनाव में आम जनता को साधने की कोशिश की है।

टीवीके की दुविधा और संकट

एक्टर विजय और उनकी पार्टी टीवीके तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में पहली बार ताकत आजमा रही है और उनका चुनाव चिन्ह व्हिसल या सीटी ही है। विजय की चुनावी रैलियों में भी युवा और महिलाओं की भीड़ उमड़ रही है। फैन फॉलोइंग के दम पर एक्टर विजय कमाल कर सकते हैं, मगर उनकी पार्टी गजब की संकट से जूझ रही है। बूथों पर कार्यकर्ताओं की कमी और चुनावी अनुभव नहीं होना टीवीके को परेशान कर सकता है। हालात कुछ इस तरह हैं कि टीवीके उम्मीदवार प्रचार के दौरान उन घरों का दरवाजा खटखटा रहे हैं, जो वोटर नहीं है। वे दूसरे राज्यों से आकर तमिलनाडु में काम कर रहे हैं। दूसरी ओर, टीवीके का मुकाबला घाघ पार्टियों डीएमके और एआईडीएमके से है, जो चुनाव लड़ने का तौर-तरीका दशकों से आजमा रही है। उनके पास राज्य के हर कोने में कार्यकर्ताओं की फौज है जो हर बूथ पर वोटरों के रग-रग से वाकिफ हैं।

काली शर्ट पहनकर चुनाव प्रचार में उतरे उदयनिधि

तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने मदुरै पूर्व विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार किया। वे यहां डीएमके उम्मीदवार और मंत्री पी मूर्ति के समर्थन में वोट मांगने पहुंचे थे। इस दौरान उदयनिधि स्टालिन काले रंग की शर्ट पहनकर आए थे। उन्होंने बताया कि वे केंद्र सरकार के परिसीमन विधेयक का विरोध कर रहे हैं। उदयनिधि ने केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार इस बिल के जरिए तमिलनाडु का प्रतिनिधित्व कम करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव के समय इस बिल को लाकर सरकार लोगों का ध्यान भटकाना चाहती है।

बंगाल सीएम व टीएमसी प्रमुख ने केंद्र पर साधा निशाना

महिला आरक्षण में दूसरे विधेयक जोड़ना एक साजिश : ममता

एजेंसी ▸▸ माथाभंगा (प.बंगाल)

बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि महिला आरक्षण कानून में संशोधन और परिसीमन आयोग के गठन से संबंधित विधेयकों को कथित तौर पर आपस में जोड़ना मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम हटाने और राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) लागू करने की 'साजिश' है। बनर्जी ने कूच बिहार जिले के माथाभंगा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि महिला आरक्षण और परिसीमन विधेयकों को जोड़कर भारत को बांटने की कोशिश की जा रही है। बनर्जी ने कहा, 'महिला आरक्षण और परिसीमन विधेयकों को आपस में जोड़कर भारत को बांटने की कोशिश की जा रही है। इन विधेयकों को आपस में जोड़ना मतदाताओं के नाम हटाने और एनआरसी को लागू करने की साजिश है।'

कार्यान्वयन में देरी क्यों हुई

सरकार ने बृहस्पतिवार को लोकसभा में विपक्ष के विरोध के बीच महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधन और परिसीमन से संबंधित तीन विधेयकों को पेश किया। बनर्जी ने कहा, 'महिलाओं के लिए आरक्षण विधेयक तो बहुत पहले ही पारित हो चुका था, फिर इसके कार्यान्वयन में देरी क्यों हुई?'

मतदाताओं को पैसे से किया जा रहा प्रभावित : अलीपुरद्वार में एक अन्य रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने आरोप लगाया, 'उत्तर प्रदेश, राजस्थान और असम के लोग भारी धनराशि लेकर होटलों और अतिथि गृहों में ठहरे हुए हैं ताकि बंगाल में मतदाताओं को प्रभावित कर सकें।' पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए मतदान दो चरणों 23 और 29 अप्रैल को होगा जबकि मतगणना चार मई को होगी।

बंगाल में दो 23 व 29 अप्रैल को दो चरण में होना है मतदान

घुसपैठियों का स्वागत करती हैं ममता : हिमंता

एजेंसी ▸▸ कालचिनी/कूचबिहार (प.बंगाल)

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि जहां उनके राज्य और त्रिपुरा में भाजपा सरकारें बांग्लादेश से घुसपैठ की अनुमति नहीं देती हैं, वहीं तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी बंगाल में उनका 'स्वागत' करती हैं। असम की सीमा से लगे अलीपुरद्वार जिले में भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए, शर्मा ने यह भी दावा किया कि तृणमूल सरकार पश्चिम बंगाल में भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने की अनुमति नहीं देती है। उन्होंने आरोप लगाया, 'असम और त्रिपुरा में भाजपा सरकारें बांग्लादेश से घुसपैठ की अनुमति नहीं देती हैं, लेकिन (मुख्यमंत्री) ममता बनर्जी बंगाल में उनका स्वागत करती हैं।'

गुंडे-माफिया लगाएंगे सड़क पर झाड़ू : योगी

बराबारी। पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव को लेकर बीजेपी का आक्रामक चुनाव प्रचार अपने चरम पर है। बीजेपी की तरफ से यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी बीजेपी प्रत्याशियों के लिए रैली और रोड शो कर रहे हैं। गुरुवार को सीएम योगी ने बराबारी विधानसभा सीट पर बीजेपी प्रत्याशी अरिजीत रॉय के समर्थन में प्रचार किया और वादा किया राज्य में बीजेपी की सरकार बनने के बाद राज्य में गुंडे माफिया सड़क पर झाड़ू लगाते हुए नजर आएंगे।

महिला आरक्षण को निष्कर्ष तक पहुंचाएंगे, परिसीमन को जरूरी बताया, पहले भी एक साथ कई विधेयकों पर चर्चा हुई

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

संसद में आरक्षण और परिसीमन से जुड़े विधेयकों को लेकर जोरदार राजनीतिक बहस देखने को मिल रही है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर सरकार इन दोनों अहम मुद्दों को एक साथ क्यों आगे बढ़ा रही है? सरकार का कहना है कि महिला आरक्षण को लागू करने के लिए परिसीमन जरूरी प्रक्रिया है। इसी वजह से दोनों विधेयकों को एक साथ पेश किया गया है, ताकि 33 प्रतिशत महिला आरक्षण को सही तरीके से लागू किया जा सके और लोकसभा व विधानसभा में सीटों का पुनर्गठन किया जा सके।

भाजपा ने विपक्ष पर किया पलटवार

दक्षिण भारत को भ्रमित नहीं किया जा रहा, कोई छिपा एजेंडा नहीं : तेजस्वी

भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने परिसीमन को लेकर कहा कि दक्षिण भारत के लोगों में बहुत बड़ा भ्रम फैलाया जा रहा है। सूर्या ने कहा कि परिसीमन कोई बैकडोर प्रोसेस नहीं है, ये संविधान के निर्धारित नियमों के आधार पर ही हो रहा है।

बिरला का दिखा अलग अंदाज

थरूर जी ने ज्ञान दे दिया, राहुल और डीएमके को भी सुनाया



सरकार ने लोकसभा में 3 अहम विधेयक पेश करने की प्रक्रिया शुरू की। विपक्ष ने कड़ा विरोध जताया। इसी बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एक अलग अंदाज में नजर आए। उन्होंने कांग्रेस नेता शशि थरूर राहुल गांधी और डीएमके सांसदों पर टिप्पणी की। उन्होंने संसद में महिला आरक्षण विधेयक पर चर्चा के दौरान कहा 'शशि थरूर जी ने ज्ञान दे दिया वेणुगोपाल जी को। या तो वेणुगोपाल जी ज्ञान प्राप्त नहीं कर पाए तो शशि थरूर जी को बोलने दिया।

विपक्ष ने किया विधेयक का विरोध

वेणुगोपाल को एक साथ लाने पर आपत्ति

सरकार की ओर से इस विधेयक को सामने रखने के साथ ही कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने इन तीनों विधेयकों के पेश किए जाने का विरोध किया है। उन्होंने 131वां संशोधन विधेयक , केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक 2026 और परिसीमन विधेयक 2026 को सदन में लाने के खिलाफ आपत्ति जताई।

अखिलेश ने इस पर जल्दीबाजी और धोखेबाजी का लगाया आरोप

सपा नेता अखिलेश यादव ने कहा कि महिला विधेयक के पक्ष में हैं हम। आपको जल्दीबाजी क्यों है? आप जनगणना क्यों नहीं कराना चाहते? सेंसस ये इसलिए नहीं करना चाहते हैं कि जैसे ही जनगणना होगी, हम सब लोग जाति गणना मांगेंगे, जाति की गिनती के बाद हम आरक्षण मांगेंगे। इसलिए धोखा देकर लाना चाहते हैं।

डीएमके के बालू ने तीनों बिलों का किया विरोध सैंडविच बिल बताया

डीएमके सांसद टीआर बालू ने तीनों बिलों का विरोध करते हुए कहा कि ये तीनों बिल सैंडविच बिल हैं, हम विरोध करते हैं क्योंकि ये आपस में जुड़े हुए हैं। हमारी पार्टी इसका विरोध करती है। हमने काले झंडे दिखाए। इस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उन्हें बीच में रोकते हुए कहा, 'आप चाहे पीले झंडे दिखाओ या काले दिखाओ। इससे सदन को कोई फर्क नहीं पड़ता।

आंध्र प्रदेश : सड़क दुर्घटना में 8 श्रद्धालुओं की मौत

एजेंसी ▸▸ चिलकलदोना (आंध्र प्रदेश)

आंध्र प्रदेश में कुरनूल जिले के मंत्रालयम में बृहस्पतिवार को एक वाहन की टैंकर से टक्कर हो जाने पर पांच महिलाओं समेत कम से कम आठ श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस हादसे को बेहद पीड़ादायक बताया। मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'मैं उन लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। प्रत्येक मृतक के परिजनों को पीएमएनआरएफ से दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।' अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना उस समय हुई जब श्रद्धालु श्री राघवेंद्र स्वामी मठ में दर्शन करने के लिए वाहन से मंत्रालयम जा रहे थे।

नहीं मिली सुप्रीम कोर्ट से राहत

अनिल को एक और झटका 'बैंक फ्रॉड' में याचिका खारिज

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

उद्योगपति अनिल अंबानी को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली है। कोर्ट ने अंबानी की बंबई उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं को गुरुवार को खारिज कर दिया। बंबई उच्च न्यायालय ने तीन बैंकों द्वारा उनके और रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड के खातों को 'फर्जी' घोषित करने के लिए शुरू की गई कार्यवाही को जारी रखने की अनुमति दी थी। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची तथा न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने साथ ही अंबानी को बैंकों के कारण बताओ नोटिस के खिलाफ उच्च न्यायालय की एकल पीठ के समक्ष अपनी याचिका जारी रखने की अनुमति दी। पीठ ने एकल पीठ से अनुरोध किया कि वह इन बैंक द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस के खिलाफ अंबानी की याचिका पर शीघ्र निर्णय करे।

तीन याचिकाओं की सुनवाई

कोर्ट ने यह आदेश अंबानी द्वारा दायर तीन अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान दिया, जिनमें उन्होंने उच्च न्यायालय की खंडपीठ के 23 फरवरी के आदेश को चुनौती दी थी। खंडपीठ ने एकल पीठ के उस अंतरिम आदेश को रद्द कर दिया था जिसमें उनके और रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड के खिलाफ खातों को 'फर्जी' घोषित करने की कार्यवाही पर रोक लगाई गई थी।

हाफिज सईद के राइट हैंड को बनाया गया निशाना

लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक हमजा को पाक में मारी गोली

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के संस्थापक सदस्यों में से एक आमिर हमजा को लाहौर में कुछ अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मार दी है। उसे फिलहाल एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

हमजा ने 1985 और 1986 के बीच आतंकी हाफिज सईद के साथ मिलकर लश्कर की स्थापना की थी। उसका नाम भारत और दुनिया भर में कई आतंकी गतिविधियों से जुड़ा रहा है। सईद के बाद उसे लश्कर का दूसरा सबसे महत्वपूर्ण नेता माना जाता है और अमेरिका ने भी एक आतंकी घोषित किया हुआ है। जानकारी के अनुसार, लाहौर में एक न्यूज चैनल के दफ्तर के बाहर कुछ अज्ञात हमलावरों ने उस पर गोलीबारी की।

कौन है हमजा?

1959 में जन्मा हमजा एक बड़ा आतंकी है। एलईटी के एक शीर्ष विचारक के तौर पर वह एक जोशीले वक्ता और लेखक के रूप में जाना जाता है। एक समय उसने इस आतंकी समूह के आधिकारिक प्रकाशन का संपादन भी किया था। उसने कई किताबें भी लिखीं, जिनमें 2022 में प्रकाशित 'काफिला दावत और शहादत' (प्रचार और शहादत का कारवां) भी शामिल है।

2018 में लश्कर से खुद को कर लिया था अलग

2018 में पाकिस्तानी सरकार द्वारा जमात-उद-दावा और फलाह-ए-इंसानियत फाउंडेशन जैसे चैरिटी संगठनों के जरिए एलईटी के फंडिंग चैनलों पर की गई सख्त कार्रवाई के बाद हमजा ने कथित तौर पर खुद को लश्कर से अलग कर लिया था। बाद में उसने 'जैश-ए-मनकफा' नाम से एक अलग गुट बनाया और एलईटी के लिए फंड जुटाना जारी रखा। इस पैसे का इस्तेमाल उसने जम्मू और कश्मीर सहित अन्य जगहों पर आतंकी गतिविधियों को फंड करने के लिए किया।

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

सुकमा जिले में डीआरजी में पदस्थ जांबाज राजेन्द्र कुमार नाग ने महज पांच साल में अपनी टीम के साथ कई मुठभेड़ में शामिल रहकर 61 नक्सलियों को मार गिराया। लेकिन करेंगुट्टा हिल्स में सबसे लंबे समय लगभग 22 दिन तक नक्सलियों के खिलाफ चले ऑपरेशन के दौरान वे आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आ गए और उन्हें अपना दाहिना पैर घुटने के नीचे से खोना पड़ा। घायल जवानों की कहानी उन्हीं की जुबानी के सातवें भाग में हम राजेन्द्र कुमार नाग की वीरता, त्याग और अटूट संकल्प की कहानी बताने जा रहे हैं, जो देश सेवा के लिए पुलिस में भर्ती हुए। अब जिंदगी भर देश सेवा करने का उनका सपना अधूरा रह गया, जिसका उन्हें दुख है लेकिन नक्सलवाद के खात्मे से वे काफी खुश हैं।

हौसला कभी नहीं खोया लेकिन नक्सलवाद खत्म होने की खुशी

विनोद ने बताया कि घायल होने के बाद पुलिस विभाग का पूरा सहयोग मिल रहा है। अभी भी वे हर माह उपचार के लिए विभाग के सहयोग से रायपुर जाते हैं। पैर गंवाने व दाएं कान में कम सुनाई देने के बाद भी उनका हौसला बरकरार है। हालांकि घायल होने के बाद देश के लिए अंतिम दम तक कुछ करने की तमन्ना अधूरी रह गई। लेकिन अब भी विभाग में रहते हुए वे बस्तर की शांति व देश के लिए कुछ करते रहना चाहते हैं।

61 नक्सलियों को मारने के बाद जवान ने गंवाया पैर और जीवन भर सेवा की हसरत अधूरी रह गई, पर अब खुश

राजेश दास ▶▶| जगदलपुर

हरिभूमि खास

राजेन्द्र कुमार नाग अपनी टीम के साथ 27 अप्रैल को तर्रेम, सिलगेर, आवापल्ली होते हुए पुजारी कांकेर होते हुए सुबह करेंगुट्टा हिल्स के नीचे पहुंचे। हिल्स के ऊपर चढ़ने के दौरान जगह-जगह नक्सलियों ने आईईडी प्लांट कर रखा था। दर्जनों आईईडी बरामद कर ▶▶|शेष पेज 7 पर

पहली बार करेंगुट्टा हिल्स में उतरा वायुसेना का हेलीकाप्टर

दोनों घायल जवानों को लेने के लिए पहली बार करेंगुट्टा हिल्स के ऊपर वायुसेना के हेलीकाप्टर को उतारा गया और दोनों घायल जवानों को गलगाम स्थित सीआरपीएफ कैम्प ले जाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को एक अन्य चौपर से रायपुर ले जाया गया। रायपुर के श्री नारायणा अस्पताल में राजेन्द्र कुमार को तथा संतोष को रामकृष्ण अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। राजेन्द्र 5 जून को अस्पताल से डिस्चार्ज हुए और वापस सुकमा लौटे। वर्तमान में वे पुलिस लाइन सुकमा में अपनी ड्यूटी कर रहे हैं।

जवानों ने अदम्य साहस कर्तव्यनिष्ठा व सर्वोच्च बलिदान

बस्तर रेंज में शांति सुरक्षा और विकास की स्थापना का संघर्ष दशकों से जारी रहा है। माओवादी हिंसा से प्रभावित इस क्षेत्र में कानून का शासन स्थापित करने के लिए सुरक्षाबलों ने विपरीत परिस्थितियों में भी निरंतर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया है। इन प्रयासों के दौरान अनेक जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी।

- सुंदरराज पट्टलिंगम
आईजी बस्तर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1163 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

दुर्ग आने वाली ट्रेन में 'ब्रेक बाइंडिंग'

चाईबासा। झारखंड में गुरुवार को दक्षिण पूर्वी रेलवे के चक्रधरपुर संभाग में आरा-दुर्ग दक्षिण बिहार एक्सप्रेस के कई डिब्बों से धुआं निकलने लगा। यह घटना 'ब्रेक बाइंडिंग' की समस्या के कारण हुई। ट्रेन में 'ब्रेक बाइंडिंग' की समस्या आई जिसके कारण चक्रधरपुर संभाग में दो स्थानों पर ट्रेन के डिब्बों से धुआं निकलने लगा। रेलवे कर्मचारियों ने इसे देखा और ट्रेन को तुरंत रोक दिया गया। ब्रेक संबंधी दिक्कत ठीक की गयी। यह घटना दो स्थानों पर हुई।

स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

चंडीगढ़। चंडीगढ़ और पंजाब के बरनाला में गुरुवार को कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी वाले ई-मेल मिले। गहन जांच के बाद कुछ भी संदिग्ध नहीं पाया गया। बम की धमकियों की जानकारी मिलने के बाद पुलिस, बम निरोधक दस्ते, श्वान दस्ते और एम्बुलेंस व दमकल विभाग सहित अन्य दलों को तुरंत स्कूलों में भेजा गया। बरनाला के छह स्कूलों को धमकी भरे ई-मेल मिले थे। धमकियों की सूचना मिलते ही विस्फोटक एवं सुरक्षा जांच दलों और संबंधित थाना पुलिस सहित सभी अधिकारियों को सक्रिय कर दिया गया।

बस पलटी, तीन यात्रियों की मौत, 20 घायल

कोटा। कोटा में स्लीपर बस के एक्सीडेंट में तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे में 20 से ज्यादा पैसेंजर्स घायल हैं। यात्रियों का दावा कि बस के फ्रंट मिरर पर किसी ने पत्थर मारा था, इसलिए ड्राइवर ने कंट्रोल खो दिया। अनियंत्रित होने के कारण बस डिवाइडर पार कर दूसरी लेन में घुसकर पलट गई। पलटने के कारण टूटे कांच वाले हिस्से से पैसेंजर्स बाहर सड़क पर गिर गए।

जांच में आय से ज्यादा खर्च होने का दावा, 38.8 लाख की संपत्ति 10 साल में हुई 3.32 करोड़

शराब घोटाले में अब आय से अधिक संपत्ति का केस, पूर्व विशेष सचिव और पत्नी पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य के चर्चित तीन हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के शराब घोटाले में सीबीआई ने पहली बार आबकारी विभाग के तत्कालीन विशेष सचिव तथा छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड (सीएसएमसीएस) के पूर्व प्रबंध संचालक अरुणपति त्रिपाठी तथा उनकी पत्नी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का अपराध दर्ज किया है। सीबीआई ने एफआईआर में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।

खास खबर

सीबीआई जांच में जो तथ्य सामने आए हैं, उसके अनुसार वर्ष 2013 में एपी त्रिपाठी की कुल संपत्ति 38.08 लाख रुपए थी, जो वर्ष 2023 में बढ़कर 3.32 करोड़ रुपए हो गई। सीबीआई जांच में सामने आया है कि एपी त्रिपाठी ने इन 10 वर्षों में अपनी पत्नी मंजुला त्रिपाठी के साथ मिलकर वैध आय से करीब 4.91 करोड़ रुपए से अधिक संपत्ति अर्जित की, जो उनकी ज्ञात आय से लगभग 54.53 प्रतिशत ज्यादा है।

सीबीआई जांच में खुलासा हुआ है कि जांच अवधि (1 फरवरी 2013 से 22 दिसंबर 2023) के दौरान दंपत्ति की कुल आय करीब नौ करोड़ रुपए रही, जबकि उनका खर्च 10.97 करोड़ रुपए से अधिक पाया गया। इस खर्च में विदेशी लेन-देन, म्यूचुअल फंड निवेश, कार्पोरेट निवेश और अन्य निजी व्यय शामिल हैं, जो घोषित आय से मेल नहीं खाते। पूछताछ में त्रिपाठी इन विसंगतियों का संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए।

दो साल बाद अपराध दर्ज

शराब घोटाले की जांच ईडी के बाद सीबीआई को 21 दिसंबर 2024 को ट्रांसफर की गयी। केस ट्रांसफर होने के दो साल बाद सीबीआई ने एपी त्रिपाठी तथा उनकी पत्नी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का अपराध दर्ज किया है। शराब घोटाला प्रकरण में सीबीआई के अफसर आबकारी विभाग के अफसरों से पूछताछ कर सकते हैं।



तीन दर्जन से अधिक अधिकारी जांच के दायरे में

इस कार्रवाई के बाद तीन दर्जन से अधिक अधिकारी जांच के दायरे में हैं। इससे पहले ईओडब्ल्यू-एसीबी की जांच में पूर्व मुख्य सचिव विवेक ढांड, पूर्व आईएएस अनिल टूटेजा, निरंजन दास समेत करीब 70 लोगों को आरोपी बनाया जा चुका है। इनमें से कई अधिकारियों पर छापेमारी, पूछताछ और गिरफ्तारी की कार्रवाई भी हो चुकी है।

सिंडिकेट के मास्टरमाइंड

इंडियन टेलिकॉम सर्विस से प्रतिनियुक्ति पर छत्तीसगढ़ आए अरुणपति त्रिपाठी पर आरोप है कि उन्होंने वर्ष 2019 से 2023 के बीच सरकारी शराब दुकानों के माध्यम से अवैध शराब बिक्री को बढ़ावा दिया और पूरे सिंडिकेट के संचालन में अहम भूमिका निभाई। शराब खरीदी करने से लेकर शराब आपूर्ति करने तथा बिक्री करने में एपी त्रिपाठी की प्रमुख भूमिका रही है।

कई शहरों में चल-अचल संपत्ति

जांच एजेंसियों के दावों के मुताबिक एपी त्रिपाठी का रायपुर के लाभांडी क्षेत्र में फ्लैट, नया रायपुर के प्रीमियम गोल्फ कोर्स इलाके में संपत्ति, दुर्ग जिले में जमीन, भिलाई में मकान, आभूषण और बैंक बैलेंस समेत कई चल अचल संपत्तियां हैं।

स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किया आदेश

भीषण गर्मी ने लगवाए स्कूलों में ताले, 20 से ग्रीष्मकालीन अवकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के विद्यालयों में निर्धारित समय से पूर्व ही ग्रीष्मकालीन अवकाश की घोषणा कर दी गई है। पिछले वर्ष जारी किए गए अवकाश के शेड्युल के मुताबिक, प्रदेश के विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश 1 मई से 15 जून तक घोषित किया गया था। बढ़ती गर्मी को देखते हुए 20 अप्रैल से ही स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां लग जाएंगी। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इस संदर्भ में आदेश जारी कर दिया गया है।

खास खबर

शासकीय विद्यालयों के साथ निजी स्कूलों और अनुदान प्राप्त शालाओं में भी यह लागू रहेगा। यदि निजी स्कूलों द्वारा इन तिथियों में भी संस्थान खुले रखे जाते हैं, तो उन पर कार्रवाई की जाएगी। भीषण गर्मी बढ़ने के पूर्व ही विद्यालयों के समय में परिवर्तन कर दिया गया था। स्कूलों को आदेश दिए गए थे कि वे 11.30 के पश्चात कक्षाएं संचालित ना करें। बीते कुछ दिनों में तेजी से बढ़ी गर्मी के कारण सुबह 10 बजे भी गर्म हवा के थपेड़ों का सामना लोगों ▶▶|शेष पेज 7 पर

शिक्षकों के लिए लागू नहीं

आदेश में स्कूल शिक्षा विभाग ने कहा है, वर्तमान में प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी व लू के कारण छात्रों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव की आशंका को दृष्टिगत रखते हुए, राज्य शासन एतद् द्वारा प्रदेश के समस्त शासकीय, अनुदान प्राप्त, गैर अनुदान प्राप्त, अशासकीय शालाओं के लिए घोषित ग्रीष्मकालीन अवकाश में आंशिक संशोधन करते हुए 20 अप्रैल से 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित करता है। यह आदेश शिक्षकों के लिए लागू नहीं होगा। सीबीएसई विद्यालयों में नवीन सत्र एक अप्रैल से लागू हो जाता है। अधिकतर बड़े निजी स्कूल सीबीएसई संबद्ध हैं। ऐसे में यहां अध्ययनरत छात्र भीषण गर्मी का सामना कर रहे हैं।

34 साल बाद आमने-सामने बातचीत

इजराइल और लेबनान 10 दिनों के संघर्ष विराम पर सहमत : ट्रंप

एजेंसी ▶▶| काहिरा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि इजराइल और लेबनान 10 दिनों के संघर्षविराम पर सहमत हो गए हैं। यह घोषणा वाशिंगटन में दशकों बाद दोनों देशों के बीच पहली सीधी राजनयिक वार्ता के दो दिन बाद हुई है। ट्रंप ने कहा कि यह संघर्षविराम आज शाम पांच बजे से शुरू होगा। यह संघर्षविराम लेबनान में इजराइल और ईरान समर्थित आतंकवादी समूह हिज्बुल्ला के बीच एक महीने से अधिक समय से जारी लड़ाई के बाद हुआ है। लेबनान ने इजराइल और हिज्बुल्ला के बीच लड़ाई रोकने के लिए बातचीत से पहले संघर्षविराम पर जोर दिया है।

ईरान ने डील नहीं मानी तो फिर होगी जंग

होमुर्ज जलमार्ग को लेकर अमेरिका और ईरान एक-दूसरे के सामने हैं। अमेरिका की सेना ने कहा कि उन्होंने ईरानी पोर्ट से निकल रहे 13 जहाजों को रोका और उन्हें वापस भेज दिया। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि ईरान के पास समझौता करने का मौका है, लेकिन अगर उसने इसे ठुकराया तो अमेरिका दोबारा सैन्य कार्रवाई शुरू करेगा।

मतदान अधिकारों पर ऐतिहासिक फैसला

मतदान से दो दिन पहले जिनकी अपील मंजूर, वे डाल सकेंगे वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव में वे लोग भी वोट डाल सकते हैं, मतदाता सूची से नाम हटाने के खिलाफ जिनकी अपील को अपीलीय न्यायाधिकरण द्वारा मतदान से 2 दिन पहले स्वीकार कर ली जाएगी। शीर्ष अदालत ने भारत के निर्वाचन आयोग को इसके लिए संशोधित पूरक मतदाता सूची जारी करने का आदेश दिया है। पीठ ने संशोधित पूरक मतदाता सूची में उन वोटरों को शामिल करने का निर्देश दिया है, सूची से नाम हटाने के खिलाफ तय कट-ऑफ तारीखों से पहले अपीलीय न्यायाधिकरणों द्वारा स्वीकार कर ली गई हैं।

संविधान के अनुच्छेद 142 का इस्तेमाल

सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी असाधारण शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए निर्वाचन आयोग को यह निर्देश देते हैं कि जहां भी अपीलीय ट्रिब्यूनल 21 अप्रैल या 27 अप्रैल तक अपीलों पर फैसला कर लेते हैं, वहां ऐसे अपीलीय आदेशों को एक पूरक संशोधित वोटर लिस्ट जारी करके लागू किया जाएगा और वोट देने के अधिकार से जुड़े सभी जरूरी नतीजे सामने आएंगे।



दो होनहारों ने 99 फीसदी से ज्यादा अंक हासिल कर टॉप का पाया तमगा

छत्तीसगढ़ में टॉप पर डीपीएस दुर्ग जुनवानी सभी बच्चे पास, इनमें 90 प्लस वाले 45

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हरिभूमि फॉलोअप

सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में डीपीएस दुर्ग जुनवानी का राज्य में दबदबा रहा है। यहां सभी बच्चे अच्छे नंबरों से पास हुए हैं। खास बात यह है कि 45 बच्चों ने 90 प्लस हासिल किए हैं। दो होनहारों ने 99 फीसदी से ज्यादा अंक हासिल कर टॉप का तमगा पाया है। जुनवानी स्थित डीपीएस दुर्ग के दो होनहार छात्र अथर्व और दिव्या वशिष्ठ ने 99 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर स्कूल का नाम राज्य में रोशन किया है। अथर्व ने 99.4 प्रतिशत और दिव्या वशिष्ठ ने 99.2 प्रतिशत ▶▶|शेष पेज 7 पर

डॉक्टर बनना चाहती हैं दिव्या

स्कूल की दूसरी टॉपर दिव्या वशिष्ठ ने अपनी सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत, स्कूल के टीचर, अपने माता पिता, अनुशासन और समय प्रबंधन को दिया। उन्होंने कहा कि उनका सपना है कि आगे चलकर वो बड़ी डॉक्टर बने।

बड़ा वकील या बिजनेसमैन बनने का सपना

विद्यालय के टॉपर अथर्व ने हरिभूमि को बताया कि वो अपनी सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन को देना चाहते हैं। उन्होंने हमेशा अपना लक्ष्य को स्पष्ट रखा और नियमित पढ़ाई पर फोकस किया। अथर्व 11वीं में कॉमर्स विषय लेकर पढ़ाई करना चाहते हैं और भविष्य में बड़ा वकील या बिजनेसमैन बनना चाहते हैं। अथर्व के माता-पिता ने भी बेटे की सफलता पर गर्व जताते हुए कहा कि यह पूरे परिवार के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने बताया कि अथर्व ने हमेशा पढ़ाई को प्राथमिकता दी और अधिकतर समय सेल्फ स्टडी के जरिए तैयारी की।

मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष ने 'ऑनलाइन स्व-गणना' फार्म भर अभियान का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

16वीं राष्ट्रीय जनगणना के सफल निष्पादन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मुख्यमंत्री निवास में जनगणना 2027 के 'ऑनलाइन स्व-गणना' चरण का संयुक्त रूप से शुभारंभ किया। केंद्रीय पोर्टल पर अपने परिवार का विवरण दर्ज कर, नेताओं ने केंद्र सरकार के कागज रहित, पारदर्शी और प्रौद्योगिकी संचालित जनगणना के दृष्टिकोण को रेखांकित किया। यह राज्य-स्तरीय शुभारंभ गृह मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए राष्ट्रीय रोलआउट के अनुरूप है।

जनगणना के महाभियान में नागरिकों से सक्रिय भागीदारी की अपील

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया जनगणना 2027 राष्ट्रीय महत्व का एक मिशन है, जो केवल जनसंख्या की गिनती से कहीं बढ़कर है। यह 'विकसित भारत' और 'विकसित छत्तीसगढ़' के निर्माण की आधारशिला है। केंद्र सरकार ने नागरिकों को आसानी और गोपनीयता के साथ राष्ट्रीय डेटाबेस में सीधे योगदान करने के लिए सशक्त बनाने हेतु डिजिटल स्व-गणना की शुरुआत की है। मैं छत्तीसगढ़ के प्रत्येक निवासी से 16 से 30 अप्रैल तक की अवधि में भाग लेने की अपील करता हूं। विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन ने भरा स्व-गणना फार्म भरा।

प्रगणक के साथ साझा करना अनिवार्य

स्व-गणना चरण के तहत परिवार मोबाइल नंबर का उपयोग करके लॉग इन कर 33-बिंदुओं वाली प्रश्नावली भर सकते हैं। पूरा होने पर, एक विशिष्ट 11-अंकीय स्व-गणना आईडी उत्पन्न होती है, जिसे जानकारी सत्यापित करने के लिए क्षेत्र दौरे के दौरान प्रगणक के साथ साझा करना अनिवार्य है। यह डिजिटल-प्रथम दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करता है कि प्रत्येक घर की आवश्यकताओं की सटीकता के साथ रिकॉर्ड किया जाए, जिससे राज्य और देश के लिए संसाधनों के उचित आवंटन और प्रभावी विधायी योजना में सहायता मिले।

नेशनल हाईवे 30 पर सड़क हादसा

तीन दोपहिया वाहनों की भिड़ंत, दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

नेशनल हाईवे-30 पर जुगानी कलार के पास गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया। एक ही दिशा में जा रही दो बाइकों और एक स्कूटी के बीच जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें पांच लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल दो युवकों की इलाज के दौरान कांकेर के पास मौत हो गई।

हादसे में बाइक सवार रौशन दीवान (21 वर्ष), निवासी मोहलई और वरुण कुमार रैतेल (20 वर्ष), निवासी भंडारसिवनी गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं दूसरी बाइक पर ग्राम कारागांव निवासी सोमेश्वर कोर्राम (50 वर्ष) और राजेश कोर्राम (15 वर्ष) सवार थे। स्कूटी में सरस्वती राज (40 वर्ष) निवासी शक्ति जिला सवार थीं। घायल महिला शिक्षिका है जो हाईस्कूल जुगानी कलार में पदस्थ है।

दो घायल रायपुर रेफर, पुलिस जांच में जुटी

घटना के तुरंत बाद ग्रामीणों और राहगीरों ने मानवता दिखाते हुए घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरसगांव पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद रौशन दीवान, वरुण रैतेल, सोमेश्वर कोर्राम और सरस्वती राज को बेहतर इलाज के लिए रायपुर रेफर किया गया। लेकिन रास्ते में कांकेर के पास रौशन दीवान और वरुण कुमार रैतेल ने दम तोड़ दिया। फरसगांव थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

इस तरह हुआ हादसा

जानकारी के अनुसार सभी वाहन कोण्डागांव की ओर जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार और असंतुलन के चलते तीनों वाहन आपस में टकरा गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सभी सवार सड़क पर गिर पड़े और बुरी तरह घायल हो गए। बताया जा रहा है कि पहले एक बाइक ने दूसरे बाइक की टक्कर हुई, जिसमे बाद एक बाइक सामने स्कूटी से आ रही टकरा गई।

गरियाबंद में सब इंस्पेक्टर सस्पेंड रिश्वत लेकर केस दबाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

सिटी कोतवाली में पदस्थ उप निरीक्षक अजय कुमार सिंह पर एक पुलिस प्रकरण दबाने के नाम पर 10 हजार रुपए रिश्वत लेने का गंभीर आरोप लगा है। इस मामले में सोशल मीडिया पर दो अलग-अलग ऑडियो वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मामला सामने आते ही पुलिस अधीक्षक नीरज चंद्राकर ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक को निलंबित कर दिया। वायरल पहले ऑडियो में प्रार्थी उप निरीक्षक से बातचीत में कहता सुनाई दे रहा है कि 'आपसे बात हुई थी, 10 हजार

■ **वायरल ऑडियो पर पुलिस अधीक्षक ने लिया एक्शन**

मांगे थे, दे दिया, लेकिन कोई काम नहीं हुआ, हमें अंदर जाना पड़ा।' इस पर जवाब में उप निरीक्षक कथित तौर पर कहते हैं कि, पैसा उन्हें नहीं मिला, बल्कि 'पूरा पैसा डीएसपी ने लिया है' और पूरा मामला उन्हीं ने हैंडल किया है। बातचीत में डायरी और कार्रवाई से जुड़ी अन्य बातें भी सामने आ रही हैं। दूसरे ऑडियो में प्रार्थी की पत्नी से बातचीत सामने आई है, जिसमें उप निरीक्षक किसी नंदू जी के बारे में पूछते हैं और फोटो लाने को कहते हैं। बातचीत के दौरान महिला 10 हजार रुपए वापस दिलाने की बात पूछती है, जिस पर उप निरीक्षक कथित तौर पर कहते हैं कि आ जाओ, डीएसपी से मिलवा दूंगा, पैसा वहीं है, वापस दिलवा देंगे।

महिला पर हमले से जुड़ा मामला

बताया जा रहा है कि, यह पूरा मामला एक महिला पर हुए हमले से जुड़ा है, जिसमें दो जनप्रतिनिधियों पर हमला करने का आरोप है। हमला करने वाले जनप्रतिनिधियों के बदले पीड़ित परिवार पर ही प्रकरण दर्ज कर दिया गया। इसके पहले पीड़ित परिवार से प्रकरण ना दर्ज करने की एवज में 10 हजार की रिश्वत भी ले ली गई। पीड़ित परिवार का आरोप है कि इसी प्रकरण को दबाने के लिए रिश्वत ली गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच की जिम्मेदारी उप पुलिस अधीक्षक को सौंपी गई है। उन्हें 7 दिनों के भीतर प्राथमिक जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

पाक्सो मामले में फरार प्रधानपाठक ने अधिवक्ता भवन से लगाई छलांग

कोरबा। छात्राओं के साथ छेड़छाड़ के एक पुराने मामले में फरार चल रहा निलंबित प्रधान पाठक न्यायालय पहुंचा था। जहां न जाने ऐसा क्या हुआ कि उसने अधिवक्ता भवन के ऊपर से छलांग लगा दी। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी का माहौल बन गया। तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई। घटना के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जख्मी प्रधान पाठक को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। जहां उसका उपचार चल रहा है। मामला कटघोरा थाना क्षेत्र का है। सूत्र बताते हैं कि ग्राम घरीपखना में प्रधान पाठक के पद पर पदस्थ संदीप अग्रवाल के खिलाफ स्कूली छात्राओं की रिपोर्ट पर पुलिस ने छेड़छाड़ एवं पाक्सो का मामला दर्ज किया था। मामला दर्ज होने के बाद से संदीप अग्रवाल फरार चल रहा था।

चल रही है जांच

पाक्सो के मामले में फरार चल रहे प्रधान पाठक अधिवक्ता भवन के उपर से गिर कर घायल हुआ है। उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। जहां उसकी हालत खतरे से बाहर है। हालांकि उसने अपना बयान दर्ज नहीं कराया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

-प्रतीक चतुर्वेदी, नगर पुलिस अधीक्षक

JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान है? या जले या चोट के निशान हैं?
वैदेही तुलसी कफ सीरप
नई एवं पुरानी खांसी, एलर्जी खांसी, श्वास, निमोनिया, कुकुरखांसी, टान्सिल, ब्रानकाटिस, सर्दी आदि में तेज असर कारक
2 वर्ष से बड़े बच्चों के लिए हानिरहित कफ सिरप
HMS देखकर खरीदें एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769

एसीबी ने दबोचा, ले गई रायपुर

एक लाख रुपए रिश्वत लेते सरपंच गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज. महासमुंद

ग्राम पंचायत बेमचा के सरपंच देवेन्द्र चंद्राकर को एन्टी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) रायपुर की टीम ने एक लाख रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई गुरुवार को शिकायत के आधार पर ट्रैप कर की गई।

प्रार्थी सूरज राम रात्रे ने एसीबी रायपुर में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी पत्नी के नाम पर ग्राम बेमचा के इंदिरा कॉलोनी क्षेत्र में आबादी भूमि/मकान है। पूर्व सरपंच द्वारा इस भूमि पर निर्माण कार्य के लिए एनओसी जारी की जा चुकी थी, लेकिन वर्तमान सरपंच देवेन्द्र चंद्राकर ने अनुमति निरस्त कर दी और पुनः अनुमति देने के एवज में चार लाख रुपए की रिश्वत की मांग की। शिकायत के आधार पर एसीबी ने जाल बिछाया। आरोपी सरपंच ने मोलभाव कर 3.80 लाख रुपए में सौदा तय किया और 50 हजार रुपए एडवांस के रूप में ले लिया। इसके बाद एसीबी टीम ने 16 अप्रैल को ट्रैप कार्रवाई की। इस दौरान सरपंच देवेन्द्र चंद्राकर को शिकायतकर्ता से एक लाख रुपए की अगली किस्त लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया गया। एसीबी ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधित 2018) की धारा 7 के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

■ **ग्राम पंचायत बेमचा का मामला, 50 हजार रुपए ले चुका था**

सरकार ने कहा- जेलों में कैदियों की मौतों में 18% तक की कमी

बिलासपुर। हाईकोर्ट में प्रदेश की जेलों की स्थिति और कैदियों की सुरक्षा को लेकर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच में डीजी जेल ने शपथ पत्र प्रस्तुत कर बताया कि जेल प्रशासन की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कोर्ट को दी गई जानकारी के अनुसार दुर्ग सेंट्रल जेल में हुई अनियमितताओं और लापरवाही के मामले में विभाग ने कड़ी कार्रवाई की है। कुल 20 दोषी वार्डनों में से 18 के खिलाफ विभागीय जांच पूरी कर उन्हें वार्षिक वेतन वृद्धि रोकने से लेकर अनिवार्य सेवानिवृत्ति बड़ी सजाएं दी जा चुकी हैं। वहीं, तत्कालीन जेल अधीक्षक मनीष संभाकर के खिलाफ भी विभागीय जांच की प्रक्रिया वर्तमान में जारी है।

2025 में 55 मौते ही हुईं

जेलों में हो रही कैदियों की मौत के मामलों में सरकारी आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2024 में जहां 67 कैदियों की मौत हुई थी, वहीं 2025 में यह संख्या घटकर 55 रह गई है। यानी लगभग 18% की कमी हुई। डीजी जेल ने बताया कि अधिकांश मौतें अस्पतालों में इलाज के दौरान हुई हैं। वर्ष 2026 में 31 मार्च तक कुल 14 मौतें दर्ज की गई हैं। सुविधाओं के विस्तार पर जानकारी देते हुए बताया गया कि जेलों में अब आधुनिक इंडस्ट्रियल वॉशर मशीनें लगाई गई हैं। कैदियों को जेल मैन्युअल के अनुसार पौष्टिक भोजन व साफ पानी दिया जा रहा है।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. पर्णिता बघेल (स्त्री रोग विशेषज्ञ) डॉ. फिबी मसीह (स्त्री रोग विशेषज्ञ)
वसुधा केयर हॉस्पिटल (महिला एवं बच्चों का अस्पताल | प्लास्टिक एवं कास्मेटिक सर्जरी)
सुविधाएं • 24x7 डिलीवरी • शिशु रोग • दूरबीन द्वारा ऑपरेशन • सोनोग्राफी • बांझपन का इलाज • खून जांच
जीवन विहार कालोनी, सृष्टि प्लाजो के पास, अवंति विहार रोड, तेलीबांधा, रायपुर, मो. 0771-3523209, 7880001064, 7880001062

Sai Care Hospital श्री सांई केयर हॉस्पिटल
डॉक्टर से सेकंड ओपिनियन, बिना किसी फीस हर सामेवार शाम।
फ्री ओपीडी सेवा महीने के प्रत्येक सोमवार समय: शाम 5 बजे से 7 बजे तक
उपलब्ध सेवायें कैंसर केयर, डायबिटिक केयर, पाईल्स केयर
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क ईलाज सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर के पास, अवंती विहार, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.) | बुक अपॉइंटमेंट : 0771-4020089, 9630067422

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं स्पेशलिस्ट : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी, खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटिक क्लीनिक
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर 36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

पाइल्स क्षारकर्मा (लेप विधि) विशेषज्ञ (ना कोई सुई, ना भर्ती 2 घंटे के बाद डिस्चाज)
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
25 वर्षो का अनुभव
13000 से ऊपर सफल चिकित्सा
फाफाडीह / पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422

अष्टविनायक हॉस्पिटल बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डॉ. मनोज अग्रवाला एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टिकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

एक दिन का ट्रेलर रिलीज दिखी ऑफिस वाली लव स्टोरी

मुंबई। एक तरफा प्यार करने वाले अक्सर कल्पनाएं खूब करते हैं। दुआएं भी काल्पनिक होती हैं। कुछ ऐसा ही फिल्म 'एक दिन' के गुरुवार को रिलीज हुए ट्रेलर में देखने को मिला है। साई पल्लवी और जुनैद खान अभिनीत फिल्म 'एक दिन' का दूसरा ट्रेलर जारी हो गया है। दोनों के बीच कमाल की केमिस्ट्री है। रोमांस है। एक तरफा प्यार है। और, एक कोरी काल्पनिक कहानी है। ट्रेलर की शुरुआत ऑफिस के एक दृश्य से होती है। जुनैद आईटी विभाग में हैं। साई पल्लवी भी उसी ऑफिस में हैं। उनके किरदार का नाम मीरा है। जुनैद खान का किरदार मीरा को मन ही मन पसंद करता है, लेकिन दिल की बात कहने की हिम्मत नहीं है।

100 प्रभावशाली लोगों में रणबीर शामिल

नई दिल्ली। बॉलीवुड के चर्चित अभिनेता रणबीर कपूर अपनी आगामी फिल्म 'रामायण' की तैयारियों में जुटे हैं। इसका पहला पार्ट इसी साल दिवाली पर रिलीज होगा। एक्टर फिल्म में भगवान राम की भूमिका अदा करते दिखेंगे। इस बीच अभिनेता एक और वजह से भी सुर्खियां बटोर रहे हैं। दरअसल, टाइम मैग्जीन ने 2026 के 100 सबसे प्रभावशाली हस्तियों की सूची जारी की है। इस सूची में बॉलीवुड स्टार रणबीर कपूर का भी नाम शामिल है। रणबीर की इस उपलब्धि पर आलिया भट्ट ने सोशल मीडिया पर रिएक्शन दिया है। उन्होंने अपनी इंस्टा स्टोरी पर रणबीर की इस उपलब्धि पर तारीफ की है। उन्होंने एक्टर की फोटो के साथ लिखा है, 'बहुत शानदार बेबी'। उन्होंने उस फीचर का लिंक भी साझा किया है, जो रणबीर कपूर के लिए लिखा गया है। यह लेख अभिनेता आयुष्मान खुराना ने लिखा है। इसमें आयुष्मान ने रणबीर कपूर की तारीफ में लिखा है, 'कुछ अभिनेता विरासत बनाने के लिए संघर्ष करते हैं और कुछ अपनी कला से ही विरासत बन जाते हैं।

कॉकटेल-2 का बीटीएस वीडियो किया शेयर

मुंबई। रश्मिका मंदाना ने गुरुवार को अपनी आगामी फिल्म 'कॉकटेल 2' का एक बीटिएस वीडियो सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है। यह वीडियो उनकी फिल्म के गाने 'जब तलक' का है। शाहिद कपूर, रश्मिका मंदाना और कृति सेनन एक साथ फिल्म 'कॉकटेल 2' में काम कर रहे हैं। यह फिल्म होमी अदजानिया निर्देशित कर रहे हैं। रश्मिका ने इटली के सिसिली में 'जब तलक' गाने की शूटिंग का मजेदार वीडियो आज इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इस बीटीएस वीडियो में शाहिद कपूर और कृति सेनन के साथ उनके मस्ती भरे पल दिखाए गए हैं। रश्मिका फिल्म 'कॉकटेल 2' में दीया का रोल निभा रही हैं। उन्होंने वीडियो को इंस्टाग्राम पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, 'दीया की डायरी का एक पन्ना।



चिंतन

महिला हित में राजनीति से ऊपर उठें सभी दल

भारतीय लोकतंत्र में लंबे इंतजार के बाद महिला आरक्षण को लेकर आया "नारी शक्ति वंदन अधिनियम" केवल एक विधायी पहल नहीं, बल्कि सामाजिक-राजनीतिक परिवर्तन की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। दशकों से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए यह कानून लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33% महिला आरक्षण का रास्ता खोलता है। ऐसे समय में जब संसद में महिलाओं की भागीदारी अभी भी सीमित रही है, यह पहल लोकतंत्र को अधिक प्रतिनिधिक और समावेशी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। ऐसे में सभी विपक्षी दलों को चाहिए कि वे महिला हित में राजनीति से ऊपर उठें और इस बिल का समर्थन करें। हालांकि तेलंगाना, तमिलनाडु समेत दक्षिण के कुछ राज्य इसके विरोध में हैं, लेकिन इस ऐतिहासिक पहल के साथ एक कड़वी सच्चाई भी सामने आई है। वह विपक्षी दलों में श्रेय लेने की होड़। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष से यह कहकर कि "आप श्रेय ले लीजिए, लेकिन महिला हित में समर्थन दीजिए", एक तरह से उस राजनीतिक मानसिकता को उजागर किया है, जहां मुद्दे से ज्यादा महत्व श्रेय को दिया जाता है। सवाल यह है कि क्या देश की आधी आबादी के अधिकार भी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा की भेंट चढ़ेंगे? यह विधेयक केवल संख्या बढ़ाने का प्रयास नहीं है। आज संसद में महिलाओं की भागीदारी लगभग 14-15 प्रतिशत के आसपास है, जो लोकतांत्रिक संतुलन के लिहाज से अपर्याप्त है। ऐसे में 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान नीति-निर्माण में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाएगा और निर्णयों को अधिक संवेदनशील तथा समावेशी बनाएगा। यह 'महिला विकास' से आगे बढ़कर 'महिला-नेतृत्व विकास' की दिशा में एक वैचारिक बदलाव भी है। फिर भी, इस पहल के साथ कुछ गंभीर सवाल जुड़े हुए हैं। सबसे बड़ी चिंता इसका कार्यान्वयन है, जिसे परिसीमन और जनगणना से जोड़ दिया गया है। इसका सीधा अर्थ है कि यह कानून 2029 तक ही प्रभावी हो पाएगा। क्या यह देरी अनिवार्य है या राजनीतिक सुविधा का परिणाम? यह सवाल इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इतिहास गवाह है कि कई बार अच्छे कानून भी लागू होने में वर्षों की देरी के कारण अपना प्रभाव खो देते हैं। इसके अलावा, सीटों के रोटेशन की व्यवस्था भी एक जटिल मुद्दा है। लगातार बदलती सीटें महिला प्रतिनिधियों के लिए स्थिर राजनीतिक आधार तैयार करने में बाधा बन सकती हैं। लोकतंत्र में निरंतरता और अनुभव का महत्व कम नहीं आंका जा सकता, इसलिए इस व्यवस्था पर गंभीरता से पुनर्विचार आवश्यक है। विपक्ष द्वारा उठाया गया एक और महत्वपूर्ण मुद्दा है ओबीसी महिलाओं के लिए अलग आरक्षण का अभाव। यदि महिला आरक्षण का लाभ समाज के सभी वर्गों तक समान रूप से नहीं पहुंचता, तो यह सशक्तिकरण अधूरा रह जाएगा। इसलिए यह जरूरी है कि इस कानून के क्रियान्वयन में सामाजिक न्याय के व्यापक पहलुओं को भी ध्यान में रखा जाए। आज जरूरत इस बात की है कि सभी दल इस मुद्दे पर राजनीति से ऊपर उठें। यह केवल सत्ता या विपक्ष का सवाल नहीं, बल्कि समाज के संतुलित विकास का प्रश्न है। महिला सशक्तिकरण को यदि सच में राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाना है, तो इसे राजनीतिक प्रतिस्पर्धा से अलग रखना होगा। नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक अवसर है भारतीय लोकतंत्र को अधिक समावेशी, संतुलित और संवेदनशील बनाने का, लेकिन यह अवसर तभी सार्थक होगा, जब इसे ईमानदारी से लागू किया जाए और राजनीतिक दल इसके पीछे छिपे व्यापक उद्देश्य को समझें।

संसद सत्र
डॉ. सतीश पूनिया

महिला आरक्षणः नारी शक्ति से राष्ट्र शक्ति

यह भारतीय जनता पार्टी की देश की आधी आबादी को उनका वांछित अधिकार दिलाने की मंशा और इच्छाशक्ति का भी सत्र है। गुरुवार को संसद में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026, परिसीमन विधेयक 2026 और केंद्र-शासित प्रदेश कानून (संशोधन विधेयक), 2026 सदन में प्रस्तुत किए गए। इसके माध्यम से विधायिका में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण को लागू करने का प्रस्ताव है। भारतीय राजनीति में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। पिछले एक दशक में देश और दुनिया ने यह अनुभव किया है कि भारत में महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक तौर पर सशक्त किया गया है।

संसद का यह विशेष सत्र भारतीय संसद के इतिहास में हमेशा याद रखा जाएगा। यह भारतीय जनता पार्टी की देश की आधी आबादी को उनका वांछित अधिकार दिलाने की मंशा और इच्छाशक्ति का भी सत्र है। गुरुवार को संसद में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026, परिसीमन विधेयक 2026 और केंद्र-शासित प्रदेश कानून (संशोधन विधेयक), 2026 सदन में प्रस्तुत किए गए। इसके माध्यम से विधायिका में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण को लागू करने का प्रस्ताव है। भारतीय राजनीति में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। मोदी सरकार के नेतृत्व में पिछले एक दशक में देश और दुनिया ने यह अनुभव किया है कि भारत में महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक तौर पर सशक्त किया गया है।

इसके लिए महिला आधारित अनेक योजनाओं का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। महिलाओं को राजनीतिक तौर पर सशक्त करने की उसी मंशा के अनुरूप मोदी सरकार विधानसभा और संसद में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने के उद्देश्य से महिला आरक्षण के प्रावधान को शीघ्र लागू करने की दिशा में पहल की है। भारत पुरातन प्रवाह का राष्ट्र है। एक विशिष्ट इतिहास, संस्कृति और विरासत के कारण विश्व में एक पहचान वाला राष्ट्र है। जहां भौगोलिक, सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक भिन्नताएं होते हुए भी 'अनेकता में एकता' ऐसा दृश्य परिलक्षित होता है। विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत आधुनिक युग में लोकतांत्रिक व्यवस्था की अक्षुण्णता के लिए भी माना जाता है। आज विश्व के मानचित्र पर भारत की एक आत्मनिर्भर स्वाभिमानी राष्ट्र की पहचान है। भारत के लोकतंत्र को दृढ़ता भारत के संविधान ने दी है जो एक वैशिष्ट्य लिए हुए है, जिसमें नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों में बखूबी उल्लेख किया गया है। भारत के संविधान में प्रदत समानता के अधिकारों ने इसे और पुष्ट किया है, इसलिए लैंगिक समानता के अवसर सुनिश्चित करने के लिए यह उत्कंठा हमेशा रही है कि गार्गी, मैत्रेयी के पुरातन परंपरा के देश में महिलाओं यानि आधी आबादी को पर्याप्त प्रतिनिधित्व मिले ताकि शासन में, निर्णयों में भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ ही नारी के उत्थान और उत्कर्ष में पूर्वक अपना योगदान दे सकें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का महिलाओं को उनका वांछित अधिकार दिलाने का निर्णय भारतीय जनता पार्टी की नीतियों और उसके नेतृत्व की महिलाओं के प्रति संवेदनशील नीति का ही आईना है। भारतीय जनसंघ और भाजपा के वैचारिक स्तंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय अपने 'एकात्म मानववाद' के सिद्धांत में समाज को एक जीवंत इकाई के रूप में देखते हैं। उनके अनुसार, समाज के प्रत्येक अंग का सशक्त होना आवश्यक है और नारी इसमें केंद्रीय भूमिका निभाती है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पुरुष और स्त्री परस्पर पूरक हैं। किसी एक की उपेक्षा राष्ट्र को कमजोर बना देती है। यह दर्शन आज मोदी सरकार की नीतियों में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है, जहां महिला सशक्तिकरण को केवल सामाजिक न्याय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय पुनरुत्थान का आधार माना गया है। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने भारतीय लोकतंत्र में महिलाओं की

भागीदारी को हमेशा प्राथमिकता दी। उन्होंने संसद में महिला आरक्षण विधेयक लाने का साहसिक प्रयास किया, भले ही वह उस समय राजनीतिक बाधाओं के कारण सफल नहीं हो सका। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जनधन योजना शुरू हुई तो देश की 32 करोड़ से ज्यादा महिलाओं के बैंक खाते खुले। आज देश की बेटियां नए-नए बिजनेस में अपनी पहचान बना रही हैं। मुद्रा योजना में 60% से ज्यादा लोन महिलाओं ने लिए हैं। देश की स्टार्टअप क्रांति को भी महिलाएं लीड कर रही हैं। आज 42% से ज्यादा रजिस्टर्ड स्टार्टअप्स में कम से कम एक महिला डायरेक्टर है। यह हमारे लिए, देश के लिए और देश की आधी आबादी के लिए गौरव की बात है कि इस समय हमारे देश में राष्ट्रपति से लेकर वित्त मंत्री जैसे अहम पद महिलाएं ही संभाल रही हैं। उन्होंने देश की गरिमा और गौरव, दोनों को बढ़ाया है। साल 2023 में जब नारी शक्ति वंदन अधिनियम आया था, तब भी सभी दलों ने सर्वसम्मति से इसे पास कराया था। तब एक सुर में ये बात भी उठी थी कि इसे हर हाल में 2029 तक लागू हो जाना चाहिए। खासकर, हमारे विपक्ष के सभी साथियों ने मुखर होकर इस बात पर जोर डाला था कि 2029 में ये लागू हो जाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने उसी संकल्प को पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में महिला सशक्तिकरण को लेकर जो ठोस कदम उठाए गए हैं, उन्होंने समाज की संरचना को बदलने का कार्य किया है। फिर चाहे वह सम्मानजनक जीवन जीने के लिए स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालयों के निर्माण की बात हो, या फिर 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' के माध्यम से महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाने का प्रयास हो। यह योजनाएं केवल सुविधाएं नहीं, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर और आत्मसम्मानी बनाने के साधन हैं। आर्थिक सशक्तिकरण के मोर्चे पर भी मोदी सरकार लगातार महिलाओं के लिए कार्य कर रही हैं। जन-धन खातों, स्वयं सहायता समूहों और मुद्रा योजनाओं ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त किया है। आज ग्रामीण भारत में लाखों महिलाएं उद्यमिता की ओर अग्रसर हैं। लखपति दीदी के माध्यम से मोदी सरकार ने महिलाओं को उद्यमिता में आगे बढ़ाने का काम किया है। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसे अभियान के माध्यम से महिलाओं के प्रति समाज की सोच में क्रांतिकारी बदलाव लाने में मोदी सरकार ने अभूतपूर्व काम किया। इस अभियान से निश्चित रूप से सामाजिक मानसिकता में परिवर्तन आया है। इसका परिणाम भी हमें पिछले दस-ग्यारह वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में देखने को मिला है। खेल, विज्ञान, शिक्षा, राजनीति और आर्थिक क्षेत्र में देश की महिलाओं ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। 73वें और 74वें संविधान संशोधन के बाद पंचायतों में महिलाओं को आरक्षण तो मिला, लेकिन लंबे समय तक 'सरपंच पति' जैसी प्रवृत्तियां इस व्यवस्था को कमजोर करती रहीं।

मोदी सरकार ने 'सशक्त पंचायत-नेत्री अभियान' के माध्यम से इस प्रवृत्ति को चुनौती दी है। सशक्त पंचायत - नेत्री अभियान जैसी महत्वपूर्ण पहल से पूरे देश में पंचायती राज संस्थाओं की महिला निर्वाचित प्रतिनिधियों को सशक्त किया गया। 4 मार्च 2025 को नई दिल्ली में 'सशक्त पंचायत-नेत्री अभियान' का शुभारंभ किया गया। वर्षों की जड़ता और संघर्ष तथा विमर्श के बाद मोदी सरकार में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक उल्लेखनीय, ऐतिहासिक एवं स्तुत्य कदम है। 2029 तक संसद और विधानसभाओं में में 33% महिला प्रतिनिधित्व का लक्ष्य भारत को न केवल एक आर्थिक शक्ति, बल्कि एक न्यायपूर्ण और समावेशी लोकतंत्र के रूप में स्थापित करेगा।

(लेखक भाजपा हरियाणा प्रभारी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

आधी दुनिया
महेन्द्र तिवारी

लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी का भविष्य

भारत का लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र माना जाता है, लेकिन प्रतिनिधित्व के स्तर पर यह लंबे समय तक आधा अधूरा रहा है क्योंकि जनसंख्या का लगभग आधा हिस्सा होने के बावजूद महिलाएं राजनीतिक संस्थाओं में पर्याप्त रूप से शामिल नहीं हो पाई हैं। इसी ऐतिहासिक असंतुलन को दूर करने के उद्देश्य से 2023 में पारित संविधान का संशोधन अधिनियम, जिसे नारी शक्ति वंदन अधिनियम कहा जाता है, एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में सामने आया। यह अधिनियम लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करने का प्रावधान करता है, जिसमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए भी उप आरक्षण शामिल है। यह कानून लगभग 27 वर्षों से चल रही बहस और राजनीतिक प्रयासों का परिणाम है। 19 सितंबर 2023 को इसे लोकसभा में प्रस्तुत किया गया और 20 तथा 21 सितंबर को दोनों सदनों से पारित कर दिया गया। 28 सितंबर 2023 को राष्ट्रपति की स्वीकृति के बाद यह संविधान का हिस्सा बन गया। इस अधिनियम का उद्देश्य स्पष्ट है, लेकिन इसकी वास्तविकता को समझने के लिए वर्तमान स्थिति पर नजर डालना जरूरी है। आज लोकसभा की 543 सीटों में से केवल 74 सीटों पर महिलाएं हैं, जो लगभग 13.6 प्रतिशत है। यह संख्या 2019 के 78 से थोड़ी कम है। वहीं देशभर में कुल 4666 सांसदों और विधायकों में महिलाओं की हिस्सेदारी लगभग 10 प्रतिशत के आसपास है। 2024 के लोकसभा चुनाव में कुल 8360 उम्मीदवारों में केवल 797 महिलाएं थीं, यानी लगभग 9.6 प्रतिशत, और लगभग 28 प्रतिशत सीटों पर कोई महिला प्रत्याशी ही नहीं था। यह आंकड़े इस बात को स्पष्ट करते हैं कि महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी अभी भी संरचनात्मक बाधाओं से घिरी हुई है। इसके विपरीत यदि पंचायती राज संस्थाओं को देखा जाए तो तस्वीर बिल्कुल अलग दिखाई देती है। यहां महिलाओं की भागीदारी लगभग 46.6 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है और कई राज्यों में यह 50 प्रतिशत से भी अधिक है। यह अनुभव इस बात का प्रमाण है कि जब आरक्षण को सही तरीके से लागू किया जाता है तो महिलाएं न केवल प्रतिनिधित्व प्राप्त करती हैं बल्कि प्रभावी नेतृत्व भी प्रस्तुत करती हैं। वैश्विक तुलना में भी भारत पीछे है। रवांडा में संसद में महिलाओं की हिस्सेदारी लगभग 64 प्रतिशत है, क्यूबा में 53 प्रतिशत, निकारागुआ में 52 प्रतिशत और संयुक्त अरब अमीरात में 50 प्रतिशत। इस परिप्रेक्ष्य में भारत का आंकड़ा अपेक्षाकृत कम है, जो यह दर्शाता है कि केवल लोकतांत्रिक ढांचा पर्याप्त नहीं है, बल्कि समावेशी नीतियों की भी आवश्यकता होती है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम इस कमी को दूर करने की दिशा में एक बड़ा प्रयास है, लेकिन इसके कार्यान्वयन से जुड़ी शर्तें इसे जटिल बना देती हैं। अधिनियम में जोड़ा गया अनुच्छेद 334ए यह स्पष्ट करता है कि महिलाओं के लिए आरक्षण तब तक लागू नहीं होगा, जब तक अगली जनगणना के आंकड़े प्रकाशित नहीं हो जाते और उसके बाद परिसीमन की प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती। इसका अर्थ यह है कि कानून पारित होने के बावजूद इसका प्रभाव तुरंत नहीं दिखेगा। यही बिंदु इस अधिनियम की सबसे बड़ी आलोचना का कारण भी बना हुआ है। 2021 की जनगणना पहले ही टल चुकी है और अब यह संभावना व्यक्त की जा रही है कि नई जनगणना 2026 के बाद होगी। इसके बाद परिसीमन की प्रक्रिया भी समय लेगी, जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि महिलाओं का आरक्षण 2029 या उससे भी बाद के चुनावों में लागू हो सकता है। इस देरी को कई विशेषज्ञ न्याय में विलंब के रूप में देखते हैं। हालांकि सरकार और कुछ संवैधानिक विशेषज्ञों का तर्क है कि बिना अद्यतन जनसंख्या आंकड़ों के सीटों का पुनर्वितरण करना उचित नहीं होगा। संविधान के अनुसार परिसीमन एक आवश्यक प्रक्रिया है ताकि प्रतिनिधित्व समान और संतुलित रहे। इस प्रकार यह बहस केवल राजनीतिक नहीं बल्कि संवैधानिक भी है। इस प्रकार नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक ऐसा कानून है जो सिद्धांत रूप में अत्यंत प्रगतिशील है, लेकिन व्यवहार में कई जटिलताओं से घिरा हुआ है। यह महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम है, परंतु इसकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि इसे कितनी शीघ्रता और प्रभावशीलता के साथ लागू किया जाता है। यदि जनगणना और परिसीमन की प्रक्रियाओं को समय पर पूरा कर लिया जाता है तो यह अधिनियम भारत के लोकतंत्र को अधिक समावेशी और संतुलित बना सकता है। अन्यथा यह केवल एक अधूरी संभावना बनकर रह सकता है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

संघर्ष से आती है जीवंतता



संकलित
दर्शन

साधना संसार में है, जंगल में तो साधना का सवाल ही नहीं है। साधना यहां है, जहां प्रतिपल कांटे हैं। कांटों के बीच जिस दिन तुम चलना सीख लो और कांटों के बीच तो चलो और कांटे चुभें न, बस उसी दिन समझ लेना कि अब तुम योग्य हो गए। जंगल जाने की जरूरत भी क्या है। यहीं भीड़ में जंगल हो गया है, अगर तुम्हारे भीतर प्रौढ़ता आ जाए, तो प्रज्ञा का जन्म हो। प्रज्ञा का जन्म संघर्षण से होता है। प्रतिपल जीवन की चुनौतियों को स्वीकार करने से होता है। हारने, गिरने, उठने से होता है। हजार बार गाली दी जाएगी, तुम क्रोधित हो जाओगे। हजार बार के अनुभव से तुम्हें समझ में आ जाएगा कि अपने को जलाना व्यर्थ है। गाली कोई दूसरा दे रहा है, दंड अपने को देना व्यर्थ है। एक दिन तो ऐसा आएगा कि कोई दूसरा गाली देगा और तुम्हारे भीतर क्रोध न आएगा। उसी दिन तुम्हारे भीतर एक कांटा फूल बन गया। उस दिन तुम्हें जो शांति मिलेगी, कोई जंगल नहीं दे सकता। जंगल की शांति मुर्दा है। अगर यहां गालियों के बीच तुम शांत हो गए, तो तुम्हारी शांति में एक जीवंतता होगी। जंगल की शांति में सन्नाटा है, क्योंकि वहां कोई है ही नहीं। वह नकारात्मक है। संसार में अगर तुम शांत हो जाओ तो सकारात्मक है। जंगल की शांति मरने जैसी है, संसार की शांति बड़ी जीवंत है। परमात्मा को पाना है, तो भागना मत। भगोड़ों से परमात्मा का कभी कोई संबंध नहीं जुड़ता। कायरों से संबंध जुड़ भी कैसे सकता है? चुनौती स्वीकार करने वाला साहस चाहिए।

कोयला और चंदन

संकलित
प्रेरणा

चौधरी पहलवान का पूरा जीवन जरूरतमंदों की सहायता के लिए समर्पित हुआ था। जब उनका अंतिम समय नजदीक आया तो उन्होंने अपने बेटे को पास बुलाया। बेटा पास आ गया तो उन्होंने उससे कहा-देखो बेटा, मैंने अपना सारा जीवन दुनिया को शिक्षा देने में गुजार दिया। अब अपने अंतिम समय में मैं तुम्हें कुछ जरूरी बातें बताना चाहता हूं। लेकिन इससे पहले जरा तुम एक कोयला और चंदन का एक टुकड़ा उठा कर ले लाओ। बेटे को पहले तो यह बड़ा अटपटा लगा, लेकिन उसने सोचा कि अब पिता का हुक्म है तो यह सब लाना ही होगा। उसने रसोई घर से कोयले का एक टुकड़ा उठाया। संयोग से घर में चंदन की एक छोटी लकड़ी भी मिल गई। वह दोनों को लेकर अपने पिता के पास पहुंच गया। उसे आया देख पहलवान बोले- बेटा, अब इन दोनों चीजों को नीचे फेंक दो। बेटे ने दोनों चीजें नीचे फेंक दीं और हाथ धोने जाने लगा तो पहलवान बोले- जरा ठहरो बेटा। मुझे अपने हाथ तो दिखाओ। बेटे ने हाथ दिखाए तो वह उसका कोयले वाला हाथ पकड़ कर बोले, देखा तुमने। कोयला पकड़ते ही हाथ काला हो गया। लेकिन उसे फेंक देने के बाद भी तुम्हारे हाथ में कालिख लगी रह गई। गलत लोगों की संगति ऐसी ही होती है। उनके साथ रहने पर भी दुख होता है और उनके न रहने पर भी जीवन भर के लिए बदनामी साथ लग जाती है। दूसरी ओर सज्जनों का संग इस चंदन की लकडी की तरह है जो साथ रहते हैं तो दुनिया भर का ज्ञान मिलता है और उनका साथ छूटने पर भी उनके विचारों की महक जीवन भर बनी रहती है।

अंतर्मन

आज की पाती

बच्चों की परीक्षाएं और क्रिकेट का उन्माद

हद होती है हर चीज की। लगभग चौबीस घंटे, बारह महीने क्रिकेट ही क्रिकेट का असहनीय शोर-शराबा। सबको मालूम है न कि भारत में मार्च-अप्रैल महीने विद्यार्थियों के लिए कितने ही अधिक महत्वपूर्ण हैं! आईपीएल तो हर साल ही होता है, और इस बार ये 'टी-20 वर्ल्ड कप' का हल्ला-गुल्ला भी निरंतर चलता रहा है। इन्हीं दो महीनों में लगभग सारे भारत के सभी स्कूलों, महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों में छात्र-छात्राओं के विभिन्न प्रकार की बहुत सारी परीक्षाएं और एंट्रेंस टेस्ट होते हैं। ऐसे में देश के हर शहर, कालोनी, नुक्कड़, गली-मोहल्ले, गांव-देहात में घर-बाहर क्रिकेट का ये सर्वथा गैर-जरूरी शोर, हो-हल्ला तथा अवांछित चर्चाएं गंभीर और मेधावी विद्यार्थियों के लिए बड़ी चुनौती बने रहते हैं।

- प्रवीण जोशी, भाटापारा

ट्रेंड

उत्तर प्रदेश में अब शांति

आज उत्तर प्रदेश में कोई अशांति नहीं है, सड़कों पर नमाज़ नहीं पढ़ी जा रही है, मस्जिदों से माइक्रोफोन की आवाज़ नहीं आ रही है, कोई गोहत्या नहीं हो रही है, न ही लव जिहाद की कोई घटना घट रही है।

- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

टीएमसी की धारणा

असम में दस साल से भाजपा की सरकार है, लेकिन वहां के लोग मांसाहारी भोजन खाते हैं। तो फिर टीएमसी बंगाल में यह गलत धारणा क्यों फैला रही है कि भाजपा बंगाल में मांसाहारी भोजन पर प्रतिबंध लगा देगी ?

- हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम

परिसीमन पर छल

हम महिला आरक्षण विधेयक का समर्थन करते हैं, लेकिन इस सरकार द्वारा इसे पेश करने का तरीका राजनीतिक रूप से प्रेरित है। हमारी मांग है कि इस संशोधन को राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने के बजाय इसे लागू करें। दूसरा, सरकार परिसीमन पर छल कर रही है।

- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस

कच्चे तेल की कीमतें

आरबीआई के पूर्वानुमानों के आधार पर, लगता है कि कच्चे तेल की कीमतों में आए अचानक उछाल के शांत होने के बाद ही ब्याज दरों में वृद्धि शुरू होगी। हालांकि, चिंता की बात यह है कि तब तक, जीएसटी युक्तिकरण के माध्यम से हासिल किया गया मूल्य सुधार बेअसर हो सकता है।

- स्वामीनाथन पद्मनाभन, उद्यमी

करंट अफेयर

लंदन में भारतीय उच्चायोग ने आंबेडकर की जयंती मनाई

लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग ने पुष्पांजलि अर्पित कर 'भारत रत्न' डॉ. बी. आर. आंबेडकर की 136वीं जयंती मनाई और समानता के बाबासाहेब के संदेश पर विचार साझा किया। बुधवार शाम को 'इंडिया हाउस' के आंबेडकर हॉल में आयोजित कार्यक्रम में 'फेडरेशन ऑफ अंबेडकराइट एंड बुद्धिस्ट ऑर्गेनाइजेशन्स' (एफएबीओ) ब्रिटेन के सदस्यों, छात्रों और समुदाय के नेताओं द्वारा भारतीय संविधान के प्रमुख निर्माता के दूरगामी सामाजिक-आर्थिक योगदान की प्रशंसा में काव्यात्मक प्रस्तुतियों से माहौल जीवंत हो उठा। इस मौके पर आंबेडकर के जीवन और करियर की कई प्रमुख घटनाओं को शामिल करते हुए एक वीडियो दिखाया गया, जिसमें लंदन में विधि छात्र के रूप में बिताये गए उनके समय को भी प्रदर्शित किया गया। ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दुरईस्वामी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, 'आंबेडकर का यह संदेश कि लोकतंत्र का सार इस विचार में निहित है कि हम सभी लोगों के साथ समान व्यवहार करें, एक आधुनिक राष्ट्र के लिए काफी महत्व रखता है।' उन्होंने कहा, और बेशक, यह एक ऐसी यात्रा है जो न केवल भारत में, बल्कि पूरी दुनिया में अब भी जारी है। हम लगातार असमानता और लैंगिक एवं सामाजिक आधार पर हिंसा के दौर में जी रहे हैं।

ऑफ बीट

भोजन और दवाएं बदल सकती हैं त्वचा का रंग



जब हांगकांग में 84 वर्षीय एक व्यक्ति बढ़े हुए प्रोस्टेट के साथ अस्पताल गया, तो डॉक्टर यह देखकर चौंक गए कि उसकी त्वचा - और यहाx तक कि उसकी आँखों का सफेद भाग भी धूसर रंग का हो गया था। ये मामले आर्गिरिया नामक स्थिति के उदाहरणों को दर्शाते हैं, जिसमें शरीर में चांदी के कण जमा हो जाते हैं। चांदी कभी अपने रोगाणुरोधी गुणों के कारण चिकित्सा उपचारों में मुख्य आधार थी। लेकिन आधुनिक साक्ष्य दर्शाते हैं कि बहुत अधिक मात्रा में इसके सेवन या अवशोषण से व्यक्ति की त्वचा में ऐसे परिवर्तन हो सकते हैं जो शायद ही कभी फीके पड़ते हैं। आर्गिरिया में, चांदी के आयन रक्तप्रवाह के माध्यम से प्रसारित होते हैं और त्वचा की ऊपरी सतह डर्मिस में समा जाते हैं। डर्मिस सतह के नीचे की एक परत है जहां शरीर उन्हें आसानी से साफ नहीं कर सकता है। यह वह परत है जिसमें टैटू पिगमेंट रहते हैं। इसी तरह की एक दुर्लभ घटना क्रिसियासिस है, जिसमें सोने का त्वचा में जमाव होता है। अतीत में पहले कभी सूजन संबंधी विकारों के लिए सोने पर आधारित उपचार किए जाते थे। कुछ मामलों में, इन उपचारों के बाद रोगियों में एक विशिष्ट भूरा या भूरा-बैंगनी रंग का विरंजन विकसित हुआ, जो आर्गिरिया की तरह, आसानी से ठीक नहीं किया जा सकता था।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

पश्चिम-एशिया में तनाव के बीच हुई पीएम मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों की बातचीत

पीएम मोदी ने की ऑस्ट्रियाई चांसलर से मुलाकात, साइन किए गए 6 एमओयू

यात्रा से निवेश संबंधों में नई ऊर्जा देगी

सैन्य सहित कई क्षेत्रों में सहयोग

पीएम मोदी और ऑस्ट्रिया के चांसलर स्टॉकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी और ऑस्ट्रिया के चांसलर क्रिश्चियन स्टॉकर ने हैदराबाद हाउस में एक द्विपक्षीय बैठक की। इस बैठक में व्यापार, निवेश, ग्रीन टेक्नोलॉजी और जरूरी क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर फोकस किया गया। मोदी-स्टॉकर वार्ता के बाद, दोनों पक्षों ने छह समझौतों पर हस्ताक्षर किए, जिनमें एक समझौता भारतीय और ऑस्ट्रियाई कंपनियों को एक-दूसरे के यहां निवेश करने में सहायता के लिए एक त्वरित तंत्र स्थापित करने से संबंधित है। सैन्य क्षेत्र में सहयोग के लिए भी एक समझौता किया गया। पीएम मोदी ने कहा कि ऑस्ट्रिया की विशेषज्ञता को भारत की गति और व्यापकता के साथ मिलाकर, हम पूरी दुनिया के लिए विश्वसनीय प्रौद्योगिकी और आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि हम रक्षा, सेमीकंडक्टर, क्वांटम और जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी अपनी साझेदारी को मजबूत करेंगे।

पश्चिम-एशिया में तनाव के बीच हुई पीएम मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों की बातचीत

अमेरिका और ईरान के मध्य जारी संघर्ष के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दुनिया के तमाम देशों के नेताओं के साथ चल रही बातचीत की प्रक्रिया का क्रम बना हुआ है। जिसमें गुरुवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने प्रधानमंत्री मोदी से टेलीफोन पर बातचीत की है। अपनी एक 'एक्स' पोस्ट में प्रधानमंत्री ने इस वार्ता के बारे में बताते हुए कहा कि मुझे अपने प्रिय मित्र इमैनुएल मैक्रों से एक टेलीफोन कॉल प्राप्त हुई है। जिसमें हमने पश्चिम-एशिया की स्थिति पर चर्चा की है। साथ ही हम दोनों होर्मुज जलडमरूमध्य में सुरक्षा और नौवहन की स्वतंत्रता को तत्काल बहाल करने की आवश्यकता पर भी सहमत हो गए हैं। मैं और राष्ट्रपति मैक्रों क्षेत्र तथा उसके बाहर शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए अपने घनिष्ठ सहयोग को बनाए रखेंगे।

भारत की विकास यात्रा सराहनीयः चांसलर

क्रिश्चियन स्टॉकर ने भारत की विकास यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि देश बुनियादी ढांचे और प्रौद्योगिकी में बड़े पैमाने पर निवेश कर रहा है। भारत यूरोपीय संघ के लिए दक्षिण एशिया में सबसे महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदार है। भारत लगभग 7 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है, बुनियादी ढांचे और तकनीक में बड़े पैमाने पर निवेश कर रहा है। ऑस्ट्रिया जैसे छोटे लेकिन अत्यधिक नवोन्मेषी निर्यातक देश के लिए यह एक बड़ा अवसर है, जिसे हम सक्रिय रूप से अपनाना चाहते हैं।

नितिन नबीन, लक्ष्मी, फूलो समेत नवनिर्वाचित सदस्यों ने राज्यसभा की सदस्यता की ली शपथ

नई दिल्ली। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी, छत्तीसगढ़ से भाजपा की लक्ष्मी वर्मा और कांग्रेस की फूलो देवी नेताम सहित 16 नवनिर्वाचित/पुनर्निर्वाचित राज्यसभा सदस्यों ने गुरुवार को पद की शपथ ली। भारत के उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति सी पी राधाकृष्णन ने बिहार, असम, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और तेलंगाना का प्रतिनिधित्व करने वाले इन सदस्यों को उच्च सदन की सदस्यता की शपथ दिलाई। इन 16 सांसदों में से आठ भाजपा के हैं, जबकि उसके सहयोगी दलों के तीन सदस्य शामिल हैं। शेष पांच सदस्य कांग्रेस से हैं। शपथ लेने वाले अन्य सदस्यों में असम से भाजपा के तेराश गोवाला और जोगेन मोहन, यूपीपी(एल) के प्रमोद बोरो, बिहार से राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के उपेंद्र कुशवाहा, भाजपा के शिवेश कुमार आदि ने शपथ ली।

कार्यालय नगर पालिक निगम अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)

क्रमांक / 159/वि.वि./न.पा.नि./ 2026 अम्बिकापुर, दिनांक... 10/4/2026

-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना :-

वित्तीय वर्ष 2026-27 में निकाय क्षेत्रांतर्गत स्थित विभिन्न स्थानों एवं भवनों में आंतरिक / बाह्य विद्युतीकरण कार्य लागत राशि रूपये 50.00 लाख के कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा (System Tender No 188782) आमंत्रित की गई है। निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी छत्तीसगढ़ शासन के ई-प्रोक्यूरमेंट पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in & विभाग के पोर्टल https://uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

आयुक्त
नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)

क्रमांक 261/न.पा.नि./लोनिवि /26-27 अम्बिकापुर दिनांक 16/04/2026

-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना (प्रथम/द्वितीय) :-

नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर द्वारा अधोसंरचना मद अन्तर्गत सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की प्रतिमा स्थापना एवं सौन्दर्यीकरण कार्य हेतु द्वितीय निविदा एवं विभिन्न वार्डो में आगंनबाड़ी भवन निर्माण तथा जोन क्रमांक 01 से 05 तक में सड़क डामरीकरण, नाली, पुलिया एवं भवन तथा सीसी रोड निर्माण/मरम्मत संधारण कार्यो (कुल 26 कार्य) हेतु ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की गई है।

विस्तृत निविदा सूचना छ.ग. शासन के ई- प्रोक्यूरमेंट पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in & https://uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

आयुक्त
नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर

एनएमडीसी लिमिटेड

(भारत सरकार का एक उद्यम)

"खनिज भवन", 10-3-311/ए, कैसल हिल्स, मसाब टैंक, हैदराबाद-500028
कॉर्पोरेट पहचान संख्या (CIN) - L13100TG1958GO1001674

कार्य प्रभाग
अनुबंध विभाग

भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय के अधीन एक "नवरत्न" सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी, एनएमडीसी लिमिटेड, निम्नलिखित कार्यों के लिए अनुभवी घरेलू बोलीदाताओं से ऑनलाइन बोलियां आमंत्रित करती है। विस्तृत एनआईटी और बोली दस्तावेजों की प्रासंगिक तिथियां भी नीचे दी गई हैं:

क्र. सं.	कार्य का नाम	टीई क्रमांक [एमएसटीसी संदर्भ क्रमांक]	बोली दस्तावेज देखने/डाउनलोड करने की तिथि (से-तक)	बोली-पूर्व बैठक की तारीखें
1.	बाचेली, छत्तीसगढ़, भारत में स्थित डिपॉजिट 5 की क्षमता विस्तार हेतु 10 मीट्रिक टन प्रति वर्ष अयस्क पेराई, स्क्रीनिंग, परिवहन और संबंधित सेवाओं एवं अवसंरचना सुविधाओं के लिए- **पैकेज बीई-1ए**	एचओ (अनुबंध) / बीई / पैकेज -01ए/ डिप. 5/2026/316 दिनांक 16.04.2026 **[एनएमडीसी/प्रधान कार्यालय/अनुबंध/3/26-27/ ईटी/49]**	**16-04-2026 से 15-05-2026 तक**	**27/04/2026 & 08/05/2026**
2.	बाचेली, छत्तीसगढ़, भारत में 5 मीट्रिक टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) भंडार-10 और 3 मीट्रिक टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) भंडार-11ए लौह अयस्क पेराई, स्क्रीनिंग, परिवहन और क्षमता विस्तार के लिए संबंधित सेवाएं और अवसंरचना सुविधाएं- **पैकेज बीई-1बी**	एचओ (अनुबंध)/बीई/पैकेज -01बी/ डिप. 10&11 ए/2026/319 दिनांक 16.04.2026 **[एनएमडीसी/प्रधान कार्यालय/अनुबंध/4/26-27/ईटी/50]**	**16-04-2026 से 15-05-2026 तक**	**27/04/2026 & 08/05/2026**
3.	बाचेली, छत्तीसगढ़, भारत में क्षमता विस्तार के लिए डाउनहिल कन्वर्जन सिस्टम, स्क्रीनिंग प्लांट, स्टॉकपाइल, यार्ड उपकरण, रैपिड वैगन लोडिंग सिस्टम और संबंधित सेवाएं- **पैकेज संख्या बीई-01सी**	एचओ (अनुबंध)/बीई/पैकेज-01सी /बीसीएच / 2026 / 320 दिनांक 16.04.2026 **[एनएमडीसी/प्रधान कार्यालय/अनुबंध/5/26-27/ईटी/51]**	**16-04-2026 से 15-05-2026 तक**	**27/04/2026 & 08/05/2026**

विस्तृत एनआईटी और बोली दस्तावेज निम्नलिखित वेबसाइट लिंक से देखे और/या डाउनलोड किए जा सकते हैं:

1. एनएमडीसी वेबसाइट: http://www.nmdc.co.in
2. केंद्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल (सीपीपी पोर्टल) http://www.eprocure.gov.in/epublish/app
3. एमएसटीसी पोर्टल-https://www.mstcecommerce.com/eprocn/

एमएसटीसी पोर्टल से बोली दस्तावेज प्राप्त करने के लिए, बोलीदाता को एमएसटीसी वेबसाइट लिंक https://www.mstcecommerce.com/eprocn/and पर जाना होगा और **ऊपर दी गई तालिका** में उल्लिखित निविदा कार्यक्रम संख्या को खोजना होगा।

प्री-बिड मीटिंग एनएमडीसी के कार्यालय में बिड डेटा शीट (बीडीएस) के खंड 5 के अंतर्गत क्रमांक 15 में दिए गए विवरण के अनुसार आयोजित की जाएगी। बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे एमएसटीसी लिमिटेड की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन अपनी बोलियां जमा करें। ऑनलाइन बोली जमा करने का विवरण एनआईटी में दिया गया है। बोलीदाताओं को भविष्य में किसी भी प्रकार के शुद्धिपत्र के लिए एनएमडीसी की वेबसाइट/सीपीपी पोर्टल/एमएसटीसी वेबसाइट पर नियमित रूप से जाना आवश्यक है। अधिक जानकारी के लिए निम्नलिखित से संपर्क किया जा सकता है:

1) श्री एमएसएसएन मूर्ति, वरिष्ठ महाप्रबंधक प्रभारी (एनएमडीसी विस्तार परियोजना), एमईकॉन लिमिटेड, रांची, दूरभाष संख्या: +91-9431708649, ईमेल: **murthy_mssn@meconlimited.co.in**
2) वरिष्ठ प्रबंधक (ई)/अनुबंध, एनएमडीसी लिमिटेड, हैदराबाद, दूरभाष संख्या: +91-040-23533536, ईमेल: **contracts@nmdc.co.in**

कृते-एनएमडीसी लिमिटेड
कार्यकारी निदेशक, (कार्य)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री,
म.प्र. लोक निर्माण विभाग, (भ./स.) सीधी संभाग सीधी
Website - www.mppwd.gov.in/pwdmp, email - eepwdsidhi@mp.nic.in

नि सू क्र. 02/2026-27 **-:: निविदा आमंत्रण सूचना ::-** सीधी, दिनांक 13.04.26

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्यों हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा समस्त संशोधनों सहित के आधार पर, प्रपत्र - 'अ' में निविदाकारों, जो केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत हों, से आमंत्रित की जाती है :-

ग्रुप क्र.	टेंडर आई.डी.	कार्य का नाम	ठेके की अनुमानित राशि (रू लाख में)	1. अमानत राशि 2. नि. प्रपत्र का मूल्य	1. निविदा आमंत्रण क्रमांक 2. कार्यावधि
1	2	3	4	5	6
1	2026_PWDRB_499897	उपसंभाग चुरहट एवं सीधी अन्तर्गत चुरहट अमिलिया सिहावल (एम.डी.आर) मार्ग लं. 23.00 किमी. में P.B.M.C. कार्य। लो.नि.वि., सड़क एस.ओ.आर. 11.04.2025	380.20	1. 380200 2. 15000	1. प्रथम आमंत्रण 2. 12 माह वर्षाकाल सहित
		योग :-	380.20		

1. ऑन लाइन पोर्टल **http://mptenders.gov.in** के माध्यम से निविदा प्रपत्र क्रय करने, डाउनलोड एवं निविदा डालने का समय एवं दिनांक 18.04.2026 सुबह 10.00 से 06.05.2026 शाम 6.00 तक है।
2. अमानत राशि, केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. पंजीयन, शपथ पत्र, जी.एस.टी.एन. एवं अन्य तकनीकी बिड से संबंधित अभिलेख (लिफाफा-अ एवं ब), सिर्फ ऑनलाइन अपलोड किये जा सकते है।
3. निविदा से संबंधित संशोधन, समय परिवर्तन आदि की सूचना केवल वेबसाइट के माध्यम से दी जावेगी।
4. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है।
5. उक्त कार्यों का भुगतान शासन से प्राप्त आबंटन के अधीन होगा।

(अनामिका सिंह)
कार्यपालन यंत्री,
लो.नि.वि.,संभाग सीधी (म.प्र.)

G-11616

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, धनबाद
मोबाईल नं0 : 8789242462
Email : rdsd.dhanbad@rediffmail.com

पत्रांकः- 367 धनबाद/दिनांक- 15.04.2026

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के पत्रांक 351 दिनांक 08.04.2026 के द्वारा आमंत्रित अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0-01/2026-27/RDSD/EE/Dhanbad जिसका PR No. 377023 Rural Work Department (26-27)_D में प्रकाशित निविदा के ग्रुप सं0 01 से 22 तक में BuildingleSS शब्द को विलोपित किया जाता है।

अतः अन्य शर्तो यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
धनबाद

PR 377660 Rural Work Department(26-27)#D

epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment
आवश्यकता

टेलीकॉलर

Requirment- Creditsea Finance Hiring Telecaller - Collection Associates (Hindi, English, Tamil, Telugu, Kannada, Malayalam). Salary 15,000–25,000; Male/Female; Complete Desk Job.3rd floor, Radhey Chambers, Pandri. Contact HR : 9109165137, 7999611198, 9131205196; Freshers, Experienced apply Immediately now. (RO-7243)

शिक्षक

आवश्यकता है- हम योग्य शिक्षकों की भर्ती कर रहे हैं- भारतीय GS (5), छत्तीसगढ़ (2), गणित व रीजनिंग (2), भाषा (2)। मेन्स उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। अभी आवेदन करें:- **दिल्ली आईएएस एकेडमी, वंदना बजाज शोरूम के ऊपर, रायपुर, 9691353992, 7880111266.** (आरो-955)

इलेक्ट्रीशियन

आवश्यकता है- इलेक्ट्रिशियन की आवश्यकता है रायपुर शहर में बिजली फिटिंग करने के लिए अनुभवी इलेक्ट्रिशियन की आवश्यकता है शीघ्र संपर्क करें। **नरेंद्र साहू ब्राह्मण पारा रायपुर मोबाइल 70241-77554, 81207-47449.** (आरो-6633)

ड्राइवर

आवश्यकता है- स्कूल कम्पनी बस चलाने रायपुर भनपुरी फाफाडीह 5 ड्राइवरों की आवश्यकता हैं योग्यता लायसेंस हवी बैच अनुभवी को प्राथमिकता वेतन 15-20 हजार **संपर्क जय महामाया ट्रेवल्स मो. 9977909698, 9340686016.** (आरो-6635)

मार्केटिंग

आवश्यकता है- मार्केटिंग कार्य करने के लिए लड़के-लड़कियों की आवश्यकता है, सैलरी 10,000 से 20,000/- महीना योग्यतानुसार, **संपर्क करें- 8962274079 पता- रायपुरा चौक रायपुर** (आरो-6643)

मैनेजर/पंप कर्मी

आवश्यकता है- पेट्रोल पम्प पर कार्य करने हेतु मैनेजर,पेट्रोल डालने वाले कर्मचारी एवं टैंकर चालक की आवश्यकता है। **एल°बी° नगर,राजनंदगांव संपर्क- 8109411676.** (आरो-074)

नर्सिंग स्टाफ

आवश्यकता है- दुर्ग स्थित अस्पताल में कार्य करने हेतु ,ANM,GNM नर्सिंग स्टॉफ, X-RAY टेक्नीशीयन, फॉमसिस्ट (B.PHARMA, D.PHARMA) एवं PRO की आवश्यकता है **संपर्क:- 8878266633, 7471126283, 7869132122.** (आरो नं.-251)

रेजा कुली

आवश्यकता है- दोनदेकला रायपुर में दाल मिल मैं कार्य करने हेतु रेजा कुली की आवश्यकता है। **संपर्क : 9329121313.** (आरो-2693)

डिलीवरी कार्य

आवश्यकता है- रायपुर शहर में किराना दुकानों में मालों की डिलीवरी हेतु पढ़े लिखे, अनुभवी लड़के की आवश्यकता हैं, जिसे टू व्हीलर चलाना आता हो **संपर्क करें: सुमनछाया इंटरप्राईसेस, समता कॉलोनी, रायपुर फोन: 9302305800.** (आरो-6637)

हाउसकीपिंग

आवश्यकता है- हाउसकीपिंग स्टाफ की आवश्यकता (पूर्णकालिक) श्री वासु लॉजिस्टिक्स लिमिटेड में सफाई व रख-रखाव हेतु स्टाफ चाहिए। मेहनती व जिम्मेदार उम्मीदवार, अनुभव को प्राथमिकता। समयः सुबह 8 से शाम 5 बजे। वेतनः आकर्षक। **स्थानः यूनिट-6, नया कार्यालय भवन, रिंग रोड 4 के पास, तेंदुआ IID, रायपुर। 9201835614, 9203409620.** (आरो-515)

पंप कर्मी

आवश्यकता है- पेट्रोल पंप में काम करने हेतु लड़कीयों की आवश्यकता है, **संपर्क करें पुजारी फिलींग स्टेशन टिकरापारा रायपुर मों:- 7067894453.** (आरो-6636)

आवश्यकता

आवश्यकता है- नया रायपुर में ग्राहक सेवा सहयोगी/ TL भर्ती (केवल पुरुष) योग्यता ग्रेजुएट 20 WPM टाइपिंग शिफ्ट 2 p.m.- 10 p.m., 10 p.m.- 6 a.m. इंटरव्यू 17- 30 अप्रैल, 10 a.m.- 5 p.m. **सिविल लाइन पुलिस थाना, रायपुर। संपर्क- 92121-38468.** (आरो-4116)

ऑपरेटर/कीपर

आवश्यकता है- सी एंड एफ में कार्य करने हेतु कंप्यूटर ऑपरेटर और गोडाउन कीपर की आवश्यकता है। सोना ट्रेडिंग कंपनी, सांता स्वीट्स के पास, भनपुरी, रायपुर। **संपर्क- 6260655803 (मिलने का समय- 10 से 6)** (आरो-1387)

ड्रायवर/पार्सल बॉय

आवश्यकता है- पंडरी/भाटागांव कोरियर टाटाएस चलाने ड्राईवर, पार्सल बांटने लडके, आंफिस हेतु लड़की चाहिए। **जीएमएस कोरियर ए-4, पगारिया काम्प्लेक्स, पुरानाबस स्टैंड, पंडरी रायपुर, काल-वाटशप 9893101226, 9399676408.** (आरो-22)

ऑपरेटर/मुंशी/लेबर

आवश्यकता है- रावांभाटा (बिरगांव) स्थित अरवा मिल (कोढ़ा मिल) हेतू आवश्यकताः 1. अनुभवी मिल ऑपरेटर (सैलरी 15,000 - 18,000) 2. मुंशी 3. लेबर (कुली, रेजा) रहने की व्यवस्था है। **संपर्क : 79879-70711.** (आरो-02)

ऑफिस असिस्टेंट

REQUIRED- OFFICE ASSISTANT HAVING WORKING KNOWLEDE OF M.S. OFFICE & TALLY EXPERIENCE PREFERED BUT NOT MANDATORY. SALARY NEGOTIABLE. AREA: DURG, BORSI, DHANORA CONTACT -10 AM TO 2 PM, **7999741811.** (आरो नं.-253)

कुक/कैप्टन

आवश्यकता है- होटल प्रिंस बार एंड रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु 01 इटेलियन इंडियन कुक एवं 01 कैप्टन (जो मैनेजमेंट कोर्स किया हो) एवं 01 कम्प्युटर ऑपरेटर (ड्यूटी 12 घंटे) की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार **संपर्क करें- 85188-11111 गंजपारा दुर्ग** (आरो-6638)

अकाउंटेंट

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु अकाउंटेंट की आवश्यकता है **संपर्क- जैन ट्रेडर्स, आकृति बिहार अमलीडीह रायपुर मोबाइल- 9753674707, 0771-4075490.** (आरो-6639)

ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य के लिए लड़कियों एवं लड़कों की जरूरत है। सैलरी 8000 से 10000 तक **पता - ST ENTERPRISES, सब्जी मार्केट पानी टंकी, यूनिहोम्स सोसायटी के सामने, भाटागांव रायपुर (छ. ग.) संपर्क करे - 9993685150, 8959850999.** (आरो-6641)

आवश्यकता है- दुर्ग स्थित अधिवक्ता कार्यालय में कार्य करने हेतु लड़की की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार **कॉल/ मेसेज - 7999847673 समय 12 से 5 तक** (आरो नं.-250)

आवश्यकता है- राष्ट्रीय स्तर की कंपनी को अपने ऑफिस विस्तार हेतु अविवाहित युवकों की आवश्यकता हैं जो शहर से बाहर छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश मे रहकर काम कर सके वेतन 12000 रहना खाना नियुक्ति फ्री ट्रेनिंग के बाद कमाये 20 से 25 हजार महीना **सम्पर्क करे 9755577072, 7999114133.** (आरो-401)

सेल्समैन/ऑपरेटर

आवश्यकता है- सेल्समैन, कम्प्यूटर आपरेटर, ड्राईवर, पैकिंग के लिए महिलाओ की, माल छोड़ने के लिए लड़कों की एवं घरेलू कार्य हेतु लड़की /महिला की आवश्यकता है **संपर्क करे:- बोरियाखुर्द रायपुर** Mob. **9893115061.** (आरो-6642)

केयर टेकर

आवश्यकता है- विकलांग युवक के देखभाल हेतु होनहार, कामकाजी युवक की आवश्यकता है, रहना खाना फ्री वेतन योग्यता अनुसार। **संपर्क नंबर- 7354988225 ऐड्रेस होटल ए डी टावर सिद्धार्थ चौक टिकरापारा रायपुर।** (आरो-6640)

Property
प्रापर्टी

फ्लैट

Flat For Sale- 3 BHK Flat (E-Block) Semi-Furnished (Modular+False Ceiling+Electrics) Carpet-1200 SB-2150 SQFT for sale in Chouhan Town Bhilai. Contact:- **9893834447.** (आरो नं.-252)

Finance
फायनेंस

फाइनेंस- आधार फाइनेंस मुद्रा योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड पर - (50,000/- से 25 लाख तक) (1% ब्याज वार्षिक) प्रॉपर्टी, पर्सनल, , ग्रुपलोन, सिविल ख़राब लोन पाए, **संपर्क - 9311830460.** (आरो-4373)

हरिभूमि क्लासीफाईड

हरिभूमि

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

ड्रैगन ने चुपके से किया बड़ा खेल, भारत की बढ़ी चिंता

पीओके बॉर्डर के पास चीन ने बनाई एक और काउंटी

नई दिल्ली। ईरान-इजराइल तनाव में पूरी दुनिया उलझी हुई है, इधर चीन ने पीओके के पास चुपके से बड़ा खेल खेल लिया। शिनजियांग प्रांत में तीसरी नई काउंटी बना दी गई है। भारत पहले ही दो काउंटियों पर कड़ा ऐतराज जता चुका है। चीन ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) और अफगानिस्तान की सीमा के बेहद करीब अपने संवेदनशील शिनजियांग उइगर स्वायत्त क्षेत्र में एक नई प्रशासनिक इकाई यानी सेनलिंग काउंटी की स्थापना कर दी है। यह चीन द्वारा पिछले एक साल में शिनजियांग में बनाई गई तीसरी नई काउंटी है। रिपोर्ट्स के अनुसार, चीन ने यह कदम उइगरों की घुसपैठ रोकने और वाखान गलियारे की सुरक्षा बढ़ाने के मकसद से उठाया है। नई काउंटी काराकोरम पर्वतमाला के पास स्थित है, जो पीओके और अफगानिस्तान बॉर्डर से मात्र कुछ किलोमीटर की दूरी पर है। इससे पहले चीन ने शिनजियांग में हेआन और हेकांग नाम की दो नई काउंटियां घोषित की थीं. भारत ने दोनों पर तीखा विरोध दर्ज किया था।

आईएसआई समर्थित आतंकी मॉड्यूल, एक गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने बृहस्पतिवार को पाकिस्तान की आईएसआई समर्थित एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया और उसके पास से चार हथगोले बरामद किए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि अमृतसर व मोहाली के राज्य विशेष अभियान प्रकोष्ठों और पंजाब पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस विंग के संयुक्त अभियान में दो विदेशी पिस्तौल और गोला-बारूद भी बरामद किए गए। यादव ने एक पोस्ट में बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला कि आरोपी विदेशी आकाओं के निर्देशों पर काम कर रहा था और चंडीगढ़ में हाल ही में हुए ग्रेनेड हमले में शामिल आतंकी मॉड्यूल से उसके संबंध हैं।

संभल में ईदगाह-इमामबाड़े को बुलडोजर से ढहाया

संभल। उत्तर प्रदेश के संभल में ईदगाह और इमामबाड़े पर गुरुवार सुबह 8 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक बुलडोजर की कार्रवाई चली। इसमें ईदगाह और इमामबाड़ा गिरा दिया गया। इमामबाड़े को तोड़ने के लिए चार बुलडोजर लगे। मौके पर 5 थानों की पुलिस फोर्स और एक कंपनी पीएसी तैनात रही। इसी बीच, गांव के लोग मौके पर जुट गए। विरोध की आशंका को देखते हुए अफसरों ने उन्हें वहां से खदेड़ दिया। प्रशासन के मुताबिक, करीब 7 बीघा चारागाह की जमीन पर ईदगाह और खाद गड्ढे की भूमि पर इमामबाड़ा बनाया गया था। गांव वालों की शिकायत के बाद लेखपाल स्पर्श गुप्ता ने 18 जनवरी को तहसीलदार कोर्ट में अपील दायर की थी। 31 जनवरी को कोर्ट के आदेश पर नोटिस अखबार में छपवाया गया था। इसमें कहा गया था कि जो भी कब्जेदार हैं, वे सामने आएं। हालांकि, कोई भी सामने नहीं आया।

विशेष : पृथ्वी दिवस, 22 अप्रैल

अपनी पृथ्वी को बनाएं स्वच्छ-सुरक्षित और सुंदर

हमारी पृथ्वी स्वच्छ, सुरक्षित रहे, इसके लिए जरूरी है कि हमारा पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र स्वच्छ, संतुलित और सुरक्षित रहे। बच्चो, कुछ छोटे-छोटे कदम उठाकर तुम भी हमारी पृथ्वी के संरक्षण में अपना योगदान दे सकते हो।

अवेयरनेस

शिखर चंद जैन

बच्चो, इस पृथ्वी पर मनुष्य, पेड़-पौधे, जीव-जंतु, हम सभी रहते हैं। पृथ्वी हमारे घर की तरह है। पृथ्वी की रक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 22 अप्रैल को 'अर्थ डे' यानी 'पृथ्वी दिवस' मनाया जाता है। इसे 'इंटरनेशनल मदर अर्थ-डे' के नाम से भी जाना जाता है। साल 2026 के लिए पृथ्वी दिवस की थीम 'हमारी शक्ति, हमारा ग्रह' निर्धारित की गई है। इसका मतलब है, हम सब पृथ्वीवासी के रूप में अपनी शक्तियों और सूझबूझ का प्रयोग करें और अपनी पृथ्वी को एक बेहतर ग्रह बनाएं।

हम बच्चे क्या कर सकते हैं

तुम्हारे मन में सवाल उठ सकता है कि इतनी बड़ी पृथ्वी की सुरक्षा हम बच्चे भला कैसे कर सकते हैं? यहां यह समझना होगा, तुम्हें अकेले पूरी पृथ्वी की रक्षा नहीं करनी है। बस अपने हिस्से का काम करना है। जब सभी लोग अपने-अपने हिस्से का काम करेंगे तो पृथ्वी को प्रदूषणमुक्त, स्वच्छ और हरी-भरी रखने की दिशा में बड़े बदलाव होने लगेंगे। हमारी पृथ्वी हरी-भरी, स्वच्छ और प्रदूषणमुक्त हो जाएगी।

खूब लगाओ पेड़-पौधे

बच्चो, पेड़-पौधे, घने जंगल और वनस्पतियों को पृथ्वी का फेफड़ा कहा जाता है। यह तो तुम जानते ही हो कि हम सांस के द्वारा ऑक्सीजन ग्रहण करते हैं और कार्बन डाईऑक्साइड छोड़ते हैं। पेड़-पौधे इसके विपरीत कार्बन डाईऑक्साइड ग्रहण कर हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। पृथ्वी के पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने के लिए भी पेड़-पौधे और जंगल बहुत जरूरी हैं। तो आज ही ठान लो कि तुम पेड़-पौधों से सच्ची दोस्ती करोगे और इसे निभाओगे। तुम खूब पेड़-पौधे लगाओगे, उसकी देखभाल करोगे। यह हमारी पृथ्वी और हमारे लिए बहुत जरूरी है।

प्लास्टिक को कहो बाय-बाय

आज के समय में प्लास्टिक हमारी पृथ्वी और पर्यावरण के लिए एक बड़ा खतरा बनती जा रही है। धरती को स्वच्छ-सुरक्षित बनाने की दिशा में हमारा मुकाबला 'प्लास्टिक दानव' से भी है। हमारी कोशिश हो कि कम से कम प्लास्टिक इस्तेमाल हो ताकि हमारी धरती, समुद्र की मछलियां, घरेलू और जंगली जानवरों के साथ-साथ पेड़-पौधे और हम इंसान भी इसके दुष्प्रभावों से बचें।

कचरे का सही डिब्बा चुनो

यहां-वहां कचरा फेंकने और इसका सही निस्तारण न करने से प्रदूषण की समस्या उत्पन्न होती है। यह हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत खतरनाक होने के साथ-साथ, हमारी पृथ्वी के लिए भी काफी नुकसानदायक है। इसलिए हमें समझदारी से कचरे का निस्तारण करना चाहिए। नीला डस्टबिन सूखे कचरे के लिए और हरा डस्टबिन गीले कचरे के लिए यूज करना चाहिए। अगर हम कचरा सही जगह डालेंगे, तो हमारी धरती साफ-सुथरी बनी रहेगी।

ऊर्जा का करो संरक्षण

ऊर्जा सीमित संसाधन है। इसका बेतहाशा इस्तेमाल हमारी पृथ्वी और पर्यावरण को अत्यधिक नुकसान पहुंचा सकता है। बिजली की बचत कर हम अपनी पृथ्वी को बहुत राहत पहुंचा सकते हैं। इसलिए कमरे से बाहर जाते समय या जब जरूरत न हो, लाइट, पंखे और बिजली के अन्य उपकरण बंद करने की आदत डालें।

पशु-पक्षियों का सहारा बनो

पशु-पक्षी हों या कीट-पतंगे या फिर कोई भी अन्य जीव, सभी पृथ्वी के लिए आवश्यक हैं। ये हमारे ईको सिस्टम को बैलेंस्ड रखने में सहायक हैं। हमें इनका ध्यान रखना चाहिए। पृथ्वी को खुशहाल रखने के लिए भी इन्हें सुरक्षा देना जरूरी है। गर्मी के दिनों में अपनी छत या बालकनी पर मिट्टी के बर्तन में पानी और दाना जरूर रखो। *

मत करो पानी की बर्बादी

'जल ही जीवन है' ये स्लोगन तो तुमने सुना होगा। दुनिया के कई हिस्सों में लोगों को अपने दैनिक उपयोग के लिए भी पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता। पानी बहुत ही अनमोल है, इसकी बर्बादी रोकना जरूरी है। हमें कभी भी पानी वेस्ट नहीं करना चाहिए। ब्रश करते समय नल बंद रखना और नहाने के लिए शॉवर के बजाय बाल्टी-मग का इस्तेमाल करना, ऐसी छोटी-छोटी आदतें अगर हम सभी अपनाएं, तो बहुत सारा पानी बचाया जा सकेगा।

इंस्पायरिंग / अंजू जैन

बच्चों को स्टोरी या नॉलेज से जुड़ी किताबें पढ़ना बहुत पसंद होता है। लेकिन कुछ ऐसे बच्चे भी हैं, जिन्होंने बहुत छोटी उम्र में किताब लिखकर, सबको चौंकाया, देश-दुनिया में प्रसिद्ध हुए। हम तुम्हें ऐसे ही कुछ प्रतिभावान बच्चों और उनकी प्रकाशित किताबों के बारे में बता रहे हैं।

टैलेंटेड-क्रिएटिव ये नन्हे राइटर

भारत में कई ऐसे प्रतिभाशाली बच्चे हैं, जिन्होंने किताबें पढ़ने की उम्र में खुद ही एक से बढ़कर एक शानदार किताबें लिख डालीं। छोटी उम्र में ही किताबें लिखकर इन बच्चों ने सभी को हैरान कर दिया है। वर्ल्ड बुक डे (23 अप्रैल) के मौके पर जानो, ऐसे ही कुछ टैलेंटेड नन्हे राइटर्स के बारे में।

वाणी रावल

हरियाणा की वाणी रावल ने 10 साल की उम्र में 'कैथी' 23 डेज ऑफ क्रिसमस' और 'कैथी इज कॉलिंगः फाइव एलिमेंट्स ऑफ क्रिसमस' नामक किताबें लिखीं। किताबों की ये सीरीज लिखकर वाणी ने दुनिया की सबसे कम उम्र की 'सीरीज राइटर' होने का गौरव हासिल किया। वाणी का नाम 'वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड', 'एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड', 'इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स', 'इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' और 'ब्रावो इंटरनेशनल वर्ल्ड रिकॉर्ड' में दर्ज है। *

अभिजिता गुप्ता

उत्तर प्रदेश की अभिजिता गुप्ता ने 7 साल की उम्र में अपनी पहली किताब 'हैप्पीनेस ऑल अराउंड' लिखी। वह 'इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' द्वारा दुनिया की सबसे कम उम्र की लेखिका मानी गई है। वह अब तक 3 किताबें लिख चुकी है। 2020 में अभिजिता ने कहानी और कविता की पुस्तक की सबसे कम उम्र की लेखिका होने का रिकॉर्ड बनाया, जिसे 'इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' और 'एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' द्वारा प्रमाणित किया गया है। अभिजिता की कुछ प्रमुख किताबें हैं- 'स्योरली सस्टेन', 'द बिगिन विद द लिटिल थिंग्स', 'मार्क ऑफ द कीपरः वेल ऑफ लाइट'। अभिजिता को 'ग्लोबल चाइल्ड प्रॉडिजी अवॉर्ड 2022' से भी सम्मानित किया जा चुका है। यहां यह भी जानो कि अभिजिता हिंदी साहित्य के महान विभूति राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की परपोती है। *

अयान गोगोई गोहेन

असम के अयान गोगोई गोहेन ने मात्र 4 साल की उम्र में अपनी पहली किताब 'हनीकॉम्ब' लिखी थी। उसे 'इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' द्वारा भारत का सबसे कम उम्र का लेखक घोषित किया गया है। अयान दुनिया के सबसे कम उम्र के लेखकों में से एक है। वर्ष 2020 में ग्लोबल चाइल्ड प्रोडिजी अवार्ड विजेता अयान ने 'बंबलबी' और 'लाइफ लेसंस फ्रॉम द फोर-लेग्ड मोंक' जैसी किताबें भी लिखी हैं। अयान दुनिया के शीर्ष 100 बाल प्रतिभाओं की सूची में भी शामिल हो चुका है। *

तुम्हारे लिए किताब / नीलम राकेश

पर्यावरण संरक्षण की कहानियां

बच्चो, स्वस्थ रहने के लिए जरूरी है धरती का पर्यावरण शुद्ध रहे। पर्यावरण तभी शुद्ध रहेगा, जब हम सभी मिलकर इसको संरक्षित करेंगे। इस बात को ध्यान में रखकर बाल साहित्यकार डॉ. नागेश पांडेय 'संजय' ने तुम्हारे लिए विशेष रूप से कथाओं का संकलन 'पर्यावरण संरक्षण की कहानियां' तैयार किया है। इस किताब में देश के जाने-माने 15 बाल साहित्यकारों की कहानियां संकलित की गई हैं। बच्चो, इस किताब की कहानियों में तुम्हें प्रकृति के नए-नए रंग देखने को मिलेंगे, जो तुम्हारे भीतर पर्यावरण के प्रति प्रेम जगाएंगे। इस संकलन की कहानियों में कहीं देव नदी गंगा अपनी मदद के लिए पुकार रही है, तो कहीं पर 'अलईतारा' के रूप में श्रमदान का महत्व बताया गया है। इस संकलन की एक कहानी 'बिन मौसम' तुम्हें झूमते हुए वृक्षों की छांव में ले जाएगी। कहानी 'पानी नहीं' बताती है पानी की फिजूल खर्ची से कितनी दिक्कतें आ सकती हैं? किताब की हर कहानी कोई ना कोई संदेश देती है, तुम्हें पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करती है। कहानियों के साथ छपे सुंदर चित्र इस किताब के आकर्षण को बढ़ाते हैं। किताब का आवरण बहुत ही मोहक है। एक खास बात यह है कि इसमें बने चित्रों में तुम्हें रंग भरने का मौका मिलेगा। *

किताबः पर्यावरण संरक्षण की कहानियां, **संपादकः** डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'
मूल्यः 230 रुपए, **प्रकाशकः** बुनियादी साहित्य प्रकाशन, लखनऊ

कल्पना करो धरती, सौरमंडल में तीसरी कक्षा से दूर चौथी कक्षा में आ जाए तो क्या होगा? यही होगा, सारे प्राणियों का जीवन घोर संकट में आ जाएगा। इसलिए जरूरी है, हम अपनी आदतें सुधारें, पर्यावरण संरक्षित करें। बच्चो, यह कहानी सौरमंडल में धरती के निश्चित स्थान की महत्ता बताती है।

जब धरती ने जगह बदलने की ठानी

एआई इमेज

कहानी

कुसुम अग्रवाल

आज विद्यालय में विशेष चहल-पहल थी। स्कूल का प्रांगण हरे और नीले गुब्बारों से सजा था। मंच पर लगे एक बैनर पर बड़े अक्षरों में लिखा था-पृथ्वी दिवस। प्रधानाचार्य जी ने मंच पर आकर माइक से घोषणा की, 'आज कक्षा सात के विद्यार्थी एक विशेष नाटक प्रस्तुत करेंगे-जब धरती ने जगह बदलने की ठानी।'

तभी मंच पर परदा खुला। मंच के बीचों-बीच नीले-हरे वस्त्र पहने एक बच्ची खड़ी थी। वह धरती बनी थी। उसके चारों ओर रुई से बने बादल और चमकीले तारे सजे थे। धरती उदास स्वर में बोली, 'मैं बहुत ज्यादा तंग आ चुकी हूं। धुआं, प्रदूषण, बढ़ते तापमान से। मैं सौरमंडल में सूरज से दूरी के हिसाब से तीसरे स्थान पर यानी तीसरी कक्षा में हूं। क्यों न मैं चौथी कक्षा में आ जाऊं। वहां कुछ ठंडक मिलेगी।'

पास में मौजूद चंद्रमा घबराए स्वर में बोला, 'ऐसा मत करो धरती बहन! इससे सौरमंडल का संतुलन बिगड़ जाएगा।'

तभी अलग-अलग वेशभूषा में कुछ बच्चे मंच पर आए। एक बच्चा पेंग्विन बना था। उसने घबराते हुए कहा, 'धरती मां, अगर आप दूर चली गईं तो यहां बहुत ज्यादा ठंडक बढ़ जाएगी। समुद्र जम सकते हैं। हमें भोजन कहां मिलेगा?'

हाथी बना हुआ बच्चा बोला, 'जंगलों में धूप कम हुई तो पेड़-पौधे कैसे उगेंगे, बढ़ेंगे? हम क्या खाएंगे?'

एक बच्ची जो किसान बनी थी, बोली, 'हमारी फसलें नष्ट हो जाएंगी।'

समुद्री नीले वस्त्रों में एक बच्चा, जो व्हेल बना था, बोला, 'पृथ्वी बहन तुम्हारे दूर जाने से समुद्र में आने वाले ज्वार-भाटे का रूप बदल जाएगा।'

तभी एक बाल वैज्ञानिक मंच पर आया। उसने चार्ट दिखाते हुए कहा, 'धरती का सूर्य से निश्चित दूरी पर तीसरी कक्षा में होना ही, इस पर जीवन के लिए आदर्श स्थिति है। यदि पृथ्वी चौथी कक्षा में चली गई तो यह अत्यधिक ठंडी और बंजर हो सकती है, जैसे मंगल ग्रह। और यदि धरती सूरज के पास यानी दूसरी कक्षा में आ जाए तो तपने लगेगी, जैसे शुक्र ग्रह।'

सामने बैठे दर्शक छात्र, ध्यान से सभी बातें सुन रहे थे। धरती ने दुःखी स्वर में कहा, 'पर मेरा बुखार कौन समझेगा? ग्लोबल वार्मिंग मुझे बीमार कर रही है।'

तभी छोटे-छोटे बच्चे पौधे लेकर मंच पर आ गए। एक ने कहा, 'गलती हमारी है। धरती आप अपनी जगह मत बदलें। हम बदलेंगे अपने आपको।'

दूसरे ने कहा, 'हम पेड़ लगाएंगे!'

तीसरे ने कहा, 'हम बिजली बचाएंगे!'

चौथे ने कहा, 'हम प्लास्टिक का उपयोग कम करेंगे!'

पांचवें ने कहा, 'हम हर दिन पृथ्वी दिवस मनाएंगे!'

धरती बनी बच्ची कुछ क्षण चुप रही फिर मुस्कुराते हुए बोली, 'यदि तुम सचमुच अपना व्यवहार बदलोगे, तो मुझे कहीं जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।'

अंतिम दृश्य में सभी बच्चे हाथों में हाथ डालकर बोले, 'धरती हमारी है, हम इसके रखवाले हैं! हम प्रकृति का संरक्षण करेंगे।'

परदा गिरा। नाटक खत्म हो गया। पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा। प्रधानाचार्य जी मंच पर आकर बोले, 'बच्चो, अभी जो तुमने देखा, यह केवल नाटक नहीं है। यह सच्चाई है। धरती अपनी कक्षा नहीं बदल सकती, पर हम अपनी आदतें बदल सकते हैं।' आज स्कूल में पृथ्वी दिवस पर केवल एक कार्यक्रम नहीं हुआ था, यहां संकल्प लिया गया था, पृथ्वी को बचाने का। *

कविता

राजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव

पृथ्वी कितनी प्यारी है!

पृथ्वी कितनी प्यारी है!
सभी ग्रहों से न्यारी है।
हम सबकी जीवनदायी,
हितकारी उपकारी है।
खेत और खलिहान यहां,
वन-उपवन, मैदान यहां।
नदियां ताल समंदर हैं,
खनिजों की हैं खान यहां।
तितली भौंरे सुमन यहां,
पंछी पर्वत पवन यहां।
जल, थल, बादल, नील गगन,
जीवन, भोजन, वसन यहां।
लेकिन वन कटते जाते,
नए शहर बसते जाते।
मिट्टी रेत खनिज पानी,
दिन-प्रतिदिन घटते जाते।
अब हम लें जिम्मेदारी,
और न दोहन हो भारी।
हम सब मिलकर यत्न करें,
बची रहे पृथ्वी प्यारी।

बूझो तो जानें

1
नीला पानी, हरी है घास,
सबके लिए हूं मैं तो खास।
इंसान, पशु और पक्षी सारे,
रहते हैं मेरे ही सहारे।

2
सिर पर ऊपर नीला अंबर,
पैरों के नीचे मिट्टी सुंदर।
पहाड़, नदी और जंगल घने,
सब कुछ हैं मुझपे ही बने।

उत्तर : पृथ्वी

-शिवानी छाया

जीके क्विज-201

1. साइकिल से एवरेस्ट बेस कैंप तक पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला का क्या नाम है?
2. हाल में ही बिहार के नए मुख्यमंत्री कौन बने हैं?
3. रूपा बायर किस खेल से संबंधित हैं?
4. आईपीएल में 200 विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज कौन बन गए हैं?
5. श्रमिक दिवस कब मनाया जाता है?
6. तेनालीरामा किस राजा के दरबारी विद्वान थे?
7. विश्व की सबसे गहरी झील कौन-सी है?
8. भारत के राष्ट्रपति राज्यसभा में कितने सदस्य मनोनीत करते हैं?
9. भूकंप की तीव्रता किस यंत्र से मापी जाती है?
10. किस नदी को दक्षिण भारत की गंगा कहा जाता है?

बच्चो, जीके क्विज-201 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-200 का उत्तर : 1. रोपड़ (पंजाब), 2. भारत, 3. अकबर और हेमू, 4. मिथुन मन्हास, 5. विशाखदत्त, 6. हेग(नीदरलैंड), 7. बुध, 8. विटामिन ए, 9. बी.आर. आंबेडकर, 10. राजस्थान

जीके क्विज-200 का सही उत्तर देने वाले : साकेत-दुर्ग, कबीर-हिसार, अनन्या-राजनांदगांव, कविश-रायपुर, सौम्या-रायगढ़, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, तमन्ना-कोरबा, अक्षित-बिलासपुर, सुमित-रोहतक, हर्ष-बालोद

अंतर बताओ

बच्चो, यहां पार्क में पिकनिक मना रहे भालू और खरगोश के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिखने वाले इन चित्रों में सात अंतर हैं। तुम पांच मिनट में सभी सात अंतर ढूंढ कर बताओ।

उत्तरः 1.भालू तरबूज के बजाय सैंडविच खा रहा है। 2.खरगोश ने टोपी नहीं पहनी है। 3.बेंच पर बिल्ली के बजाय एक पक्षी बैठा हुआ दिख रहा है। 4.पेड़ के नीचे दो तितलियां उड़ रही हैं। 5.भालू के बगल में रखा बास्केट गायब है। 6.भालू की छोटी-सी पूंछ दिख रही है। 7.फूलों वाले गमले की जगह पर बास्केट रखा हुआ है।

लेफ्ट-राइट बताओ

बच्चो, यहां दी गई तस्वीर में कुछ क्लाउन फिश लेफ्ट की तरफ घूमी हुई हैं, तो कुछ राइट की तरफ। तुम्हें गिनकर दिए गए बॉक्स में लिखना है कि कितनी क्लाउन फिश लेफ्ट की तरफ घूमी हुई हैं, कितनी राइट की तरफ?

LEFT

RIGHT

उत्तर : ??????????????

नासिक टीसीएस में 'कॉर्पोरेट जिहाद' देश की सबसे बड़ी अदालत पहुंचा मामला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/नासिक

सुप्रीम कोर्ट करेगी सुनवाई वरिष्ठ वकील ने दायर की याचिका

देश की दिग्गज आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के नासिक कैंपस में सामने आए कथित धार्मिक धर्मांतरण और उत्पीड़न का मामला अब देश की सबसे बड़ी अदालत की दहलीज पर पहुंच गया है। वरिष्ठ वकील अश्विनी उपाध्याय द्वारा सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में नासिक की इस घटना को एक संगठित अपराध के रूप में पेश किया गया है। याचिका में दावा किया गया है कि नासिक जैसी घटनाएं देश की डेमोग्राफी बदलने और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा हैं।

लव जिहाद से कॉर्पोरेट कन्वर्जन तक का जिक्र : उपाध्याय ने अपनी याचिका में नासिक की घटना का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए इसे धोखाधड़ी से होने वाले धर्मांतरण का एक डरावना उदाहरण बताया है। **याचिका में दावा किया गया है कि :** रोजाना करीब 1,000 लड़कियों को प्रेम के जाल में फंसाकर धर्म बदला जा रहा है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के 1,500 परिवारों को हर दिन निशाना बनाया जा रहा है। नासिक की घटना ने यह साबित कर दिया है कि अब वर्कप्लेस (कार्यस्थल) भी सुरक्षित नहीं रहे हैं।

डेमोग्राफी ही भविष्य तय करती : याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट से गुहार लगाई है कि धोखाधड़ी से होने वाले इस धर्मांतरण को रोकने के लिए सख्त नेशनल गाइडलाइन्स जारी की जाएं। याचिका में तर्क दिया गया है कि यदि इस तरह की घटनाओं पर रोक नहीं लगी, तो देश की एकता और अखंडता खतरे में पड़ जाएगी।

यह है मामला : नासिक पुलिस की एसआईटी जांच के अनुसार, टीसीएस के बीपीओ कैंपस में कई महिला कर्मचारियों ने वरिष्ठ सहयोगियों पर यौन शोषण और 'जबरन धर्म परिवर्तन' के गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने अब तक ऑपरेशंस हेड अश्विनी चैनानी और कई टीम लीडर्स सहित सात लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि कर्मचारियों को नमाज पढ़ने, कलमा सीखने और हिंदू धर्म के खिलाफ बातें सुनने के लिए मजबूर किया जाता था।

मुस्लिम पर्सनल लॉ के प्रावधान केंद्र से सुको ने मांगा जवाब

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को केंद्र से उस जनहित याचिका पर जवाब मांगा जिसमें मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीयत) एप्लीकेशन एक्ट, 1937 के कुछ प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है। याचिका में इन प्रावधानों को इस आधार पर चुनौती दी गई है कि ये महिलाओं के खिलाफ कथित तौर पर भेदभावपूर्ण हैं। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने याचिकाकर्ताओं पौलोमी पाविनी शुक्ला और न्याय नारी फाउंडेशन की ओर से मामले में पेश हुए वकील प्रशांत भूषण द्वारा दी गई दलीलों पर गौर किया और केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय को नोटिस जारी किया। याचिका में कहा गया है कि वर्तमान शरीयत उत्तराधिकार नियम महिलाओं के खिलाफ 'स्पष्ट रूप से भेदभावपूर्ण' हैं।

जैकेट के शेष

मोदी की गारंटी- किसी ....

देते हुए इन्हें पेश करने के समय पर सवाल खड़े किए। कांग्रेस के के.सी. वेणुगोपाल ने तीनों विधेयकों को भारत के संघीय ढांचे पर हमला बताते हुए कहा कि वास्तव में विधेयक इस समय लाने का क्या मकसद है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को लोकसभा में सभी राजनीतिक दलों से महिला आरक्षण अधिनियम संबंधी संविधान संशोधन विधेयक का समर्थन करने की अपील करते हुए कहा कि इसे राजनीतिक रंग देने की जरूरत नहीं है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि जो भी इसका विरोध करेंगे उन्हें लंबे समय तक इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी।

सरकार ने जारी की ....

और इसे 2029 में लागू करने पर जारी चर्चा के बीच 2023 के अधिनियम को 16 अप्रैल से प्रभावी क्यों अधिसूचित किया गया। कानून को लागू करने के संबंध में एक अधिकारी ने 'तकनीकी खामियों' का हवाला दिया, लेकिन इसके बारे में विस्तार से नहीं बताया।

छत्तीसगढ़ में 28 ....

1998 में संगठित पहल - छत्तीसगढ़ प्रान्त थिंक टैंक द्वारा 1 नवम्बर 1998 को तत्कालीन प्रधानमंत्री को सौंपे गए ज्ञापन में महिलाओं को संसद और विधानसभाओं में आरक्षण देने की मांग की गई थी। ज्ञापन में विशेष रूप से पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) की महिलाओं को भी प्रतिनिधित्व देने पर जोर दिया गया था। उस समय यह चिंता जताई गई थी कि यदि महिला आरक्षण में सामाजिक वर्गों का संतुलन नहीं रखा गया, तो इसका वास्तविक उद्देश्य अधूरा रह जाएगा और केवल सीमित वर्ग की महिलाओं को ही लाभ मिलेगा।

सामाजिक संतुलन की थी मुख्य चिंता

ज्ञापन में स्पष्ट कहा गया था कि संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना जरूरी है, लेकिन इसके साथ सामाजिक न्याय भी सुनिश्चित होना चाहिए। पिछड़े वर्ग की महिलाओं को प्रतिनिधित्व न मिलने पर उन्हें राजनीतिक प्रक्रिया से वंचित रहने का खतरा बताया गया था। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट के फैसलों और पंचायत-नगर निकायों में लागू आरक्षण का हवाला देते हुए यह मांग रखी गई थी कि उसी तर्ज पर संसद और विधानसभाओं में भी समावेशी आरक्षण लागू किया जाए।

थिंक टैंक में शामिल थे ये : छत्तीसगढ़ प्रांत थिंक टैक में राज्य के प्रबुद्ध लोग शामिल थे, इनमें प्रोफेसर रामकुमार कश्यप पूर्व कुलपति रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर, प्रोफेसर बलराम प्रधान प्रोफेसर इंजीनियरिंग कालेज रायपुर, कु.ऋतु वर्मा, अंतरराष्ट्रीय पंडवानी कलाकार, डा.पीएस चंद्राकर पूर्व अस्थिरोग विशेषज्ञ, भिलाई स्टील प्लांट, नारायण राव अंबिलकर, रामधार चंद्रवंशी दोनो स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, प्रोफेसर चंद्रशेखर सिंगरौल, शिव प्रसाद कोष्ठा पूर्व कुलपति दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर, प्रोफेसर रमेश चंद्र मेहरोत्रा, भाषाविद, आरडीएस कश्यप पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश सहित कई अन्य लोग शामिल थे।

तब की आशंकाएं ....

पारित होने के बाद यह मुद्दा फिर चर्चा में है। हालांकि, इसके क्रियान्वयन को जनगणना और परिसीमन से जोड़ा गया है, जिसके कारण इसे लागू होने में समय लग सकता है। छत्तीसगढ़ सहित देश के कई हिस्सों में अब यह मांग उठ रही है कि महिला आरक्षण में ओबीसी महिलाओं के लिए अलग से प्रावधान किया जाए, ताकि सामाजिक संतुलन बना रहे।

बॉयलर विस्फोट में ....

अधिक श्रमिक बुरी तरह से झुलस गए, जिनमें से 20 लोगों की मौत हो गई। वहीं घटना में गंभीर रूप से घायल 16 श्रमिकों को खरसिया, रायगढ़, बिलासपुर और रायपुर के अस्पतालों में इलाज के लिए भर्ती किया गया है। इधर इस मामले की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश भी कलेक्टर सक्ती ने दिए हैं। प्रारंभिक जांच के उपरांत उपलब्ध साक्ष्यों एवं तकनीकी रिपोर्टों के आधार पर घटना में लापरवाही परिलक्षित हुई है। उक्त परिस्थितियों के आधार पर पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर के निर्देश पर वेदांता कंपनी के प्रबंधक देवेन्द्र पटेल सहित अन्य जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रथम दृष्टया लापरवाही परिलक्षित होने पर थाना डभरा में अपराध क्रमांक 119/2026, धारा 106(1), 289, 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

उद्योग मंत्री पहुंचे वेदांता ...

और वेदांता प्रबंधन के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने श्रम कानूनों के अनुरूप घटना के तकनीकी पहलुओं की गहराई से जांच कराने तथा दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए।

कांग्रेस की जांच ....

का जायजा लिया। कांग्रेस जांच दल ने प्लांट और प्रशासन के अधिकारियों से चर्चा कर घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी ली।

पेज एक के शेष

61 नक्सलियों को मारने के ...

डिफ्यूज करते हुए टीम पहाड़ के उपर चढ़ रही थी। सप्ताह भर ऊपर चढ़ने के बाद पहाड़ के ऊपर पहुंचे। इस दौरान नक्सलियों के साथ कई बार मुठभेड़ हुआ और टीम के साथ तीन नक्सलियों के शव के अलावा भारी मात्रा में विस्फोटक, लेथ मशीन, डीजल पेट्रोल के कंटेनर व अन्य सामान बरामद किए गए। 8 मई को ऑपरेशन पूरा करने के बाद टीम वापस कर्रेगुट्टा हिल्स से नीचे आ रही थी। पहाड़ से लगभग सौ मीटर उतरने के दौरान 9 मई को पत्थर के नीचे प्लांट किए गए आईईडी में विनोद का पैर पड़ गया और जोरदार विस्फोट के साथ वह लगभग 10 मीटर दूर जा गिरे। इस हादसे में उनका उनका दाहिना पैर 64 प्रतिशत क्षतिग्रस्त हो गया और उनके दाहिने कान का पर्दा भी फट गया। टीम के अन्य सदस्यों की मदद से उन्हें वापस कर्रेगुट्टा हिल्स के ऊपर ले जाया गया।

भीषण गर्मी ने लगवाए..

को करना पड़ रहा है। विशेषकर छोटे बच्चे इससे अधिक प्रभावित हो रहे हैं।इन हालातों को देखते हुए विद्यालयों में समय पूर्व ही अवकाश घोषित कर दिया गया है।

छत्तीसगढ़ में टॉप पर ...

अंक प्राप्त कर राज्य में शीर्ष स्थान हासिल किया है। डीपीएस दुर्ग के बेहतर परिणाम से पूरे स्कूल प्रबंधन में खुशी का माहौल है। स्कूल की प्रिंसिपल पुनीता नेहरू ने बताया कि 10वीं बोर्ड में उनके डीपीएस दुर्ग का परिणाम शतप्रतिशत रहा। विद्यालय से इस परीक्षा में कुल 234 विद्यार्थी शामिल हुए थे। इनमें 184 छात्र प्रथम श्रेणी में पास हुए हैं। 45 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। 51 विद्यार्थियों ने 80-90 प्रतिशत के बीच अंक हासिल किए हैं। अथर्व ने 99.4 प्रतिशत और दिव्या ने 99.2 प्रतिशत अंक और जायडेन ने 98.2 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है। इसके साथ ही 5 छात्रों ने संस्कृत विषय में, तीन ने जर्मन, 7 ने आर्टिफिशियल इंटेलजेंस, 7 ने गणित एसटीडी, 1 ने विज्ञान, 7 ने सामाजिक विज्ञान और दो छात्रों ने उर्दू विषय में शतप्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। प्रिंसिपल पुनीता नेहरू ने दोनों टॉपर्स को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

पीएम बालेंद्र शाह ने जांच के लिए बनाया खास पैनल

नेपाल में भ्रष्टाचार पर सख्ती, सात पूर्व पीएम की संपत्ति की जांच के आदेश

एजेंसी ▶▶| काठमांडू

नेपाल सरकार ने साल 2005 से 2025 के बीच सार्वजनिक पद पर रहे प्रमुख राजनीतिक पदाधिकारियों और उच्च अधिकारियों की संपत्ति का विवरण जुटाने और जांच करने के लिए एक आयोग गठन किया है। इसमें 100 से अधिक मंत्रियों की संपत्ति की जांच भी की जाएगी। प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक ने पूर्व सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीश राजेंद्र भंडारी के नेतृत्व में चार सदस्यीय आयोग बनाने का फैसला लिया। आयोग में पूर्व न्यायाधीश चंडी राज ढकाल, पुरुषोत्तम प्रजापति, पूर्व पुलिस उप महानिरीक्षक गणेश केसी

और चार्टर्ड अकाउंटेंट प्रकाश लम्साल शामिल हैं। प्रधानमंत्री शाह के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद 27 मार्च को 15 दिनों के भीतर इस तरह का आयोग गठित करने का फैसला लिया गया था। यह प्रावधान सरकार के 100 बिंदुओं वाले शासन सुधार एजेंडा के बिंदु संख्या 43 में शामिल था।

आयोग को दिए गए विशेष अधिकार

आयोग को कानूनी, साक्ष्य-आधारित और निष्पक्ष तरीके से जांच करने का अधिकार दिया गया है। सरकार ने यह भी फैसला लिया है कि आयोग द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट और सिफारिशों को संबंधित निकायों के माध्यम से लागू किया जाएगा।इस जांच के घेरे में पूर्व प्रधानमंत्री और उनके परिवार के लोग जांच के घेरे में आ गए हैं। इनमें पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली, पुष्प कमल दहाल प्रचण्ड, शेर बहादुर देउवा, डॉ. बाबूराम भट्टराई, माधव कुमार नेपाल, खिलराज रेग्मी, झलनाथ खनाल जांच के दायरे में हैं।

जस्टिस कांता के सामने फिर पेश हुए केजरीवाल

कोर्ट ने केजरी के अतिरिक्त हलफनामे को लिया रिकॉर्ड पर

एजेंसी ▶▶| काठमांडू

दिल्ली हाईकोर्ट में गुरुवार को आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल से जुड़े मामले में अहम सुनवाई हुई। कोर्ट ने केजरीवाल के अतिरिक्त हलफनामे को रिकॉर्ड पर लेने की अनुमति दे दी है। अरविंद केजरीवाल की ओर से कोर्ट में एक अतिरिक्त एफिडेविट दाखिल करने की मांग की गई थी। इस पर केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यह मांग पहले ही खारिज की जा चुकी है। हालांकि अगर अदालत इसे सुनना चाहे तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। मामले पर विचार करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया कि वह अतिरिक्त हलफनामे को रिकॉर्ड पर ले रही है और

रजिस्ट्री को भी इसे आधिकारिक रिकॉर्ड में शामिल करने का निर्देश दिया। साथ ही, कोर्ट ने केजरीवाल को निर्देश दिया कि वे अपना हलफनामा इलेक्ट्रॉनिक मोड में दाखिल करें। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल ने यह भी कहा कि केजरीवाल के अतिरिक्त हलफनामे पर सीबीआई भी अपना जवाब दाखिल करेगी। इस पर कोर्ट ने अनुमति देते हुए कहा कि सीबीआई अपने जवाब की एक प्रति केजरीवाल को भी उपलब्ध कराए।

यूक्रेन में रूसी मिसाइल और ड्रोन हमले में 16 लोगों की मौत

कीव। रूस ने यूक्रेन के नागरिक क्षेत्रों पर कई घंटे तक सैकड़ों ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया। इस हमले में कम से कम 16 लोग मारे गए और 80 से अधिक लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। लगभग दो सप्ताह में यूक्रेन को निशाना बनाकर किया गया रूस का यह सबसे बड़ा हवाई हमला था।

अधिकारियों ने बताया कि रूस ने लगभग 700 ड्रोन और कई बैलिस्टिक एवं क्रूज मिसाइलें दागीं, जिनका मुख्य निशाना आम नागरिक थे। रूस ने चार साल से अधिक समय पहले पड़ोसी देश पर आक्रमण किया था और तब से रूसी सेना लगभग हर दिन नागरिक क्षेत्रों पर हमले कर रही है।

इंग्लैंड में भारतीय मूल की स्पीच एंड लैंग्वेज थेरेपिस्ट बर्खास्त

लंदन। यूके में एक भारतीय मूल की स्पीच एंड लैंग्वेज थेरेपिस्ट साई कीर्तना श्रीपेरंबुदुरु को अंग्रेजी ठीक से न समझ पाने और आवेदन में गलत जानकारी देने के आरोप में नौकरी से निकाल दिया गया। कारण यह रहा कि वह मरीजों और सहकर्मियों की बात ठीक से समझ नहीं पा रही थीं। यह मामला जून 2024 का हो, लेकिन इसकी जानकारी अब सामने आई है। कीर्तना ने अक्टूबर 2023 में यॉर्क एंड स्कारबरो टीचिंग हॉस्पिटल्स NHS ट्रस्ट जॉइन किया था। जॉइनिंग के कुछ ही समय बाद सहकर्मियों को पता चला कि वह मरीजों और स्टाफ की अंग्रेजी ठीक से समझ नहीं पा रही थीं। स्पीच थेरेपिस्ट होने के बावजूद उन्हें उच्चारण, व्याकरण और बातचीत समझने में समस्या थी। अंततः जून 2024 में उनकी सेवाएं समाप्त कर दी गईं। आवेदन में कीर्तना ने अंग्रेजी को अपनी पहली भाषा बताया था, लेकिन बाद में रिव्यू मीटिंग में स्वीकार किया कि उनकी मातृभाषा तेलुगु है।

अंडमान सागर में नाव डूबी, 250 बांग्लादेशी लापता

नई दिल्ली। अंडमान सागर में एक नाव डूबने से करीब 250 रोहिंग्या और बांग्लादेशी नागरिक लापता हो गए हैं। यूएन रिफ्यूजी और माइग्रेशन एजेंसी के मुताबिक, यह हादसा पिछले हफ्ते खराब मौसम और ओवरलोडिंग के कारण हुआ। यह ट्रॉलर बांग्लादेश से मलेशिया जा रहा था। बांग्लादेश कोस्ट गार्ड ने 9 अप्रैल को अपने एक जहाज के जरिए 9 लोगों को बचाया, लेकिन बाकी लोगों का अब तक कोई पता नहीं चल पाया है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
विद्युत कार्य हेतु निविदा सूचना

निविदा सूचना संख्याः सीनियर डी.ई.ई. (आर. एस. & जी.)बी.एस.पी./ओ.टी.पी./26-27-01, दिनांक 10.04.2026. कार्य का नामः कार्य का विद्युत भाग "बिलासपुर सेटलमेन्ट क्षेत्र में 10 टन प्रति दिन क्षमता वाली मैकेनाइज्ड लॉन्ड्री की स्थापना।" निविदा मूल्य (लगभग): ₹ 1,07,07,320.92. अमानत राशिः ₹ 2,14,200/-.

निविदा बंद होने की तिथि व समयः 07.05.2026, 15:00 बजे।

विस्तृत जानकारी/निविदा दस्तावेज का विक्रय, पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण, निविदा दस्तावेज जो हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है, उससे देख सकते है।

वरि. मंडल विद्युत इंजी.(आर.एस.एवं सामान्य)/बिलासपुर
सीपीआर/10/ 25
South East Central Railway @secrail

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
"डिज़ाइन/आपूर्ति/स्थापना" हेतु निविदा सूचना

कार्य विवरण : ई–टेंडर बिलासपुर मंडल में दिव्यांगजनों की सुविधा हेतु 'May I Help You' बूथ के डिजाइन/आपूर्ति/स्थापना के कार्य के लिए आमंत्रित किया गया है। उक्त कार्य हेतु निविदा आमंत्रण सूचना (NIT) दिनांक 09.04.2026 को IREPS वेबसाइट (https://ireps.gov.in) पर प्रकाशित की जा चुकी है। विवरण इस प्रकार हैं – निविदा क्रम सं.: कॉम–पीए–एमआईएचबी–दिव्यांग–26–27। निविदा मूल्यः ₹ 3,58,80,000/-। अमानत राशिः ₹ 7,17,600/-। कार्य पूर्णता की अवधिः 12 माह। निविदा जमा करने की आरंभ तिथिः दिनांक 16.04.2026 से । निविदा जमा करने की अंतिम तिथिः दिनांक 30.04.2026 के 15.00 बजे तक।

सहायक वाणिज्य प्रबंधक (माल भाड़ा–II)
सीपीआर/10/24 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
स्टोर्स आइटम्स की आपूर्ति हेतु निविदा सूचना
ई- निविदा सूचना संख्याः एनआईटी/14/26/14, दिनांक: 08.04.2026.

क्र. सं.	टेन्डर संख्या	विवरण	निविदा बंद/खुलने की तिथि	मात्रा
1.	02261884	अर्थ रिटर्न ब्रुस होल्डर एसेम्बली फॉर डब्ल्यूएज..........	01.05.2026	243 नग
2.	03262779	"लोक बोल्ट साईजः डाया 22.2 एमएम"	28.04.2026	74674 सेट
3.	03261490	कट् ऑफ एंगल कोक विथ भेंट (फॉर एआर ब्रेक वैगन्स	29.04.2026	10174 नग
4.	03261477	लोकिंग प्लेट फॉर एएआर स्टैण्डर्ड कार्टज बेयरिंग	28.04.2026	215111 नग
5.	06260110	मेनुफेक्चर एंड सप्लाए ऑफ कम्पोजिट ग्रुब्द रबर सोल प्लेट्स 6.2 एमएम थिक विथ हॉर्न फॉर 60 के.जी. पीएससी स्लीपर्स	29.04.2026	2013396 नग
6.	05261187	एलईडी सबसिडियरी सिग्नल (कॉलींग ऑन?)	29.04.2026	1443 नग

निविदा खुलने/बंद होने का समयः- 10.30 बजे

रेलवे को किसी निविदा के लिए शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है, शुद्धिपत्र और ई खरीद की जरूरी सूचना वेंडर www.ireps.gov.in पर देख सकते है।
सीपीआर/10/20 कृते प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

कार्यालय नगर पंचायत चारामा, जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.)
-:: मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना ::-

क्रमांक 31 / लो.नि.वि./ न.पा./ 2026-27 चारामा, दिनांक 15/04/2026

नगर पंचायत चारामा द्वारा सांसद निधि / विधायक निधि / अध्यक्ष निधि / पार्षद निधि / मरम्मत संधारण/ निकाय निधि से वार्षिक निविदा वर्ष 2026-27 में निम्नांकित कार्य कराये जाने हेतु लो.नि.वि. द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/ सप्लायरों/ फर्मों से निविदा प्रपत्र "अ" एवं "ब" में तीन लिफाफा (निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि एफ.डी.आर.) पद्धति से मुहरबंद पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि :- 23/04/2026 दिन गुरुवार समय 5.00 बजे तक
निविदा प्रपत्र विक्रय की तिथि :- 30/04/2026 दिन गुरुवार समय 5.30 बजे तक
निविदा प्रस्तुत करने की तिथि :- 08/05/2026 दिन शुक्रवार समय 3.00 बजे तक
निविदा खोलने की अंतिम तिथि :- 08/05/2026 दिन शुक्रवार समय 4.00 बजे तक

उपरोक्त कार्य हेतु टेक्नीकल स्पेसिफिकेशन, निविदा संबंधी संपूर्ण शर्तें/ जानकारी कार्यालयीन दिवस में कार्यालय नगर पंचायत चारामा से प्राप्त की जा सकती है एवं विभागीय पोर्टल http://uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत चारामा

पूर्व तट रेलवे
सूचना सं.eT-West-WAT-10-2026, दिनांक : 10.04.2026

कार्य का नाम : वाल्टियर मंडल के KK-II लाइन में सहायक मण्डल अभियन्ता/किरन्डुल के अधिकार क्षेत्र के अधीन सिलकझोरी-किरन्डुल स्टेशन के बीच रिटेनिंग वॉल, साइड ड्रेन, कैच वाटर ड्रेन, बैंक ढलान टर्निंग एवं पिचिंग इत्यादि के निर्माण द्वारा प्रस्तावित ढलान स्थिरता के उपाय से संबंधित शेष कार्य का निष्पादन।

कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में): 2,46,48,244.18, EMD(रुपये में): 4,93,000/-, कार्य पूरा होने की अवधि : 08 महीने।

निविदा बंद होने की तिथि व समयः दिनांक 04.05.2026 को 1500 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही ये सभी फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव के संबंध में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने के कम से कम 10 (दस) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें।

मण्डल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), वाल्टियर
PR-52/R/26-27

पूर्व तट रेलवे
(1) सूचना सं.eT-East-WAT-05-2026, दिनांक : 08.04.2026

कार्य का नामः वरिष्ठ मण्डल अभियन्ता/ईस्ट/वाल्टियर के अधिकार क्षेत्र के अधीन 2 संख्यक स्टेशन अर्थात् गरिविडि एवं पारलाखेमुन्डी में 3 लाइन हेतु 720 मीटर CSL प्राप्त करने के लिए मानकीकरण।

कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में): 1,47,28,442.01, EMD(रुपये में): 2,94,600/-।

(2) सूचना सं.eT-East-WAT-06-2026, दिनांक : 08.04.2026

कार्य का नामः सहायक मण्डल अभियन्ता/श्रीकाकुलम रोड अधिकार क्षेत्र के अधीन श्रीकाकुलम स्टेशन में रेल सुरक्षा बल पोस्ट एवं 40 बिस्तर वाले रेल सुरक्षा बल (RPF) बैराक का निर्माण।

कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में): 3,72,65,566.87, EMD(रुपये में): 7,45,300/-।

कार्य पूरा होने की अवधिः 10 महीने (क्रम सं. 1 हेतु) एवं 12 महीने (क्रम सं. 2 हेतु)।

निविदा बंद होने की तिथि व समयः दिनांक 30.04.2026 को 1500 बजे (दोनों निविदा हेतु)।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही ये सभी फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव के संबंध में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने के कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें।

मण्डल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), वाल्टियर
PR-47/R/26-27

कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)
ई–प्रोक्योरमेंट प्रथम निविदा सूचना

दिनांक 16/04/2026

नगर पालिक निगम बिलासपुर के ज़ोन क्र.08 अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा दिनांक 11.05.2026 तक आमंत्रित की जाती है:–

क्र.	NIT	सिस्टम टेंडर नं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	अमानत राशि
1	46/1	189012	वार्ड क्र.64 अटल चौक से प्राइमरी स्कूल तक आर.सी.सी नाली निर्माण	12.26	10,000.00
2	46/2	189013	वार्ड क्र.64 नहर पुल से मरीमाता होते हुए मिसरी तालाब तक सी.सी. रोड निर्माण	20.34	15,500.00
3	46/3	189016	वार्ड क्र.68 जीवन बंजारे के घर से कंचन विहार तक आर.सी.सी. नाली निर्माण	12.26	10,000.00
4	46/4	189017	वार्ड क्र.68 ओम त्रिपाठी के घर से गोपीचंद एवं शारदा प्रताप के घर से प्रकाश मिरी के घर होते हुए जै जै आईटीआई तक आर.सी.सी. नाली निर्माण	12.26	10,000.00

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई–प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 15.04.2026 संध्या 05.30 बजे के पश्चात डाउनलोड की जा सकती है।

Green City, Clean City, Dream City.
कार्यपालन अभियंता, जोन क्र.08
न.पा.नि., बिलासपुर (छ.ग.)

राशिफल

मेष — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान रहेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। तरक्की के योग हैं।

वृष — मन थोड़ा परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जाना हो सकता है।

मिथुन — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबारी कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

कर्क — वाणी में मधुरता रहेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

सिंह — आत्मविश्वास भी बहुत रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। खर्च बढ़ेंगे। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

कन्या — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति बन सकती हैं।

तुला — मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। कारोबार में सुधार होगा। कारोबार के विस्तार के लिए पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता के योग हैं।

वृश्चिक — किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार से लाभ के अवसर भी मिल सकते हैं। यात्रा के सुखद परिणाम मिलेंगे।

धनु — आत्मविश्वास से लबरेज तो रहेंगे, परन्तु मन अशान्त भी हो सकता है। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।

मकर — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

कुंभ — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु मन में उतार–चढ़ाव भी रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंता परेशान करेंगी।

मीन — मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे, परन्तु आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। खर्च अधिक रहेगा। मित्रों से भेंट होगी।

शब्द पहेली - 6198



बाएँ से दाए
1. अनाथालय-5
4. जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7. कमरा, रूम-2
8. फिजूल-3
9. अंग्रेजी शराब-2
10. अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11. लक्ष्मी, कमला-2
13. ध्वनिहीनता, शांति-4
14. देवता, देव-2
16. प्रणाम, नमस्कार-3
18. रुधिरहीन, कमजोर-3
19. प्रस्थान करना-3,2
21. पालने वाला, ईश्वर-5
24. प्रेम, चाहना-3
26. वन, अरण्य, जंगल-3
28. विदेशी मदिरा-2
29. छिड़कना-4
30. धूल, मिट्टी-2
32. अंगीकार करना-4
33. छापा, सतत वर्षा-2
35. विरुद्ध-3
36. सुबह, प्रातःकाल-2
37. जोकर, विदूषक-4
38. संन्यासी, साधु-3,2

ऊपर से नीचे
1. इसके सवाल युधिष्ठर ने हल किये थे -2
2. उदारता, बड़प्पन-4
3. पत्नी का नाना-2,3
4. दसवीं राशि -3
5. बहादुर, निडर-2
6. एक मुस्लिम महीना-4
7. कहानी लेखक-5
10. नाव चलाना-2,2
12. सम्मान-2
15. मारकाट, खून खराबा-4
17. पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18. कुकर्म, दुष्कर्म-4
20. गाड़ी, यान-3
22. इंकार करना-4
23. रचना करनेवाला, रचयिता -5
25. जीवनसाथी-5
26. कारोबार, व्यवसाय-4
27. मादा का विलोम-2
29. निर्झरणशील-4
31. ढेर, काफी सारा (उर्दू-3)
34. मजा, आनंद-2
36. भोगने वाला, कामी-2

शब्द पहेली - 6197 का हल



सूडोकु नवताल - 6208

★★★★★ कठिनतम

	9				4			7
					7	9		
8								
4		5	8					
3				1				2
					9	7		6
								4
		3	5					
2			6				8	

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल- 6207 का हल

7	8	5	2	6	3	1	4	9
4	3	1	9	7	5	8	2	6
2	6	9	1	4	8	7	5	3
3	1	4	6	8	9	5	7	2
9	5	8	7	2	4	6	3	1
6	7	2	5	3	1	9	8	4
5	2	7	3	9	6	4	1	8
1	4	6	8	5	2	3	9	7
8	9	3	4	1	7	2	6	5

खबर संक्षेप

फ्लिपकार्ट, उबर ने ग्राहकों को लाभ देने की साझेदारी

नई दिल्ली। ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट और ऑनलाइन कैब बुकिंग की सुविधा देने वाले मंच उबर ने साझेदारी की घोषणा की। इसके तहत फ्लिपकार्ट के 'सुपरकॉइन्स' रिवॉर्ड कार्यक्रम को उबर की वाहन सेवाओं में एकीकृत किया गया है। बुक प्रत्येक पात्र कैब यात्रा पर अपने किराये का चार प्रतिशत 'सुपरकॉइन्स' के रूप में प्राप्त कर सकते हैं।

चीन की अर्थव्यवस्था पांच प्रतिशत की दर से बढ़ी

हांगकांग। चीन की अर्थव्यवस्था में 2026 की पहली तिमाही में तेजी आई और यह सालाना आधार पर पांच प्रतिशत की दर से बढ़ी। बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। जनवरी-मार्च 2026 के आंकड़े अर्थशास्त्रियों के अनुमान से बेहतर रहे और अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में दर्ज 4.5 प्रतिशत वृद्धि से भी अधिक हैं।

पोलारिस स्मार्ट ने बीआईआई में हासिल किया वित्त पोषण

नई दिल्ली। पोलारिस स्मार्ट मीटरिंग ने कहा कि उसने अपनी इकाई हुगली स्मार्ट मीटरिंग के लिए ब्रिटेन के विकास वित्त संस्थान ब्रिटिश इंटरनेशनल इन्वेस्टमेंट से 710 करोड़ रुपये का वित्त पोषण हासिल किया है।कंपनी ने बयान में कहा कि यह वित्त पोषण पश्चिम बंगाल में 22 लाख से अधिक स्मार्ट मीटर लगाने में मदद करेगा।

एक दिन में 230 वाला शेयर हुआ 1,840 रुपए का, कंपनी की पलटी किस्मत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ दिवालिया होने की कगार पर खड़ी थी कंपनी

स्टॉक मार्केट में अक्सर चमत्कार होते हैं। ऐसा ही अमेरिकी शेयर बाजार में बुधवार को हुआ। घाटे की वजह से दिवालिया होने की कगार पर खड़ी ऊन के जूते बनाने वाली कंपनी ऑलबड्र्स के शेयर अचानक रॉकेट बन गए।

लेकिन फिर एक ऐसा ऐलान हुआ जिसने न केवल कंपनी का नाम बदल दिया, बल्कि इसके गिरते हुए शेयरों को 'रॉकेट' बना दिया। कंपनी का शेयर महज 2.49 डॉलर (करीब 230 रुपए) पर खुला लेकिन शाम को बंद 16.99 डॉलर (करीब 1,840 रुपए) पर हुआ। यानी एक दिन में ही 582 प्रतिशत का उछाल। कंपनी की डूबती नैया को 'एआई' ने ऐसी रफ्तार दी कि रातों-रात निवेशकों की चांदी हो गई और कंपनी का बाजार पूंजीकरण भी 22 मिलियन डॉलर से उछलकर 150 मिलियन डॉलर हो गया।

अमेरिकी शेयर बाजार में हुआ यह अजूबा

क्या टिक पाएगी तेजी

बाजार के विशेषज्ञ इस बदलाव को 'अवसरवादिता' मान रहे हैं। स्वतंत्र रिटेल कंसल्टेंट ब्रूस विंडर का मानना है कि यह केवल एआई की मौजूदा 'हाइप' का फायदा उठाने की कोशिश है। जब भी कोई नई तकनीक आती है, डूबती कंपनियां उसका नाम ओढ़कर निवेशकों को रिझाने की कोशिश करती हैं। डॉट-कॉम दौर में कंपनियों ने नाम के पीछे '.com' लगाया था। क्रिप्टो लहर में 'लॉन्ग आइलैंड आइस्ड टी' ने अपना नाम 'लॉन्ग ब्लॉकचेन' कर लिया था। विशेषज्ञों का कहना है कि ऑलबड्र्स के पास फिलहाल एआई के क्षेत्र में कोई ठोस अनुभव या इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं है, केवल एक योजना और नया नाम है।

कंपनी की वैल्यूएशन पहले 4 अरब डॉलर थी

ऑलबड्र्स की वैल्यूएशन कभी 4 अरब डॉलर से अधिक हुआ करती थी। लेकिन खराब मांग और घाटे के कारण यह कंपनी महज 22 मिलियन डॉलर की रह गई थी। इसके स्टोर बंद हो रहे थे और भविष्य अंधकारमय लगने लगा था। ऐसे में कंपनी ने एक चौंकाने वाला फैसला लिया। ऑलबड्र्स ने घोषणा की है कि वह अब जूते नहीं बनाएगी, बल्कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) इंफ्रास्ट्रक्चर की दुनिया में कदम रखेगी। बस इसी ऐलान ने निवेशकों में जोश भर दिया। ऑलबड्र्स 2021 में बाजार में लिस्ट हुई थी। तब से हर साल इसके शेयर गिरते रहे हैं।

न्यूबर्ड एआई का जन्म

ऑलबड्र्स अब खुद को पूरी तरह से बदलने जा रही है। कंपनी ने घोषणा की है कि वह अपने फुटवियर बिजनेस को अलविदा कहकर अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंफ्रास्ट्रक्चर की दुनिया में उतरेगी। इस नए अवतार में कंपनी का नाम होगा न्यूबर्ड एआई। कंपनी 50 मिलियन डॉलर की नई फंडिंग के जरिए हाई-परफॉर्मेंस जीपीयू इंफ्रास्ट्रक्चर खरीदेगी। ऑलबड्र्स का लक्ष्य भविष्य में खुद को एक 'जीपीयू-एज़-ए-सर्विस' और 'एआई-नेटिव क्लाउड सॉल्यूशंस' प्रदाता के रूप में स्थापित करना है।

अक्षय तृतीया पर एटी ज्वेलर्स में एक्सक्लूसिव ज्वेलरी कलेक्शन

रायपुर। अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स प्रा. लि. (एटी ज्वेलर्स) ने अपने ग्राहकों के लिए सोने, चांदी, डायमंड और जेम्स स्टोन ज्वेलरी का भव्य 'एक्सक्लूसिव कलेक्शन' लांच किया। यह कलेक्शंस पारंपरिक और आधुनिक डिजाइन का संगम है। इस बार कलेक्शन में ग्राहकों की बदलती जरूरतों और बजट को विशेष प्राथमिकता दी गई है।

लाइटवेट ज्वेलरी सेगमेंट में लगातार नए प्रयोग किए जा रहे हैं, जिसमें बेहद हल्की से लेकर लगभग 20 कैरेट तक की ज्वेलरी तैयार की जा रही है, ताकि हर वर्ग के ग्राहक आसानी से खरीदारी कर सकें। एटी ज्वेलर्स ने एंटीक, कुंदन, जड़ाऊ और स्टोन ज्वेलरी को मिलाकर नई-नई डिजाइनों की विस्तृत श्रृंखला तैयार की है। खास बात यह है कि सभी डिजाइन एटी ज्वेलर्स की अपनी वर्कशॉप में तैयार होते हैं, जिससे हर ज्वेलरी पीस एक्सक्लूसिव और यूनिक रहता है। वेडिंग सीजन को देखते हुए रजवाड़ा ज्वेलरी की मांग में तेजी आई है। इसी को ध्यान में रखते हुए संस्थान ने राजवाड़ी स्टाइल के कई आकर्षक डिजाइन पेश किए हैं, जिनमें पोल्की स्टोन, जड़ाऊ कारीगरी और पारंपरिक

शिल्प का विशेष समावेश है। 10 ग्राम से लेकर 200 ग्राम तक के ब्राइडल सेट्स में जड़ाऊ, डायमंड फैंसी, लाइटवेट डायमंड और ट्रेडिशनल ज्वेलरी के विकल्प उपलब्ध हैं।

डायमंड ज्वेलरी में भी लाइटवेट और प्रीमियम फिनिश वाले डिजाइन ग्राहकों को आकर्षित कर रहे हैं। चांदी के सेगमेंट में पूजा सामग्री से लेकर बिछिया, चूड़ी, कंगन, नेकलेस और कॉरपोरेट गिफ्ट आइटम्स की विस्तृत रेंज पेश की गई है। एटी ज्वेलर्स ने बजट फ्रेंडली ज्वेलरी के तहत 9 कैरेट गोल्ड ज्वेलरी भी शुरू की है, जिसे ग्राहकों से शानदार रिस्पांस मिल रहा है।

अक्षय तृतीया पर सोने-चांदी की खरीदारी अत्यंत शुभ

एटी ज्वेलर्स के चेयरमैन डायरेक्टर तिलोकचंद बरड़िया ने बताया कि वर्ष 1957 से स्थापित यह संस्थान आज भी शुद्धता, पारदर्शिता और ग्राहक विश्वास के मूल्यों पर कायम है। लगातार 68 वर्षों से ग्राहकों का भरोसा ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है, जिसे हम 'अक्षय विश्वास' मानते हैं। उन्होंने आगे कहा कि अक्षय तृतीया को सोने-चांदी की खरीदारी करना अत्यंत शुभ माना जाता है। इस दिन की गई खरीदारी से समृद्धि और धन में वृद्धि होती है। इसी अवसर पर ग्राहकों के लिए विशेष छूट, एक्सचेंज ऑफर और आकर्षक योजनाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं।

बिजनेस साइट

अक्षय तृतीया पर उज्जवल ज्वेलर्स में खास ऑफर

रायपुर। शहर के प्रतिष्ठित आभूषण विक्रेता उज्जवल ज्वेलर्स ने अपने ग्राहकों के लिए आकर्षक ऑफर्स की पेशकश की है। खासतौर पर अक्षय तृतीया से पहले शुरू की गई इस योजना में ग्राहकों को खरीदारी के साथ अतिरिक्त लाभ मिल रहा है, जिससे यह समय निवेश और खरीदारी दोनों के लिए बेहद उपयुक्त बन गया है। शोरूम के संचालक उज्जवल झाबक ने बताया कि सोना हमेशा से विश्वसनीय निवेश का माध्यम रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए ग्राहकों को बेहतर लाभ देने के उद्देश्य से विशेष योजनाएं शुरू की गई हैं। ऑफर के तहत 75,000 रु. या उससे अधिक की ज्वेलरी खरीदने पर ग्राहकों को मुफ्त गोल्ड कॉइन दिया जा रहा है। इसके अलावा, ग्राहकों के लिए प्री-बुकिंग सुविधा भी शुरू की गई है, जिसके माध्यम से वे मौजूदा दरों पर अपनी पसंदीदा ज्वेलरी बुक कर सकते हैं। यदि सोने के दाम घटते हैं तो ग्राहकों को कम रेट का लाभ मिलेगा, वहीं कीमत बढ़ने की स्थिति में पहले से तय दर पर ही ज्वेलरी उपलब्ध कराई जाएगी। सोने के आभूषणों पर मेकिंग चार्ज 7 प्रतिशत से शुरू है, जबकि डायमंड ज्वेलरी पर भी विशेष छूट दी जा रही है। पुराने सोने पर 100 प्रतिशत एक्सचेंज वैल्यू की सुविधा भी ग्राहकों को आकर्षित कर रही है। सदर बाजार स्थित शोरूम में आधुनिक टेस्टिंग मशीनों के जरिए आभूषणों की शुद्धता की तुरंत जांच की जा सकती है।

वित्तीय कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली से सेंसेक्स टूटा

मुंबई। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 123 अंक टूट गया, जबकि एनएसई निफ्टी 24,200 अंक के नीचे बंद हुआ। हाल की तेजी के बाद बैंक और वित्तीय शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स शुरुआती बढ़त को गंवाते हुए 122.56 अंक की गिरावट के साथ 77,988.68 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स बढ़त के साथ खुला और 78,730.32 अंक तक पहुंच गया। हालांकि, बाद में ऊंचे स्तर पर मुनाफावसूली से यह गिरावट के साथ 77,674.93 अंक के निचले स्तर पर पहुंच गया। निफ्टी भी 34.55 अंक यानी 0.14 प्रतिशत टूटकर 24,196.75 अंक पर बंद हुआ। पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के संकेत के बीच दोनों मानक सूचकांकों में बुधवार को एक प्रतिशत से अधिक की तेजी आई थी। कंपनियों में एचडीएफसी बैंक में सबसे ज्यादा 1.75 प्रतिशत की गिरावट आई।

विप्रो का मुनाफा 1.89% घटकर 3502 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी विप्रो का बीते वित्त वर्ष की चौथी (मार्च) तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 1.89 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,501.8 करोड़ रुपये रहा है। 2024-25 की चौथी तिमाही में कंपनी का मुनाफा 3,569.6 करोड़ रुपये था। 2025-26 की चौथी तिमाही में उसकी आमदनी 7.6 प्रतिशत बढ़कर 24,236.3 करोड़ रुपये हो गई। राजस्व में क्रमशः 12.2 प्रतिशत और 2.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

भारतीय भूचुंबकत्व संस्थान, मुंबई
Indian Institute of Geomagnetism, Mumbai
(विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त निकाय)
(An Autonomous Body under Dept. of Science & Technology, Government of India)

विज्ञापन संख्याः 02/IIG/HRD/2026 दिनांकः अप्रैल 15, 2026

आईआईजी मुंबई द्वारा भौतिकी (स्पेस फिजिक्स) में एकीकृत एमएस (आर)-पीएचडी कार्यक्रम 2026 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। विस्तृत विज्ञापन के लिए कृपया वेबसाइट देखें: https://iigm.res.in/admissions/integrated-msr-ph-d.

रजिस्ट्रार

CBC 36127/12/0002/2627

MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION

e-Procurement Tender Notice
Main Portal: http://cgeprocurement.gov.in
UADD Portal: http://uadd.cgeprocurement.gov.in

NIT NO: 7211 /RNNTL/City Bus /2026 RAIPUR DATED: 16/04/2026

Online bids are invited for the following works up to 15th May 2026 at 17:30 hours.

Sr. No.	System Tender No.	Name of work/Description of work
1	189094	Bus Advertising Services on City Buses running in Raipur to Naya Raipur Chhattisgarh

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in in from **16th April 2026 17.30 Hours** (IST) on wards. For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal. NIT Details and other document.

NOTE: - 1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal., 2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140** or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in

घरो से निकलने वाले गीला और सुखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

Managing Director
Raipur Nagar Nigam Transport Limited

मजबूत वैश्विक संकेतों से चांदी 1,700 रुपए चढ़ी, सोना टूटा

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को चांदी की कीमत 1,700 रुपये बढ़कर 2.58 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। इसकी वजह लगातार मांग और मज़बूत वैश्विक रुख था, जबकि निवेशक भू-राजनीतिक घटनाक्रम और मुद्रा के उतार-चढ़ाव पर नज़र रखे हुए थे।

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, चांदी 1,700 रुपये या लगभग एक प्रतिशत बढ़कर 2,58,700 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गई, जबकि पिछली सत्र में यह 2,57,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। हालांकि, 99.9 प्रतिशत वाला सोना 200 रुपये टूटकर 1,57,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गया। बुधवार को, सोने की कीमत 1,58,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''बृहस्पतिवार को सोने में सीमित दायरे में कारोबार हुआ, जो मिले-जुले बाजार संकेतों को दिखाता है।

अशोक लेलैंड ने पेश किए दो ईंधन वाले एलसीवी मॉडल

नई दिल्ली। वाणिज्यिक वाहन कंपनी अशोक लेलैंड ने पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव के बावजूद मांग मजबूत बनी होने का जिक्र करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान के कारण संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) स्थित उसके संयंत्र के उत्पादन पर असर पड़ा है। कंपनी के अध्यक्ष (हल्के वाणिज्यिक वाहन, अंतरराष्ट्रीय परिचालन, रक्षा एवं बिजली समाधान) अमनदीप सिंह ने यहां संवाददाताओं से कहा कि मौजूदा हालात का वित्त वर्ष 2026-27 के प्रदर्शन पर संभावित असर का आकलन करना अभी जल्दबाजी होगी लेकिन भारत में आर्थिक गतिविधियां मजबूत बनी हुई हैं।

मार्च में उत्पादन थोड़ा घटा

सिंह ने कहा कि पश्चिम एशिया के मौजूदा हालात के कारण लॉजिस्टिक और कलपुर्जों की आपूर्ति में कुछ बाधाएं आई हैं, जिससे मार्च में उत्पादन थोड़ा घट गया। उन्होंने कहा, /"हम वैकल्पिक मार्ग और लॉजिस्टिक व्यवस्था पर काम कर रहे हैं ताकि संयंत्र का संचालन सामान्य हो सके। स्थिति जल्द सुधरने की उम्मीद है।

एसपीएल ने आधी हिस्सेदारी टेक्नॉर एपेक्स को बेची

नई दिल्ली। डीसीएम श्रीराम ने कहा कि वह अपनी अनुषंगी कंपनी श्रीराम पॉलीटेक लिमिटेड (एसपीएल) में अपनी आधी हिस्सेदारी नीदरलैंड की कंपनी टेक्नॉर एपेक्स बी वी को 56 लाख डॉलर में बेचेगी। एक संयुक्त उद्यम में बदल जाएगी। डीसीएम श्रीराम के बोर्ड ने इस सौदे को मंजूरी दे दी है, जिसके 23 अप्रैल तक पूरा होने की उम्मीद है। इस लेनदेन से एसपीएल में डीसीएम श्रीराम की हिस्सेदारी 100 प्रतिशत से घटकर 50 प्रतिशत रह जाएगी, जिससे पॉलीमर कंपाउंड बनाने वाली यह कंपनी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी के बजाय एक संयुक्त उद्यम बन जाएगी। डीसीएम श्रीराम ने कहा कि यह गठबंधन उन्नत सामग्री पोर्टफोलियो का विस्तार करने और उच्च वृद्धि वाले क्षेत्रों में वैश्विक साझेदारी बनाने की उसकी रणनीति का हिस्सा है।

Government of Jharkhand
Jharkhand Rural Health Mission Society
Department of Health, Medical Education & Family Welfare
Namkum, Ranchi.
Phone No: 0651-2261000, 2261856 & 2261002 Mail ID: proc-health@jharkhandmail.gov.in
Tender Notice No. GEM/2026/B/7443485 Date: 15/04/2026

Tender Notice Through GeM Portal

Jharkhand Rural Health Mission Society, Namkum, Ranchi invites separate Technical and price Bids (Two Bid System) through tender from the registered and eligible firms for **"REQUEST FOR PROPOSAL (RFP) FOR THE SELECTION OF A SERVICE PROVIDER FOR REPAIR AND MAINTENANCE OF 206 MEDICAL AMBULANCE SERVICES (EMAS) DEPLOYED ACROSS STATE OF JHARKHAND UNDER THE DEPARTMENT OF HEALTH, MEDICAL EDUCATION & FAMILY WELFARE, GOVERNMENT OF JHARKHAND".**

The Blank tender documents with detailed conditions can be obtained through web site http://gem.gov.in.

Sl.No.	Particulars	Details
1	Name of Work	REQUEST FOR PROPOSAL (RFP) FOR THE SELECTION OF A SERVICE PROVIDER FOR REPAIR AND MAINTENANCE OF 206 MEDICAL AMBULANCE SERVICES (EMAS) DEPLOYED ACROSS STATE OF JHARKHAND UNDER THE DEPARTMENT OF HEALTH, MEDICAL EDUCATION & FAMILY WELFARE, GOVERNMENT OF JHARKHAND.
2	Publication Date of Tender on website	15/04/2026
3	Pre-Bid Meeting Date and Time	24/04/2026 at 03:00 PM (R.C.H. Conference Hall, Namkum, Ranchi, Jharkhand-834010)
4	Last Date & time for receipt of bid on website	11/05/2026 at 02:00 PM
5	Date & time of opening of Technical Bid through website	11/05/2026 at 02:30 PM
6	Earnest Money Deposit (EMD)	50,00,000/- (Fifty Lakh Only)
7	Contact no. of procurement person	9110943588

Note:-The above dates may change due to abrupt declaration of holidays.
Hard copies of Technical Bid will not be entertained.

Sd/-
State Nodal Officer Procurement Cell
Jharkhand Rural Health Mission Society,
Namkum, Ranchi.

PR 377591 Health Med Edu and Family Welfare(26-27)#D

कार्यालय नगरपालिका परिषद सारंगढ़ जिला- सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

क्रमांक /166/लो.क./ 2026 सारंगढ़ दिनांक : 16.04.2026

मैनुअल पद्धति निविदा सूचना

एतद् द्वारा नगरपालिका परिषद सारंगढ़ में जिला खनिज संस्थान न्यास मद वर्ष 2025-26 अन्तर्गत विभिन्न कार्य हेतु निविदा प्रपत्र ए में CGPWD BUILDING 01-01-2015 CGPWD ROAD SOR 01-01-2025 तथा आज दिनांक तक संशोधित निविदा आधार पर छ.ग. शासन लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से मैनुअल निविदा (त्रि लिफाफ पद्धति) आमंत्रित की जाती है:-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि :- 28.04.2026 04.00 बजे शाम तक
2. परीक्षण उपरांत निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की तिथि :- 01.05.2026 कार्यालयीन समय तक
3. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 06.05.2026 03.00 बजे दोपहर तक
4. निविदा खोलने की तिथि :- 06.05.2026 04.00 बजे दोपहर से

क्र.	कार्य का नाम	प्राक्कलन राशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र मूल्य	धरोहर राशि (टी.डी.आर.)	कार्य की अवधि
1	आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य (स्वीपर मोहल्ला के पास ताराबाई के घर से नाका नं. 05 पुलिया तक)	3.01	750.00	3000.00	03 माह
2	इंटरलाकिंग निर्माण कार्य भाग 01 वार्ड क्र. 08 तुर्की तालाब	5.02	750.00	5000.00	03 माह
3	इंटरलाकिंग निर्माण कार्य भाग 02 वार्ड क्र. 08 तुर्की तालाब	5.02	750.00	5000.00	03 माह
4	टो-वाल एवं पिचिंग कार्य (वार्ड क्र. 08 तुर्की तालाब)	3.49	750.00	3500.00	03 माह
5	इंटरलाकिंग एवं चैन फेसिंग निर्माण वार्ड क्र. 01 खेलभाठा मैदान सारंगढ़ में	9.07	750.00	9000.00	03 माह
6	बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य आंगनबाड़ी भवन में वार्ड क्र. 06 सहसपुर बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य आंगनबाड़ी भवन में वार्ड क्र. 14 बुटीपारा बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य आंगनबाड़ी भवन में वार्ड क्र. 01 रानीसागर बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य आंगनबाड़ी भवन में वार्ड क्र. 05 गदहाभाठा	5.26	750.00	5500.00	03 माह

निविदा की सामान्य शर्ते, निविदा दस्तावेज, व अन्य जानकारी कार्यालय में कार्यालयीन अवधि अथवा https://uad.cg.gov.in/ की वेबसाईट में देखी जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद सारंगढ़

पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉलीथीन का उपयोग न करें

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)
(छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल की उत्तरवर्ती कंपनी)

आम सूचना

समस्त सम्मानीय उपभोक्ताओं, आम जनता एवं ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि 132/33 केव्ही उपकेन्द्र मेटलपार्क उरला से (संधा / संचा.) संभाग उरला अंतर्गत 07 नग 33 केव्ही फीडर दिनांक 17.04.2026 के बाद कभी भी ऊर्जीकृत माना जाए, जिनका विवरण निम्नानुसार हैः-

1. 33 केव्ही ट्रांसपोर्ट नगर फीडर 33 केव्ही नया लाईन जो 132 केव्ही उपकेन्द्र से निकलकर रावांभाठा शमशान घाट किनारे ESIC हास्पिटल होते हुए 33/11 केव्ही ट्रांसपोर्ट नगर उपकेन्द्र तक जा रही है।
2. 33 केव्ही महाकालेश्वर फीडर- 33 केव्ही नया लाईन जो 132 केव्ही उपकेन्द्र से निकलकर कन्हेरा चौक एवं मेटलपार्क फेस-01 क्षेत्र से गुजर रही है।
3. 33 केव्ही बालाजी फीडरः- 33 केव्ही नया लाईन जो 132 केव्ही उपकेन्द्र से निकलकर मेटलपार्क फेस-01 क्षेत्र से गुजर रही है।
4. 33 केव्ही निमोरा फीडरः- 33 केव्ही नया लाईन जो 132 केव्ही उपकेन्द्र से निकलकर कन्हेरा चौक होते हुए रिंग रोड तक जा रही है।
5. 33 केव्ही ख्याति फीडर- 33 केव्ही नया लाईन जो 132 केव्ही उपकेन्द्र से निकलकर मेटलपार्क फेस-01 एवं मेटलपार्क फेस-02 होते हुए कन्हेरा अंडरपास ब्रिज तक जा रही है।
6. 33 केव्ही नटराज फीडरः- 33 केव्ही नया लाईन जो 132 केव्ही उपकेन्द्र से निकलकर शेरा होटल मेटलपार्क चौक, ट्रांसपोर्ट नगर चौक तक जा रही है।
7. 33 केव्ही रावांभाठा फीडरः- 33 केव्ही नया लाईन जो 132 केव्ही उपकेन्द्र से निकलकर मेटलपार्क मुख्य मार्ग, मेटलपार्क चौक, ट्रांसपोर्ट नगर चौक होते हुए रावांभाठा जा रही है।

अतः समस्त ग्रामवासियों, आम जनता एवं उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (विद्युत आपूर्ति और सुरक्षा से संबंधित उपाय) विनिमय, 2023 एवं 2010 तथा विद्युत अधिनियम 2003 की संगत धाराओं के अंतर्गत विनिमय 62,63 एवं 64 में विनिर्दिष्ट प्रावधानों के अनुसार सुरक्षित अंतर / दूरी बनाए रखें एवं लाईन के नीचे या आस-पास कोई निर्माण कार्य अथवा खुदाई की मिट्टी, कृषि उत्पाद या ज्वलनशील समाग्री भण्डारित नहीं किया जावें। कृषि संबंधित कार्य (मिजाई मिसाई, धान उड़ाई) आदि कार्य ना करें एवं अपने मवेशियों आदि को खम्भे स्टे सेट से ना बांधे।

उक्त नवीन विस्तारित 33 केव्ही लाईन को दिनांक 17.04.2026 के बाद कभी-भी ऊर्जीकृत करने हेतु सूचना प्रकाशित किया जाना है।

कार्यपालन यंत्री (संचा. / संधा.) संभाग
छ.स्टे.पा.डि.कं.लिमि. उरला

S-47539/1

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) सी.आई.एनः-U40108CT2003SGC015820
कार्यालय : मुख्य अभियंता (मा0सं0), छ.ग.स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, रायपुर

क्र0 औ0सं0 एवं श्र0क0 / 129 रायपुर, दिनांक 16.04.2026

-:: निविदा खोलने की तिथि में वृद्धि की सूचना ::-

छ0ग0स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड में कार्यरत अधिकारियों / कर्मचारियों के लिये सक्षम बीमा कंपनियों से वर्ष 2026-27 हेतु एक वर्ष की अवधि के लिये सामूहिक व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत सीलबंद निविदा लिफाफे निविदा क्रमांक 86 दिनांक 16.03.2026 के माध्यम से आमंत्रित किये गये थे। उक्त निविदा खुलने की तिथि 15.04.2026 निर्धारित थी, जिसे बढ़ाया जाता है। निविदा प्रपत्र दिनांक 21.04.2026 को सायं 5:00 बजे तक क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र दिनांक 22.04.2026 अपरान्ह 3:00 बजे तक जमा किये जा सकेंगे। निविदा इसी दिनांक को अपरान्ह 3:30 बजे खोली जावेगी।

निविदा की अन्य शर्तें व निबंधन (Terms and Condition) निविदा क्र0 86 दिनांक 16.03.2026 के अनुसार ही होंगे।

मुख्य अभियंता (मा0सं0)
स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें छ0ग0स्टेट पॉ0ट्रांस0 कं0लिमि0, रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्या.,
बी-26, सेक्टर-07, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर फोन-07714059181

मकान किराया हेतु विज्ञापन

छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्या रायपुर के माननीय अध्यक्ष महोदय के आवास हेतु रायपुर के पचपेड़ीनाका, भाठागांव, शंकरनगर, तेलीबांधा, न्यू राजेन्द्र नगर, अवंति विहार, कौशल्या विहार जैसे क्षेत्र में सर्व सुविधा युक्त 3BHK स्वतंत्र मकान कलेक्टर द्वारा निर्धारित दर पर लिया जाना है।

कृपया किराये में मकान उपलब्ध कराने हेतु इच्छुक मकान मालिक मकान का सम्पूर्ण विवरण सहित आवेदन कार्यालय राज्य हाथकरघा संघ बी-26, सेक्टर-07, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर फोन- 0771 4059181 में दिनांक 30.04.2026 तक प्रस्तुत कर सकते है।

सचिव
छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्या. रायपुर

S- 47534/1

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर

क्रमांक /248 / 2026 रायपुर दिनांक 16/4/2026

छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मण्डल में चाय, अल्पाहार एवं भोजन आपूर्ति के लिए फर्मों के इम्पैनलमेंट हेतु

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, पेंशनबाड़ा रायपुर (छ.ग.) के कार्यालय में चाय, स्वल्पाहार एवं भोजन की आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों / संस्थाओं के इम्पैनलमेंट हेतु सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा प्रपत्र कार्यालय छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, पेंशनबाड़ा रायपुर (छ.ग.) से कार्यालयीन दिवस कार्यालयीन समय में भण्डार शाखा से राशि रूपये 1000/- (रू. एक हजार मात्र) का डी.डी. जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा फार्म दिनांक 07.05.2026 तक अपरान्ह 12.00 बजे तक केवल पंजीकृत डाक द्वारा ही जमा किये जा सकते हैं।

1. निविदा प्रपत्र विक्रय दिनांक :- 20.04.2026 से 07.05.2026 समय अपरान्ह 12.00 बजे तक
2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि :- 07.05.2026 समय अपरान्ह 12.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि :- 07.05.2026 समय अपरान्ह 4.00 बजे।
4. निविदा खोलने का स्थान :- छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मण्डल, पेंशनबाड़ा रायपुर

सचिव
छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मण्डल
रायपुर

S-47537/1

कार्यालय कार्यपालन अभियंता वि./यां. लाईट मशीनरी नलकूप एवं गेट संभाग सकरी, बिलासपुर (छ.ग.)

निविदा निरस्तीकरण आदेश

पत्र क्र. 1335 / व.ले.लि./2026-27 बिलासपुर दिनांक 14-04-26

प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग, शिवनाथ भवन, सेक्टर-19, नार्थ ब्लॉक, नवा रायपुर, अटल नगर रायपुर के पृष्ठां. क्र. 4263956/निविदा प्रकोष्ठ /2025/3840/TC नवा रायपुर दिनांक 22.01.2026 के परिपालन में इस कार्यालय के निविदा सूचना क्रं. 22/व.ले.लि./ 2025-26 दिनांक 04.12.2025 कोरबा जिले के विकासखण्ड कटघोरा व्यपवर्तन योजना के जलद्वारों का मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य (प्रथम आमंत्रण) निविदा सिस्टम क्रं. 181097 को निविदा में निरंक निविदाकार होने के कारण निविदा निरस्त किया जाता है।

विज्ञापन क्रं. जी 252605274 दिनांक 06.12.2025

कार्यपालन अभियंता
वि./यां. लाईट मशीनरी नलकूप एवं गेट संभाग सकरी
बिलासपुर (छ.ग.)

G-262700205/2

छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना
जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

निविदा निरस्तीकरण सूचना

स. क्र.	कार्य का नाम	निविदा सूचना क्र. / सिस्टम निविदा क्र. / दिनांक	अनुमानित लागत	निविदा निरस्त होने का कारण
1.	धमतरी जिले के विकासखण्ड नगरी की नगरी वितरक शाखा नहर से दुगली सिंगपुर तक नहर विस्तार कार्य आर.डी. से 10000 मी. से 17000 मी. (ग्रुप- 3)।	06/व.ले. लि. / 2025-26/181372, दिनांक 10.12.2025 (द्वितीय आमंत्रण) (जी. नंबर 252605434)	रू. 977.69 लाख	निविदाकार द्वारा निरस्तीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किए जाने के कारण।

कार्यपालन अभियंता
म.ज.प. बांध संभाग क्र. 2, रूद्री
कृते मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

G-262700212/3

आईपीएल पाइंट टेबल

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक
पंजाब	5	4	1	9
बेंगलुरु	5	4	1	8
राजस्थान	5	4	1	8
हैदराबाद	5	2	3	4
दिल्ली	4	2	2	4
गुजरात	4	2	2	4
लखनऊ	5	2	3	4
चेन्नई	5	2	3	4
मुंबई	5	1	4	2
कोलकाता	5	0	4	1

ऑरेंज कैप

विराट कोहली
228 रन
बेंगलुर

पर्पल कैप

प्रसिद्ध कृष्णा
10 विकेट
गुजरात

जडेजा 3,000 से ज्यादा रन बनाने के साथ ही चटका चुके हैं 173 विकेट, दूसरे नंबर पर अक्षर पटेल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग में अब तक चुनिंदा स्पिनरों ने 100 विकेट का आंकड़ा पार किया है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के क्रुणाल पांड्या ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच में ये आंकड़ा छूआ। इसके साथ ही पांड्या उन चुनिंदा खिलाड़ियों की सूची में शामिल हुए, जिन्होंने आईपीएल में 1,000 रन बनाने के साथ-साथ 100 विकेट भी लिए हैं।

रविंद्र जडेजा

रविंद्र जडेजा आईपीएल में 259 मैच की 201 पारियों में 28.27 की औसत और 130.00 की स्ट्राइक रेट से 3,336 रन बना चुके हैं। इसमें 5 अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 77* रन का रहा है। गेंदबाजी में उन्होंने 228 पारियों में 30.31 की औसत से 173 विकेट चटका लिए हैं। वह 1 बार 5 विकेट हॉल भी ले चुके हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/16 विकेट का रहा है। वह आईपीएल में कुल 4 टीमों से खेल चुके हैं।

अक्षर पटेल

अक्षर पटेल ने अपना पहला आईपीएल मुकाबला साल 2014 में खेला था। उन्होंने अब तक 166 मुकाबले खेले हैं और इसकी 127 पारियों में 21.32 की औसत और 133.63 की स्ट्राइक रेट से 1,913 रन बनाने में सफल रहे हैं। उनके बल्ले से 3 अर्धशतक निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 66 रन रहा है। गेंदबाजी में इस खिलाड़ी ने 163 पारियों में 31.72 की औसत से 131 विकेट चटकाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4/21 का रहा है।

क्रुणाल पांड्या

पांड्या ने अपना पहला आईपीएल मुकाबला साल 2016 में खेला था। अब तक इस खिलाड़ी ने 147 मुकाबले खेले हैं और इसकी 137 पारियों में 31.41 की औसत और 7.53 की इकॉनमी रेट से 100 विकेट लिए हैं। उन्होंने एक बार 4 विकेट हॉल लिया है और उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 4/45 का रहा है। बल्लेबाजी में इस खिलाड़ी ने 119 पारियों में 21.96 की औसत और 131.90 की स्ट्राइक रेट से 1,757 रन बनाए हैं।

इन विदेशी खिलाड़ियों ने हासिल किया है ये मुकाम

विदेशी खिलाड़ियों में 1,000 रन के साथ-साथ 100 विकेट लेने वाले खिलाड़ी ड्वेन ब्रावो, सुनील नरेन और आंद्रे रसेल हैं। इनमें से आईपीएल 2026 में सिर्फ नरेन हिस्सा ले रहे हैं।

खबर संक्षेप

अर्जुन व आदित्य ने यूएस ओपन में एक और स्वर्ण पदक जीता

नई दिल्ली। अर्जुन सिंह ने आदित्य सिंह की भारतीय जोड़ी ने फ्लोरिडा के नेपल्स में चल रही यूएस ओपन पिकलबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में जे मेओडे और डब्ल्यू लिन को 9-11, 11-2, 11-7 से हराकर पुरुष युगल 5.0 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। भारत के ही पंथ ठक्कर और अथर्व शेठ की जोड़ी ने 4.5 पुरुष युगल वर्ग में रजत पदक जीता। उन्हें फाइनल में कैयन एप्पल और माइकल वैन इयूसेन से 8-11, 9-11 से हार का सामना करना पड़ा। अर्जुन और आदित्य ने कहा, ''यूएस ओपन में एक और स्वर्ण पदक जीतना बेहद संतोषजनक है। हमने फिर से मिलकर यह खिताब जीता है जिससे यह और खास बन जाता है।

शुभंकर ने 64 का कार्ड खेला बोल्डर्स खिताब जीतने के करीब

हैदराबाद। शीर्ष पर चल रहे शुभंकर शर्मा ने बृहस्पतिवार को यहां एक करोड़ पुरस्कार राशि के शुरुआती बोल्डर्स क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट के तीसरे दौर में आठ अंडर 64 का शानदार कार्ड खेलकर सात शॉट की विशाल बढ़त हासिल की। दो बार के डीपी वर्ल्ड टूर विजेता 29 वर्षीय शुभंकर (66, 66, 64) का कुल स्कोर 20 अंडर 196 हो गया है। उन्होंने तीसरे दौर में नौ बर्डी लगाई और महज एक बोगी की। दिल्ली के राशिद खान, चंडीगढ़ के अंगद चीमा और विशेष शर्मा 13 अंडर 203 के कुल स्कोर से संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर बने हुए हैं।

पंजाब किंग्स ने दर्ज की चौथी जीत, अंक तालिका में पहुंची टॉप पर

डिकॉक के शतक पर भारी प्रभसिमरन की पारी पंजाब किंग्स ने एमआई को सात विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्रभसिमरन सिंह और कप्तान श्रेयस अय्यर के अर्धशतक से सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक के तेजतर्रार शतक पर पानी फेरते हुए पंजाब किंग्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में बृहस्पतिवार को यहां मुंबई इंडियंस को सात विकेट से हराकर अंक तालिका के शीर्ष पर पहुंच गई। पंजाब किंग्स की टीम मुंबई के 196 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए प्रभसिमरन की 39 गेंद में 11 चौकों और दो छक्कों से सजी 80 रन की पारी की और कप्तान श्रेयस अय्यर (66 रन, 35 गेंद, पांच चौके, चार छक्के) के साथ तीसरे विकेट के लिए 139 रन की साझेदारी बदौलत 16.3 ओवर में तीन विकेट पर 198 रन बनाकर आसान जीत दर्ज करने में सफल रही। इस जीत से टूर्नामेंट की एकमात्र अजेय टीम पंजाब किंग्स पांच मैच में नौ अंक के साथ शीर्ष पर पहुंच गई। मुंबई की टीम इतने ही मैच में दो अंक के साथ नौवें स्थान पर है।



अर्शदीप सिंह
3 विकेट

प्रभसिमरन सिंह
88* रन

पंजाब ने 16.3 ओवर में हासिल किया लक्ष्य

पीबीकेएस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। उनका ये फैसला सही साबित हुआ और 12 रन पर एमआई के 2 बल्लेबाज पवेलियन में थे। हालांकि, इसके बाद क्विंटन डिकॉक ने शानदार शतकीय पारी (112*) खेली। नमनधीर के बल्ले से 50 रन निकले। एमआई ने 195/6 का स्कोर बनाया। जवाब में पंजाब किंग्स ने श्रेयस अय्यर (66) और प्रभसिमरन सिंह (80) की शानदार पारियों के दम पर 16.3 ओवर में 3 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

एमआई की शतक वाली लिस्ट में शामिल हुए डिकॉक

डिकॉक एमआई के 7वें बल्लेबाज बने, जिन्होंने आईपीएल में शतक लगाया है। उनसे पहले सचिन तेंदुलकर, सनथ जयसूर्या, रोहित शर्मा, लेंडल सिंमस, सूर्यकुमार ने 2-2 शतक लगाए थे। कैमरून ग्रीन ने एमआई के लिए एक शतक लगाया है। डिकॉक ने एमआई के लिए अब तक 44 मुकाबले खेले हैं और इस दौरान 36.94 की औसत से 1,441 रन बनाने में सफल रहे हैं। उनके बल्ले से 10 अर्धशतक भी निकले हैं। उनकी स्ट्राइक रेट 134.42 की रही है।

अर्शदीप ने लिए पंजाब किंग्स के लिए 100 विकेट

अर्शदीप सिंह ने 22 रन देकर 3 विकेट लिए। उन्होंने अपने आईपीएल करियर में 100 विकेट पूरे कर लिए और ऐसा करने वाले पीबीकेएस के पहले गेंदबाज बने। अर्शदीप ने एमआई के रयान रिकेल्टन को आउट कर यह खास मुकाम हासिल किया। पंजाब के लिए इस खिलाड़ी ने 87 मुकाबले खेले हैं और इसकी 86 पारियों में 26.87 की औसत से 102 विकेट चटकाए हैं। अर्शदीप के बाद पीबीकेएस के लिए सबसे ज्यादा विकेट (87) पीयूष चावला ने लिए हैं।

डिकॉक ने जड़ा तीसरा आईपीएल शतक

डिकॉक ने मैच में 60 गेंदों का सामना किया और 112* रन बनाए। उनके बल्ले से 8 चौके और 7 छक्के निकले। उनकी स्ट्राइक रेट 186.67 की रही। यह उनके आईपीएल करियर का कुल तीसरा शतक साबित हुआ, जिसे उन्होंने 53 गेंदों में पूरा किया। डिकॉक ने नमनधीर के साथ मिलकर पारी संभाली। दोनों के बीच 68 गेंदों में 122 रन की साझेदारी हुई। हार्दिक पांड्या के साथ इस खिलाड़ी ने 23 गेंदों में 41 रन जोड़े।

डिकॉक सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज

डिकॉक विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में आईपीएल में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज भी बन गए हैं। उन्होंने एडम गिलक्रिस्ट, राहुल, ऋषभ पंत और सैमसन को पीछे छोड़ा है। इन खिलाड़ियों ने विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में 2-2 शतक लगाए थे। ब्रेडन मैकुलम, जॉनी बेयरस्टो, हेनरिक क्लासेन और रिद्धिमान साहा ने आईपीएल में विकेटकीपर के रूप में 1-1 शतक लगाया है। डिकॉक आईपीएल 2025 में कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम का हिस्सा रहे थे।

क्रिकेट

बांग्लादेश के तेज गेंदबाज रुबेल हुसैन ने लिया अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज रुबेल हुसैन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। 36 वर्षीय रुबेल ने बुधवार को अपने फेसबुक अकांउट पर लिखा कि वह बांग्लादेश के लिए खेले गए 159 मैचों के अपने करियर को समाप्त कर रहे हैं। रुबेल ने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच अप्रैल 2021 में ऑकलैंड में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था। उसके बाद से चोटों के कारण उनकी भागीदारी सीमित होती गई। उन्होंने कहा हालांकि, मैं घरेलू क्रिकेट खेलना जारी रखना चाहता हूं।

डेब्यू पर 4 विकेट लेकर फैलाई थी सनसनी

रुबेल वनडे डेब्यू पर 4 विकेट लेने वाले पहले बांग्लादेशी गेंदबाज हैं। उन्होंने 2009 में श्रीलंका क्रिकेट के खिलाफ 33 रन देकर 4 विकेट चटकाते हुए टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। इसी तरह उन्होंने वनडे विश्व कप 2015 में इंग्लैंड के खिलाफ चार गेंदों के अंतराल में इयान बेल और कप्तान इयोन मॉर्गन को आउट करने के बाद स्टुअर्ट ब्रॉड और जेम्स एंडरसन को पवेलियन भेजा था। उन्होंने 53/4 के आंकड़ों से टीम को जीत दिलाई थी।

ऐसा रहा है रुबेल का अंतरराष्ट्रीय करियर

रुबेल ने जनवरी 2009 में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का आगाज किया था। उन्होंने बांग्लादेश के लिए 27 टेस्ट मैचों में 76.77 के औसत से 36 विकेट लिए हैं। 5/166 उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। वह 104 वनडे में 34.31 की औसत से 129 विकेट लेने में सफल रहे हैं। उन्होंने 7 बार 4 और एक बार 5 विकेट हॉल लिया है। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 6/26 का रहा है। उन्होंने 28 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भी 28 विकेट अपने नाम किए हैं।

फ्रेंच ओपन की इनामी राशि सात करोड़ डॉलर से अधिक हुई

पेरिस। फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट की इनामी राशि में लगभग 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है जिससे कुल इनामी राशि छह करोड़ 17 लाख यूरो (सात करोड़ 21 लाख डॉलर) हो गई है। यह कुल राशि पिछले साल के मुकाबले 53 लाख यूरो अधिक है। प्रतियोगिता 24 मई को पश्चिमी पेरिस के रोलां गैरो में शुरू होगी। पुरुष और महिला एकल चैंपियन को 28 लाख यूरो और उप विजेता को 14 लाख यूरो मिलेंगे। सेमीफाइनल में पहुंचने वाले खिलाड़ियों को सात लाख 50 हजार यूरो और पहले दौर में हारने वाले खिलाड़ियों को 87 हजार यूरो मिलेंगे।

युद्ध के बावजूद ईरान फीफा विश्व कप में भाग लेगा

वाशिंगटन। विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने कहा कि अमेरिका के साथ युद्ध के बावजूद ईरान विश्व कप में 'निश्चित रूप' भाग लेगा। इन्फेंटिनो ने सीएनबीसी के इन्वेस्ट इन अमेरिका फोरम में कहा कि ईरान का विश्व कप में भाग लेना महत्वपूर्ण है। अमेरिका और इजराइल के हमले के बाद ईरान के इस प्रतियोगिता में भाग लेने को लेकर संदेह व्यक्त किया जा रहा है। फीफा अध्यक्ष ने दो सप्ताह पहले तुर्की के अंताल्या में ईरान की राष्ट्रीय टीम से मुलाकात की थी।

इंडियन प्रीमियर लीग

चोट से जूझ रहे खलील अहमद और डेविड पायने टूर्नामेंट से हुए बाहर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग में चेन्नई सुपरकिंग्स को बड़ा झटका लगा है और सनराजर्स को बड़ा झटका लगा है। दोनों के ही तेज गेंदबाज चोट के कारण बचे हुए टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। सीएसके टीम के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद 14 अप्रैल को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अपने हालिया मैच में जांघ की मांसपेशियों में चोट के कारण शेष टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। सीएसके प्रबंधन ने गुरुवार को सोशल मीडिया के जरिए इसकी पुष्टि की है। यह खिलाड़ियों की चोट से जूझ रही सीएसके के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। वहीं एसआरएच के तेज गेंदबाज डेविड पायने भी चोट के कारण बचे हुए सीजन से बाहर हो गए हैं।

एसआरएच से पायने हुए बाहर

वहीं आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद ने अपना अगला मैच 18 अप्रैल को चेन्नई सुपरकिंग्स से खेलना है। इस मैच से पहले एसआरएच के लिए बुरी खबर है। एसआरएच के तेज गेंदबाज डेविड पायने चोट के चलते पूरे सीजन से बाहर हो गए हैं। वह टखने में चोट लगने के कारण आगामी मैचों में खेलते हुए नहीं दिखाई देंगे। एसआरएच ने आधिकारिक तौर पर ये ऐलान किया है।

ऐसे लगी थी खलील को चोट

एमए चिदंबरम स्टेडियम में केकेआर के खिलाफ मैच में खलील ने शानदार गेंदबाजी की और सुनील नरेन का अहम विकेट लिया। हालांकि, अपने 4 ओवर के स्पेल की आखिरी गेंद फेंकने के लिए दौड़ते समय उन्हें बाईं जांघ में तकलीफ महसूस हुई। इसके बाद वह आखिरी गेंद भी नहीं फेंक सके।

आईजीपीएल गोल्फ : माने, सोनी और शाह संयुक्त बढ़त पर

जोहानिसबर्ग। ओलंपियन उदयन माने, मिलिंद सोनी और मानव शाह ने यहां आईजीपीएल इनविटेशनल साउथ अफ्रीका गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में समान सात अंडर 65 का स्कोर बनाकर संयुक्त बढ़त हासिल की। यह तीनों खिलाड़ी पिछले साल के आईजीपीएल रैंकिंग विजेता पुखराज सिंह गिल (66) से एक शॉट आगे हैं। गगनजीत भुल्लर, करनदीप कोचर और सार्थक छिब्बर पांच अंडर 67 के स्कोर के साथ संयुक्त पांचवें स्थान पर हैं। पहले दिन के बाद महिला खिलाड़ियों में विधात्री उर्स और वाणी कपूर सबसे आगे हैं।

न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रायपुर

क्रमांक/40/ब-121/2025-26 169 **नोटिस** रायपुर, दिनांक 01 अप्रैल, 2026

प्रति, 1. सुनिल निर्मलकर व.मुकेश निर्मलकर
2. नेहा निर्मलकर पति सुनिल निर्मलकर
दोनो निवासी फ्लैट नं. बी-104 प्रथम तल शांति इनक्लेव मंजित हाईट्स के पास रायपुरा जिला रायपुर
3. सूरज पटेल व.राम प्रसाद (जमानतदार) म.नं. 842 करण नगर साहू आटा चक्की न्यू चंगोराभाठा जिला रायपुर

आवेदक प्राधिकृत अधिकारी छ.ग. राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स) सेक्टर-24 अटल नगर नवा रायपुर की ओर से अभिषेक शुक्ला अधिवक्ता ने आवेदन पत्र / शपथपत्र मय दस्तावेज प्रस्तुत कर, आवेदन पत्र से आपने बैंक से 24,00,000.00 रूपये का ऋण प्राप्त कर, सुनिल निर्मलकर एवं नेहा निर्मलकर के संयुक्त स्वामित्व की अचल संपत्ति बैंक के पक्ष में बंधक रखा है। आपके द्वारा ऋण की अदायगी नहीं की जा रही है। जिसके कारण बैंक ने आपको अधिनियम की धारा 13 के तहत नोटिस जारी किया गया कि आप ऋण की अदायगी मय ब्याज एवं अन्य शुल्क रूपया 27,01,067.00 अदा करे, अन्यथा बंधक रखी गई संपत्ति बैंक अपने हक में प्राप्त कर लेगी कि जानकारी दी जाकर, बैंक के पक्ष में आपके द्वारा लिये गये ऋण के एवज में बंधक रखी संपत्ति का कब्जा दिलाये जाने का निवेदनकिया है।

2/ आपने प्राधिकृत अधिकारी छ.ग. राज्य सहकारी बैंक शाखा शारदा चौक रायपुर से 24,00,000.00 रूपये का ऋण प्राप्त कर मौजा रायपुरा प.ह.नं. 104/57 वार्ड नं. 68 रायपुर स्थित ख.नं. 678/3, 678/4, 680/2 का भाग पर निर्मित शांति इनक्लेव के प्रथम तल पर फ्लैट नं. बी-104 रकबा 815 वर्गफुट बैंक के पक्ष में बंधक रखा है।

3/ अतः आपके द्वारा लिये गये ऋण के एवज में उपरोक्त बंधक रखी गई अचल संपत्ति को वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये क्यों न आधिपत्य में लेने की कार्यवाही की जावे। आप स्वयं अथवा अपने नियुक्त अभिभाषक के माध्यम से ऋण से संबंधित एवं बंधक रखी गई संपत्ति से संबंधित दस्तावेज लेकर पक्ष प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय में पेशी दिनांक 27.04.2026 को ठीक 3.00 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करे। नियत तिथि में उपस्थित नही होने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर, प्रकरण में निर्णय ले लिया जावेगा। आज दिनांक 01 अप्रैल, 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रायपुर

क्रमांक/42/ब-121/2025-26/171 **नोटिस** रायपुर, दिनांक 01 अप्रैल, 2026

प्रति, 1. सुनिता विश्वकर्मा पति गोपाल
2. श्री गोपाल विश्वकर्मा व.दुखित राम
निवासी शिव विहार कालोनी तिवारी बंगला के सामने शश्वत नगर बोरियाखुर्द जिला रायपुर

आवेदक प्राधिकृत अधिकारी छ.ग. राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स) सेक्टर-24 अटल नगर नवा रायपुर की ओर से अभिषेक शुक्ला अधिवक्ता ने आवेदन पत्र / शपथपत्र मय दस्तावेज प्रस्तुत कर, आवेदन पत्र से आपने बैंक से 19,00,000.00 रूपये का ऋण प्राप्त कर, सुनिता विश्वकर्मा के स्वामित्व की अचल संपत्ति बैंक के पक्ष में बंधक रखा है। आपके द्वारा ऋण की अदायगी नही की जा रही है। जिसके कारण बैंक ने आपको अधिनियम की धारा 13 के तहत नोटिस जारी किया गया कि आप ऋण की अदायगी मय ब्याज एवं अन्य शुल्क रूपया 20,99,988. 00 अदा करे, अन्यथा बंधक रखी गई संपत्ति बैंक अपने हक में प्राप्त कर लेगी कि जानकारी दी जाकर, बैंक के पक्ष में आपके द्वारा लिये गये ऋण के एवज में बंधक रखी संपत्ति का कब्जा दिलाये जाने का निवेदन किया है।

2/ आपने प्राधिकृत अधिकारी छ.ग. राज्य सहकारी बैंक शाखा शारदा चौक रायपुर से 19,00,000.00 रूपये का ऋण प्राप्त कर मौजा बोरियाखुर्द प.ह.नं. 71 वार्ड नं. 52 रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि ख.नं. 264/82 रकबा 640.6 वर्गफुट पर निर्मित मकान बैंक के पक्ष में बंधक रखा है।

3/अतः आपके द्वारा लिये गये ऋण के एवज में उपरोक्त बंधक रखी गई अचल संपत्ति को वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये क्यों न आधिपत्य में लेने की कार्यवाही की जावे। आप स्वयं अथवा अपने नियुक्त अभिभाषक के माध्यम से ऋण से संबंधित एवं बंधक रखी गई संपत्ति से संबंधित दस्तावेज लेकर पक्ष प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय में पेशी दिनांक 27.04.2026 को ठीक 3.00 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करे। नियत तिथि में उपस्थित नही होने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर, प्रकरण में निर्णय ले लिया जावेगा। आज दिनांक 01 अप्रैल, 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी, रायपुर (छ.ग.)

SBI भारतीय स्टेट बैंक सुंदर नगर, शाखा जिला-रायपुर | **आम सूचना**

हमें यह घोषणा करते हुए प्रसन्ता हो रही है कि **2 मई 2026** से **8 मई 2026** के बीच हमारी भारतीय स्टेट बैंक की सुंदर नगर शाखा क्रमांक 12326 अधिक सुविधाजनक और विशाल स्थान पर स्थानांतरित हो रही है। **नया पता आर.एन. टावर, भूतल, मेन रोड, सुंदर नगर, रायपुर (छ.ग.)** है। हमारे टेलीफोन नंबर **0771-2243929** है।

हम यह भी सलाह देते हैं कि नए परिसर में लॉकरों के परिवहन और पुनः स्थापना के कारण **2 मई 2026** से **8 मई 2026** के बीच लॉकर सेवायें बाधित हो सकती है। यदि आप अपने लॉकर की सामग्री हटाना चाहतें हैं, तो कृपया अंतिम समय की भीड़ से बचने के लिए, स्थानांतरण की तिथि से कम से कम 7 दिन पहले ऐसा करें इसके आलावा आपके पास सुविधा बदलने या बंद करने का विकल्प भी है।

हम नए स्थान से आपको बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए तत्पर हैं। **(शाखा प्रबंधक)**

न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, रायपुर

नोटिस

क्रमांक/72/ब-121/2025-26/147 रायपुर, दिनांक 16 मार्च 2026

प्रति,

1. **मे. मां चंडी स्टील ट्रेडर्स** द्वारा सभी पार्टनर्स एवं गारंटर भरेंगाभाठा चौक, अभनपुर कचना, धमतरी रोड, जिला- रायपुर.
2. **श्री चंद्रीका सिंग यादव पिता एल. एस. यादव**, निवासी- 12/7 प्लाट नं. 7, उत्तर वसुंधरा नगर, भिलाई चरौदा, जिला- दुर्ग.
3. **श्री घनश्याम सिंग साहू** निवासी- 159 धीमरपारा, ग्राम- रनवा, पो. व तहसील तरसींवा, जिला- धमतरी.

आवेदक **प्राधिकृत अधिकारी युनियन बैंक आफ इंडिया, शाखा चरोदा-भिलाई जिला-दुर्ग** की ओर से **रोजी खनूजा अधिवक्ता** ने आवेदन पत्र/ शपथपत्र मय दस्तावेज प्रस्तुत कर आवेदन पत्र से आपने बैंक से **25,00,000.00 रूपये** का ऋण प्राप्त कर, **डगेश्वर साहू** के स्वामित्व की अचल संपत्ति बैंक के पक्ष में बंधक रखा है। आपके द्वारा ऋण की अदायगी नही की जा रही है। जिसके कारण बैंक ने आपको अधिनियम की धारा 13 के तहत नोटिस जारी किया गया कि आप ऋण की अदायगी मय ब्याज एवं अन्य शुल्क **रूपया 16,69,014.02** अदा करे, अन्यथा बंधक रखी गई संपत्ति बैंक अपने हक में प्राप्त कर लेगी कि जानकारी दी जाकर, बैंक के पक्ष में आपके द्वारा लिये गये ऋण के एवज में बंधक रखी संपत्ति का कब्जा दिलाये जाने का निवेदन किया है।

2/ आपने **प्राधिकृत अधिकारी युनियन बैंक आफ इंडिया शाखा चरोदा-भिलाई जिला- दुर्ग** से **25,00,000.00 रूपये** का ऋण प्राप्त कर मौजा- बोरियाखुर्द प.ह.नं. 118 रायपुर स्थित ख.नं. 106/1 का भाग रकबा 1000 वर्गफुट बैंक के पक्ष में बंधक रखा है।

3/ अतः आपके द्वारा लिये गये ऋण के एवज में उपरोक्त बंधक रखी गई अचल संपत्ति को वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये क्यों न आधिपत्य में लेने की कार्यवाही की जावे। आप स्वयं अथवा अपने नियुक्त अभिभाषक के माध्यम से ऋण से संबंधित एवं बंधक रखी गई संपत्ति से संबंधित दस्तावेज लेकर पक्ष प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय में पेशी **दिनांक 20.04.2026** को ठीक **3.00 बजे** उपस्थित होना सुनिश्चित करे। नियत तिथि में उपस्थित नही होने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर, प्रकरण में निर्णय ले लिया जावेगा।

आज **दिनांक 16 मार्च, 2026** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रायपुर (छ.ग.)

No. 2
व्यवहार न्यायालय गुण्डरदेही
न्यायालय का नाम श्री प्रशांत कुमार देवांगन व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, गुण्डरदेही, बालोद

विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए समन (O. 5, R. 1, 5.)
व्यवहार वाद ब/4/2022
आईसीआईसीआई बैंक लिमि द्ववारा मैनेजर उत्तम कुमार
बनाम
सीताराम अन्य
NEXT DATE: 04-05-2026
प्रोसेस नं. 127/26

प्रेषिती,
ढालेश्वरी पिता स्व. सीताराम, पति संजीवन वर्तमान पता- झुरानदी, तह. छुईखदान जिला खैरागढ (छ.ग.), CHHATTISGARH

चूँकि वादी आईसीआईसीआई बैंक लिमि द्वारा मैनेजर उत्तम कुमार ने आपके विरुद्ध दावा वास्ते हेतु वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 04-05-2026 को दिन में 10:30 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक् अनुदेश दिए गए हों और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों के उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजें जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिसादन का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हो, अपनी प्रतिरक्षा या प्रतिसादन के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसे दस्तावेजों की लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक को अवकाश घोषित हो जाये या पीठासीन अधिकारी के अवकाश होने पर प्रकरण अगले कार्य दिवस पर रखा जावेगा और अगर आप अगले कार्य दिवस पर अनुपस्थित रहते हैं तो प्रकरण में आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जा सकेगी।
यह आज तारीख 04-04-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया।

(प्रशांत कुमार देवांगन)
व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, गुण्डरदेही, जिला बालोद (छ.ग.)

No. 2
व्यवहार न्यायालय गुण्डरदेही
न्यायालय का नाम श्री प्रशांत कुमार देवांगन व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, गुण्डरदेही, बालोद

विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए समन (O. 5, R. 1, 5.)
व्यवहार वाद ब/4/2022
आईसीआईसीआई बैंक लिमि. द्वारा मैनेजर उत्तम कुमार
बनाम
सीताराम अन्य
NEXT DATE: 04-05-2026
प्रोसेस नं. 126/26

प्रेषिती,
जामुनबाई पिता सीताराम, पति महेश मंडावी वर्तमान पता जामनारा, पोस्ट बोरी, तहसील व जिला राजनांदगाँव RAJNANDGAON, CHHATTISGARH

चूँकि वादी आईसीआईसीआई बैंक लिमि द्वारा मैनेजर उत्तम कुमार ने आपके विरुद्ध दावा वास्ते हेतु वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 04-05-2026 को दिन में 10:30 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक् अनुदेश दिए गए हों और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों के उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजें जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिसादन का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हो, अपनी प्रतिरक्षा या प्रतिसादन के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसे दस्तावेजों की लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक को अवकाश घोषित हो जाये या पीठासीन अधिकारी के अवकाश होने पर प्रकरण अगले कार्य दिवस पर रखा जावेगा और अगर आप अगले कार्य दिवस पर अनुपस्थित रहते हैं तो प्रकरण में आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जा सकेगी।
यह आज तारीख 04-04-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया।

(प्रशांत कुमार देवांगन)
व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, गुण्डरदेही, जिला बालोद (छ.ग.)

24 हजार साल बाद 'नींद' से जागा पाषाण युग का यह रहस्यमयी जीव

जिंदा होते ही जो किया उसे देख वैज्ञानिक भी हैरान!

मास्को। जरा सोचिए कि कोई जीव तब गहरी नींद में सो गया हो जब इस धरती पर हिम युग रहा हो, धरती पर चारो तरफ बर्फ ही बर्फ हो और आज के आधुनिक युग में जब वह जागा, तो बिल्कुल वैसा ही था जैसा हजारों साल पहले था। रूस के साइबेरियाई इलाके में वैज्ञानिकों को कुछ ऐसा ही मिला है जिसे सुनकर प्रकृति के नियमों पर यकीन करना मुश्किल हो सकता है। वैज्ञानिकों ने परतों में 24,000 साल से दबे एक सूक्ष्म जीव को पुनर्जीवित कर लिया है, जीव होश में आते ही अपनी नई दुनिया भी बसानी शुरू कर दी। रूस के वैज्ञानिकों ने साइबेरिया की जमी हुई बर्फ से एक ऐसे छोटे जीव की खोज की है, जो बीते 24,000 सालों से बर्फ में जमा था, मानों कोमा वाली स्थिति में था। जैसे ही रूसी वैज्ञानिकों ने इसे गर्माहट देकर पिघलाया, तो वह न सिर्फ जिंदा हो गया, बल्कि इसने प्रजनन करना भी शुरू कर दिया।

क्या है यह जीव?

रूसी वैज्ञानिक ने जिस जीव को खोजा है उसका नाम रॉटिफर है। यह एक बहुकोशिकीय जीव है जो आमतौर पर मीठे पानी में मिलता है। रॉटिफर्स अपनी मजबूती के लिए जाने जाते हैं; ये कम ऑक्सीजन, भुखमरी और बहुत ही ज्यादा ठंड में भी जीवित रह सकते हैं। अब तक माना जाता था कि ये जीव जमने के बाद सिर्फ 10 साल तक जीवित रह सकते हैं, लेकिन इस नई खोज ने पुराने सभी रिकॉर्ड को तोड़ दिए हैं।

कैसे हुआ यह चमत्कार?

रूस के सॉयल क्रायोलॉजी लेबोरेटरी के वैज्ञानिकों ने साइबेरिया की अलाजेया नदी के पास मिट्टी के नमूने लिए थे। इसके बाद रेडियोकार्बन डेटिंग हुआ जिसमें पता चला कि यह जीव करीब 24,000 साल पुराना है। वैज्ञानिकों के मुताबिक यह जीव क्रिप्टोबायोसिस स्थिति में चला गया था। इस अवस्था में शरीर का मेटाबॉलिज्म करीब करीब पूरी तरह रुक जाता है, जिससे जीव हजारों सालों तक शांत अवस्था में बना रहता है।

मानव भविष्य के लिए क्यों है अहम?

रिसर्च के लेखक स्टैस मालविन का कहना है कि एक जटिल बहुकोशिकीय जीव जिसके पास दिमाग और पाचन तंत्र भी होता है, को इतने सालों बाद जीवित होना एक बड़ी उपलब्धि है। यह कई फिक्शन लेखकों के सपने जैसा है। लेकिन, इंसानों के लिए अभी यह संभव नहीं है, लेकिन फिर भी एक छोटे जीव का सिंगल सेल से निकलकर जटिल संरचना के साथ वापस लौटना विज्ञान के लिए एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

कैलिफोर्निया का यह पेड़ है जंगल का 'नेचुरल एसी'

वॉशिंगटन। धरती पर जब भी सबसे वजनी जीव की बात होती है, तो ब्लू व्हेल का नाम सबसे ऊपर आता है, लेकिन कैलिफोर्निया का एक पेड़ इस दावे को भी छोटा कर दे रहा है। जनरल शर्मन नाम का एक पेड़ 14 ब्लू व्हेल्स से भी ज्यादा वजनी है। सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बात इसकी बनावट है। इतना वजनी होने के बाद भी इसकी जड़ें मात्र 6 फीट गहरी हैं। यह पेड़ वनस्पति विज्ञान के सारे पैमानों को छोटा साबित कर देता है।

विशाल पेड़ का नाम है जनरल शर्मन

कैलिफोर्निया में स्थित सेक्वाइया नेशनल पार्क में मौजूद इस विशाल पेड़ का नाम जनरल शर्मन है। नेशनल पार्क सर्विस के डेटा के मुताबिक, जनरल शर्मन पेड़ के सिर्फ तने का ही आयतन ही 52,500 क्यूबिक फीट है। अगर इसकी टहनियों और जड़ों के वजन को भी शामिल कर लिया जाए, तो इसका कुल वजन करीब 2,100 टन तक पहुंच जाता है। एक औसत ब्लू व्हेल का वजन 150 से 190 टन होता है, इस लिहाज से यह अकेला पेड़ एक दर्जन से ज्यादा व्हेल्स से भारी है।

2100 टन वजन, लेकिन जड़ें सिर्फ 6 फीट गहरी!

चलते-फिरते वाटर प्यूरीफायर

यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार ये पेड़ सिर्फ शोपीस नहीं होते हैं, बल्कि चलते-फिरते वाटर प्यूरीफायर और एयर कंडीशनर का भी काम करते हैं। एक मैच्योर सेक्वाइया पेड़ अपनी पत्तियों और हाइड्रोलिक प्रेशर के जरिए हर दिन सैकड़ों गैलन पानी वाष्पित करता है। इससे न सिर्फ जल चक्र बना रहता है, बल्कि जंगल का तापमान भी नियंत्रित रहता है, जिससे हजारों दूसरे प्रजातियों को जीवन मिलता है।

क्यों नहीं रुक रही इसकी ग्रोथ?

ज्यादातर इस प्रजाति के पेड़ एक समय के बाद बढ़ना बंद कर देते हैं, लेकिन सेक्वाइया के साथ ऐसा नहीं हुआ है। यह अपनी पूरी जिंदगी जो करीब 3,000 साल तक हो सकती है, तक बढ़ सकता है। वैज्ञानिकों ने पाया कि इसकी छाल में टैनिन नाम का केमिकल बहुत ज्यादा है। यह केमिकल इसे कीड़ों के हमले, सड़न और यहां तक कि आग से भी बचाता है। यही कारण है कि यह पेड़ सदियों तक जीवित रहकर भी भारी मात्रा में कार्बन सोखता रहता है।



कोई मेन जड़ यानी टैपरूट नहीं होती है

सबसे हैरान कर देने वाली बात तो यह है कि इतने लाखों किलो वजनी इन पेड़ों की कोई मेन जड़ यानी टैपरूट नहीं होती है। इनकी जड़ें जमीन में मुश्किल से 6 से 12 फीट गहरी होती हैं।

- तो फिर इतने वजनी पेड़ कैसे टिके होते हैं?
- इनकी जड़ें गहराई के बजाय 100 से 150 फीट चौड़ाई में फैली हुई होती हैं।
- ये जड़ें आसपास के दूसरे सेक्वाइया पेड़ों की जड़ों के साथ गुंथ जाती हैं।
- यह एक अंडरग्राउंड नेटवर्क या चटाई जैसा स्ट्रक्चर बना लेती हैं जो 1,500 टन के इन पेड़ों को गिरने से बचाता है।

देवी की मूर्ति के नीचे दफन है अरबों की दौलत?

शिवपुरी। इतिहास की किताबों में राजा नल और दमयंती की कहानियां तो लगभग हर किसी ने सुनी होंगी, लेकिन मध्यप्रदेश के ग्वालियर के पास नरवल किले में इन दिनों कुछ अलग ही कहानी चल रही है। नरवल किले की एक ऐसी लोककथा, जिसमें अरबों के सोने और सदियों पुराने शाही खजाने का जिक्र है। कहा जाता है कि यहां की लेटी हुई देवी की प्रतिमा के नीचे राजा की दौलत दफन है। इस दावे को लेकर चौंकाने वाला खुलासा तक हुआ, जब एएसआई संरक्षित क्षेत्र में एक गहरी सुरंग सामने आई। सिक्कों की गूंज और धातु की आवाज ने खजाना चोरों को दावत दी, और

नरवर किले में ट्रेजर हंटर्स की इस गुस्ताखी से मचा हड़कंप

फिर। मध्य प्रदेश के ग्वालियर के पास शिवपुरी जिले में स्थित ऐतिहासिक नरवर किले में खजाने की खोज को लेकर हैरान कर देने वाला मामला आया है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण यानी एएसआई द्वारा संरक्षित इस प्राचीन किले में संदिग्ध शिकारियों ने मां पसार देवी मंदिर के पीछे करीब 20 फीट गहरी सुरंग खोद डाली है।

राजा नल और खजाने की लोककथा

चोरी से इस सुरंग की खुदाई के पीछे की प्रमुख वजह है इस किले के मंदिर को लेकर पुरानी लोककथा है। स्थानीय मान्यता है कि राजा नल ने अपना राज्य हारने के बाद अपने शाही खजाने की सुरक्षा के लिए मां पसार देवी की लेटी हुई मूर्ति को किले के द्वार पर स्थापित किया था। लोगों का मानना है कि इस मूर्ति के ठीक नीचे आज भी राजा का पूरा खजाना दबा हुआ है।

कैसे हुआ खुलासा?

स्थानीय लोगों के मुताबिक मंदिर के पीछे झाड़ियों से छिपाकर यह खुदाई हुई थी। इस मौके पर पहुंची पुलिस टीम को वहां से खुदाई के औजार, एरोसोल स्प्रे कैन और कंबल मिले हैं। इन सामानों से अंदाजा लगाया जा रहा है कि आरोपी कई दिनों से वहां रात के समय में सुरंग खोज रहे थे और दिन में सुरंग को झाड़ियों से ढक दिया करते थे, जिससे किसी को शक हो ही ना। खजाने के इस दावे को और भी बल मिलता है देवी मूर्ति के पास एक ऐसी जगह है, जहां सिक्का डालने पर धातु से टकराने जैसी गूंज सुनाई देती है। इसी आवाज ने खजाना होने के संभावना को और बल दिया।

Terms and Conditions applied. #5% Instant Cashback up to Rs. 5000 is available on all HMSI models for EMI transactions made using HDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of Rs. 40000 (Tenure 6 months & above). #Instant Cashback of up to Rs. 4000 is available on selected HMSI models for EMI transactions using IDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of Rs. 40000 (Tenure 9 months & above). #The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. #The Instant Cashback offer is valid until 30th April 2026. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 30th April 2026. The feature shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

डीलर विवरण के लिए QR कोड स्कैन करें

Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

Honda Exclusive Authorized Dealerships: RAIPUR: A City Honda - 8871906000; G.K Honda - 8058254444; Grand Honda - 8889663336; Varun Honda - 9977248100; A City Honda (Bhatagaon) - 9644132000; A City Honda (Kalibadi) - 9755887766; Varun Honda (Fafadih) - 9617078000; GK Honda (Motibagh) - 8120730003; Hemant Honda (Nawapara, Rajim) - 9165460474; AARANG: V Shree Honda - 9993908971; ABHANPUR: Patel Honda - 9009328660; BAGBHARA: Sri Sai Honda - 7697767777; BALODA BAZAR: Kiran Honda - 7049518181; BASNA: Laxmi Honda - 9174137571; BEERGAON: Vishwanath Honda - 9300133077; PALARI: Shri Ram Honda - 9669537645; BEMETARA: Sri Rama Honda - 8827050000; BHAKARA: Nitesh Honda - 9907975628; BHATAPARA: Kiran Honda - 9111353292; BHILAI: Aan Honda (Nehru Nagar) - 8518020999; Aan Honda (Powerhouse) - 8518020777; BIJAPUR: Ansh Honda - 9424299203; CHARODA: Rahul Honda - 9827193194; CHARAMA: Neeraj Honda - 9425230052; CHUIKHADAN: Shri Radhey Honda - 9691692500; DALLIRAJHARA: Shri Subh Honda - 9406082344; Shri Subh Honda (Balod) - 9425564232; DHAMTARI: ShriShyam Honda - 9827900750; DHARSIVA: R S.Honda - 9669880000; DONGARGARH: Gagan Honda - 9425560030; DURG: Shree Sairam Honda - 8458882333; Dharamsheela Honda (Dhamdha) - 9303035678; FINGESHWAR: Bangani Honda - 9425402966; GIDHORI: Subhkamana Auto - 9575569608; GUNDERDEHI: Sapan Honda - 7354340000; GURUR: Baba Honda - 9827936712; Shri Ji Honda - 7000167266; NARAYANPUR: Shri Ji Honda - 9406341563; JAGDALPUR: Waheguru Honda - 7587006395; KONDAGAON: Danteshwari Honda - 9294566660; SUKMA: Akash Honda - 9424287457; PHARASGAON: Shri Deo Honda - 9993861735; KANKER: Shivnath Honda - 7970005301; KASDOL: Laxmi Honda - 8871233553; BHATGAON: Kiran Honda 9753264986; LAWAN: Kiran Honda 8889415022; SANDI: Kiran Honda 9039006981; LIMTARA: Mahalaxmi Honda - 7047015877; SARSIWA: Pratham Honda - 8770799808; SIMGA: Shiv Honda - 8319973368; SUHELA: Rajju Honda - 8819986810; KESHKAL: Chattishgarh Honda - 9993293467; KHAIRAGARH: Akshat Honda - 9406534734; KURUD: Shri Shyam Honda - 07705223590; MAGALOAD: Dewangan Honda - 9098136447; MAHASAMUND: Sri Aryan Honda - 8120070000; NAGRI: Nahta Honda - 9424211105; NAWAGARH: Raja Honda - 9826067896; PAKHANJUR: Disha Honda - 6261666932; PANDUKA (GARIABAND): Shresth Honda - 8109902966; RAJIM: Gulab Honda - 8839708788; RAJNANDGAON: Anshdeep Honda - 9425559359; Manraj Honda - 8435999991; Rakesh Honda (Dongarhgaon) - 8815055550; Ashirwad Honda (Churiya) - 9826338415; Shyam Honda (Saragaon) - 8461930088; SEJBAHAR: R.S Honda - 9754123000; KHARORA: B.K Honda - 9867224777; TILDA: Agrawal Honda - 9424200104; UTAI: Ganpati Honda - 09926083389; SARAIPALI: Pukraj Honda - 8889798000.

For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com